सच, सिर्फ सच

वॉयस ऑफ लखनऊ

शुक्रवार, 21 अगस्त , 2026   लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 44, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper   voiceoflucknow@gmail.com   www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स में 628 अंकों की उछाल

घरेलू शेयर बाजार में तेजी लौटी व बीएसई सेंसेक्स 628 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी सात दिन से जारी गिरावट से उबरते हुए 153 अंक के लाभ में रहा। } 10

वंदे मातरम् के सिर्फ दो अंतरे गाने का फैसला राष्ट्र विरोधी : शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि वंदे मातरम के केवल दो अंतरे गाने का पार्टी का फैसला राष्ट्र-विरोधी है। }12

युवाओं को रोजगार दिलाना प्राथमिकता

आईटीआई को उद्योगों से जोड़कर युवाओं को रोजगार से जोड़ें : योगी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग की कार्ययोजना की समीक्षा करते हुए आईटीआई को अधिक से अधिक उद्योगों से जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उद्योगों की जरूरत के अनुरूप पाठ्यक्रम और प्रशिक्षण विकसित किए जाएं तथा अप्रेंटिसशिप और ऑन-जॉब ट्रेनिंग को बढ़ावा दिया जाए, ताकि युवाओं को प्रशिक्षण के बाद बेहतर रोजगार मिल सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कौशल विकास को केवल प्रशिक्षण तक सीमित न रखते हुए रोजगार, स्वरोजगार और वैश्विक अवसरों से जोड़ा जाए। आईटीआई और उद्योगों के बीच निरंतर संवाद की व्यवस्था हो तथा प्रत्येक मंडल मुख्यालय पर नियमित रोजगार मेलों का आयोजन सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने सेंटर फॉर इनोवेशन, इन्वेंशन, इन्क्यूबेशन एंड ट्रेनिंग (सीआईआईआईटी) केंद्रों की प्रगति की समीक्षा करते हुए गोरखपुर, मुजफ्फरनगर और बरेली में केंद्रों का संचालन जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने इन्हें आधुनिक तकनीक और उद्योग आधारित प्रशिक्षण के उत्कृष्ट केंद्र के रूप में विकसित करने को कहा। बैठक में बताया गया कि टाटा टेक्नोलॉजीज के सहयोग से 150 राजकीय आईटीआई के उन्नयन का कार्य चल रहा है, जबकि 62 अन्य आईटीआई के उन्नयन की प्रक्रिया भी आगे बढ़ रही है। उद्योगों के सहयोग से 37 राजकीय आईटीआई में एडवांस स्किल लैब ...शेष पृष्ठ 10 पर

सर्वोदय विद्यालयों के संचालन में व्यापक बदलाव की जरूरत

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाज कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक में जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों के संचालन में व्यापक बदलाव की आवश्यकता जताते हुए सुस्पष्ट नियमावली तैयार करने और प्रभावी प्रबंधन व्यवस्था विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों को जल्द भरने के साथ विद्यार्थियों की जरूरत के अनुसार आवश्यक स्टाफ उपलब्ध कराने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आवासीय ...शेष पृष्ठ 10 पर

बैंक कर्मी ने की पत्नी व बहन की हत्या, खुद को भी गोली से उड़ाया

विशेष संवाददाता

लखनऊ। गोमतीनगर थाना क्षेत्र में गुरुवार को दिनदहाड़े पत्नी दिव्या मिश्रा और बहन तूलिका की हत्या करने के बाद एसबीआई के एकाउंटेंट मानस बाजपेई ने खुद को भी गोली मारकर जान दे दी। घंटेभर के भीतर हुईं तीन मौतों से राजधानी पुलिस के हात पांव फूल गए। भारतीय स्टेट बैंक में अकाउंटेट के पद पर कार्य कर रहे मानस बाजपेई का पत्नी से करीब तीन वर्ष से विवाद चल रहा था। गोमतीनगर में आईसीआईसीआई बैंक में रिलेशनशिप मैनेजर के पद पर कार्य कर रही दिव्या मिश्रा के पति मानस बाजपेई से संबंध बिगड़ चुके थे और पति को छोड़कर वह आलमबाग क्षेत्र में रह रही थी। दोनों के बीच तलाक को लेकर पारिवारक न्यायालय में मामला विचाराधीन था। पुलिस मौकेपर पहुंची और फोरेंसिक टीम को बुलाया। घटना को लेकर फोरेंसिक टीम जांच कर रही है। मृतका दिव्या मिश्रा (33) यूट्यूबर प्रज्ञा मिश्रा की बहन थीं। मानस और दिव्या ने वर्ष 2017 में प्रेम विवाह किया ...शेष पृष्ठ 10 पर

संक्षेप

कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार का निधन

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार का बृहस्पतिवार को यहां सफदरजंग अस्पताल में निधन हो गया। सज्जन कुमार वर्ष 1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़े एक मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे थे। अस्पताल ने बताया सज्जन कुमार (84) को पुलिस करीब 11 बजे वीएमएमसी एवं सफदरजंग अस्पताल लेकर पहुंची। उन्हें तत्काल भर्ती किया गया और उपचार शुरू किए गए। सभी आवश्यक चिकित्सा एवं जीवन रक्षक उपाय किए जाने के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका और दोपहर 12:30 बजे उनका निधन हो गया। सज्जन कुमार उच्च रक्तचाप और पार्किंसन रोग से पीड़ित थे तथा अतीत में कई बार अस्पताल में भर्ती हो चुके थे।

फखरुल इस्लाम आलमगीर बांग्लादेश के नये राष्ट्रपति

ढाका। सत्तारूढ़ बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के उम्मीदवार मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर बृहस्पतिवार को देश के नये राष्ट्रपति चुने गए। देश में इस पद के लिए 35 साल में पहली बार हुए मुकाबले में 78 वर्षीय आलमगीर ने 255 मत प्राप्त किये। मुख्य निर्वाचन आयुक्त एवं निर्वाचन अधिकारी ए.एम.एम. नासिर उद्दीन ने कहा कि बीएनपी के वरिष्ठ नेता ने अपने प्रतिद्वंद्वी लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) के अध्यक्ष एवं जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व वाले 11-दलीय विपक्षी गठबंधन के उम्मीदवार कर्नल (सेवानिवृत्त) ओली अहमद को हरा दिया। उन्होंने कहा कि आलमगीर को 255 मत मिले, जबकि ओली अहमद को 88 मत प्राप्त हुए।

यूपी पुलिस ने ध्वस्त किया शहजाद भट्टी का नेटवर्क

12 केस दर्ज, 52 गिरफ्तार, आईएसआई के निर्देश पर कटटरपंथ को दे रहे थे बढ़ावा

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस ने सोशल मीडिया के माध्यम से युवाओं को कथित तौर पर कट्टरपंथ की ओर धकेलने, धार्मिक एवं संवेदनशील स्थानों पर हमला करने और राजनीतिक नेताओं को निशाना बनाने की साजिश में शामिल शहजाद भट्टी नेटवर्क के खिलाफ 12 मुकदमे दर्ज कर 52 लोगों को गिरफ्तार किया है।

उत्तर प्रदेश पुलिस की ओर से बृहस्पतिवार को यहां जारी बयान के अनुसार, यह गिरोह कथित रूप से पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई एवं पाकिस्तानी बदमाश शहजाद भट्टी के निर्देश पर काम करता था। आरोप है कि नेटवर्क सोशल मीडिया के जरिए भारतीय युवाओं को भर्ती करता था और बाद में उन्हें कट्टरपंथी बनाया जाता था। बयान के मुताबिक, आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) व स्पेशल

टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर इस वर्ष 26 मई को अभियान चलाया। इस दौरान नेटवर्क से जुड़े करीब 175 संदिग्ध लोगों की जांच की गई। पुलिस ने बताया कि जांच के बाद 12 मुकदमे दर्ज किए गए और 52 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से पिस्तौल, कारतूस, चाकू, ज्वलनशील पदार्थ एवं आपत्तिजनक पोस्टर बरामद किए गए। अधिकारियों के अनुसार, इस मामले में भारतीय न्याय संहिता, गैर कानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम, शस्त्र अधिनियम, शासकीय गुप्त बात अधिनियम और सूचना-प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत लखनऊके एटीएस थाने के अलावा हापुड़, गाजियाबाद और बिजनौर के विभिन्न थानों में मुकदमे दर्ज किए गए हैं। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस ने पिछले महीने केंद्रीय गृह मंत्रालय को पत्र लिखकर शहजाद भट्टी नेटवर्क और उसके सदस्यों को आतंकवादी घोषित करने की मांग की थी। बयान के अनुसार, स्वतंत्रता दिवस से पहले 12 अगस्त को पूरे राज्य में चलाए गए एक संयुक्त अभियान के दौरान शहजाद भट्टी और उसके नेटवर्क से कथित तौर पर जुड़े तथा देश विरोधी एवं आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने के संदेह वाले करीब 62 लोगों को चिह्नित कर उनसे पूछताछ की गई।

भारत-जापान समुद्री सुरक्षा सहयोग करेंगे मजबूत

हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सैन्य तालमेल बढ़ाने का संकल्प

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत और जापान ने समुद्री सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने के लिए बृहस्पतिवार को एक समझौते पर हस्ताक्षर किए और मुक्त एवं खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सैन्य सहयोग में तालमेल बढ़ाने का संकल्प लिया।

यह घोषणा ऐसे समय में हुई है, जब क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य गतिविधियों को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और उनके जापानी समकक्ष शिंजिरो कोइजुमी के बीच हुई वार्ता में दोनों नेताओं ने नौवहन और हवाई मार्गों की स्वतंत्रता एवं सुरक्षा को प्रभावित करने वाली किसी भी एकतरफा कार्वाई तथा बल या दबाव के जरिए यथास्थिति बदलने के प्रयासों का कड़ा विरोध किया। दोनों देशों की ओर से जारी संयुक्त बयान में कहा गया कि राजनाथ और कोइजुमी ने मुक्त एवं खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र की स्थापना के लिए रक्षा सहयोग को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई। बयान में कहा गया दोनों मंत्रियों ने बढ़ते वैश्विक तनाव के दौर में क्षेत्रीय और ...शेष पृष्ठ 10 पर

कई जिलों के बदले पुलिस कप्तान नौ आईपीएस का हुआ तबादला

विशेष संवाददाता

लखनऊ। शासन ने गुरुवार की देर शाम को नौ आईपीएस अधिकारियों के तबादले किये। इसमें पुलिस अधीक्षक, सुलतानपुर चारू निगम को पुलिस अधीक्षक यूपी 112 लखनऊ में स्थानान्तरित किया। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक, गोण्डा विनीत जायसवाल को पुलिस अधीक्षक, सुलतानपुर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मेरठ अविनाश पाण्डेय को पुलिस मुख्यालय पुलिस महानिदेशक कार्यालय से सम्बद्ध किया गया। इसी प्रकार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, झांसी बीबीजीटीएस मूर्ति को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मेरठ, पुलिस अधीक्षक बिजनौर अभिषेक को पुलिस अधीक्षक, गोण्डा, पुलिस अधीक्षक, बलरामपुर विकास कुमार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, झांसी, संभल पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार को बिजनौर का पुलिस अधीक्षक, बाराबंकी पुलिस अधीक्षक विकास चंद्र त्रिपाठी को पुलिस अधीक्षक संभल और हरदोई के अपर पुलिस अधीक्षक मार्तण्ड प्रकाश सिंह को पुलिस अधीक्षक बलरामपुर बनाया गया।

लोकसेवा में नैतिकता व जनहित को दें सर्वोच्च स्थान

मसूरी में प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों से उपराष्ट्रपति ने किया संवाद

प्रमुख संवाददाता

मसूरी (उत्तराखंड)। देश की प्रशासनिक व्यवस्था में अधिकारी का मूल्य उसके पद और अधिकार से नहीं, बल्कि इस बात से तय होता है कि वह आम नागरिक की समस्याओं के प्रति कितना संवेदनशील है और कठिन परिस्थितियों में किस प्रकार निर्णय लेता है। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने मसूरी में प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसेवा में सत्यनिष्ठा, नैतिकता और जनहित को सर्वोच्च स्थान मिलना चाहिए। लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में 2024 बैच के आईएएस प्रशिक्षु अधिकारियों के प्रशिक्षण के दूसरे चरण के समापन समारोह में उपराष्ट्रपति ने कहा कि

सिविल सेवा सरकार की नीतियों और जनता के बीच महत्वपूर्ण सेतु है। नीतियों की सफलता केवल उनके निर्माण से नहीं, बल्कि उनके प्रभावी और ईमानदार क्रियान्वयन से तय होती है। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि वे अपने दायित्व को अधिकार के रूप में नहीं, बल्कि जनता की सेवा का अवसर मानकर निभाएं। उपराष्ट्रपति ने विकसित भारत ...शेष पृष्ठ 10 पर

नीट प्रदर्शन : पुलिस ज्यादतियों के आरोपों की जांच करेगी समिति

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शीर्ष अदालत के पूर्व न्यायाधीश आर. सुभाष रेड्डी की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को पांच सदस्यीय एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति का गठन किया, जो हाल में राष्ट्रीय राजधानी में छात्र प्रदर्शनकारियों पर पुलिस की कथित ज्यादतियों और पुलिसकर्मियों के खिलाफ हुई हिंसा के आरोपों की जांच करेगी।

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने कहा कि इस समिति में पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश रवि शंकर झा, दिल्ली उच्च न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति शालिंदर कौर, सीबीआई के पूर्व निदेशक ऋषि कुमार शुक्ला और मेघालय के पूर्व डीजीपी एल. आर. बिश्नोई भी शामिल हैं। पीठ ने कहा, इस एचपीईसी (उच्चाधिकार प्राप्त जांच समिति) का गठन कई तरह के पहलुओं को ध्यान में रखते हुए किया गया है जिनमें समिति के हर सदस्य की अपनी विशेषज्ञता और अनुभव के साथ-साथ समिति की विविधता और अन्य कारक भी शामिल हैं। न्यायालय ने कहा, हमें पूरा भरोसा है कि एचपीईसी की सिफारिशें इस अदालत के लिए बहुत मददगार साबित होंगी और समिति उन सभी मुद्दों का व्यापक आकलन करेगी, जिन पर गंभीरता से विचार किये जाने की जरूरत ...शेष पृष्ठ 10 पर

पूर्व विधायक अखिलेश सिंह की पुण्यतिथि पर हजारों लोगों ने अर्पित किये श्रद्धा सुमन

हरीशा नन्द मिश्र

रायबरेली। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट एवं उ.प्र. व यूपी ओलंपिक संघ के अध्यक्ष विराज सागर दास ने गुरुवार को रायबरेली सदर से पूर्व विधायक स्वर्गीय अखिलेश सिंह की सातवीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शामिल होकर श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस अवसर पर विराज सागर दास ने कहा कि गरीबों, वंचितों और समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए पूर्व विधायक एवं मेरे श्रद्धेय ससुर अखिलेश सिंह जी का समर्पित जीवन सदैव स्मरणीय रहेगा। उनके विचार आदर्श और जनसेवा की भावना हम सभी के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेंगे। उन्होंने कहा कि

- रॉबिन हुड के नाम से प्रसिद्ध शख्सियत का कोई सानी नहीं : नीरज सिंह
- समाज कल्याण के लिए पूर्व विधायक श्रद्धेय अखिलेश सिंह का जीवन सदैव स्मरणीय : विराज सागर दास
- मेरे पिता का साहस और आशीर्वाद सदैव मेरे साथ : अदिति सिंह

रायबरेली सदर से विधायक अदिति सिंह अपने पूज्य पिताजी के सेवा व जनकल्याण के कार्यों को पूरी निष्ठा के साथ आगे बढ़ा रही हैं। इस अवसर पर जरूरतमंद लाभार्थियों को 150 साइकिल, 20 सिलाई मशीन, ट्राईसाइकिल और चश्मों का वितरण किया गया। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज सिंह ने कहा कि जनपद में रॉबिन हुड के नाम से प्रसिद्ध शख्सियत का कोई सानी नहीं है। निर्भीक व निडर राजनीति करने वाले जन नेता अखिलेश सिंह ने लोगों के हृदय में अपनी जगह बनाई है। आज इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए सदर विधायक अदिति सिंह लोगों का विश्वास जीत चुकी हैं। वहीं सदर विधायक अदिति सिंह ने गणमान्य अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें अपने पिता के समान ...शेष पृष्ठ 10 पर

बीबीडी विश्वविद्यालय में चार दिवसीय दीक्षारंभ-2026 का सफल आयोजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय में नवप्रवेशी विद्यार्थियों के स्वागत एवं उन्हें विश्वविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण से परिचित कराने के उद्देश्य से 17 से 20 अगस्त 2026 तक चार दिवसीय दीक्षारंभ 2026 अभिमुखीकरण कार्यक्रम का सफल आयोजन डॉ. अखिलेश दास गुप्ता सभागार में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन माननीय चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता, प्रो चांसलर विराज सागर दास, वाइस प्रेसिडेंट श्रीमती सोनाक्षी दास, मुख्य कार्यकारी निदेशक आर. के. अग्रवाल एवं कुलसचिव डॉ. सुधरमा सिंह के मार्गदर्शन एवं सहयोग से किया गया। कुलपति प्रो. डॉ. एस. के. श्रीवास्तव, प्रति-कुलपति प्रो. डॉ. एस. सी. शर्मा तथा छात्र कल्याण अधिष्ठाता एवं मुख्य प्रॉक्टर प्रो. डॉ. एस. एम. के. रिजवी ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

प्रथम दिवस, 17 अगस्त को स्कूल ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशंस, स्कूल ऑफ एजुकेशन तथा स्कूल ऑफ मीडिया एंड कम्युनिकेशन के विद्यार्थियों के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें दीप प्रज्वलन, स्वागत संबोधन, विश्वविद्यालय परिचयात्मक वीडियो, छात्र आचार संहिता, छात्रवृत्ति एवं छात्र मंचों की जानकारी तथा संबंधित विद्यालयों का परिचय कराया गया। विद्यार्थियों को केंद्रीय छात्र मंच, विद्यार्थी ईआरपी, प्रशिक्षण एवं नियोजन प्रकोष्ठ, राष्ट्रीय कैडेट कोर, राष्ट्रीय सेवा योजना, परीक्षा प्रकोष्ठ एवं पुस्तकालय व्यवस्था से परिचित कराया गया। शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति ने कार्यक्रम में सांस्कृतिक रंग जोड़ा। उद्यमिता एवं नवाचार प्रकोष्ठ का परिचय स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग के अधिष्ठाता द्वारा दिया गया। उद्योग जगत से श्री विशाल सेठ, टीसीएस तथा श्री विवेक मिश्रा, उप महाप्रबंधक भर्ती, एचसीएल टेक्नोलॉजीज ने विद्यार्थियों से संवाद किया।

द्वितीय दिवस, 18 अगस्त को स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग, स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेंट एवं स्कूल ऑफ फामेर्सी के विद्यार्थियों के लिए अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें उद्यमिता एवं नवाचार प्रकोष्ठ, एचसीएल-गुवी, प्रशिक्षण एवं नियोजन प्रकोष्ठ, राष्ट्रीय कैडेट कोर, राष्ट्रीय सेवा योजना, परीक्षा प्रकोष्ठ, पुस्तकालय एवं विद्यालयीय छात्र मंचों से संबंधित सत्र आयोजित किए गए। उद्योग जगत से श्री अभिषेक सक्सेना, टीसीएस तथा श्री प्रत्युष अन्वेष, मानव संसाधन व्यवसायिक भागीदार, वोडाफोन आइडिया ने विद्यार्थियों को उद्योग की अपेक्षाओं एवं रोजगार के अवसरों से अवगत कराया।

तृतीय दिवस, 19 अगस्त को स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के स्नातक पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विश्वविद्यालय परिचय, छात्र कल्याण एवं छात्र मंच, विद्यालय परिचय, विद्यार्थी ईआरपी, प्रशिक्षण एवं नियोजन प्रकोष्ठ, राष्ट्रीय कैडेट कोर, राष्ट्रीय सेवा योजना, परीक्षा प्रकोष्ठ, पुस्तकालय, उद्यमिता एवं नवाचार प्रकोष्ठ तथा विद्यालयीय छात्र मंचों से संबंधित सत्र आयोजित किए गए। इस अवसर पर आशीष खन्ना, महाप्रबंधक, कामधेनु सीमेंट लिमिटेड ने उद्योग विशेषज्ञ के रूप में विद्यार्थियों से संवाद किया।

चतुर्थ एवं अंतिम दिवस, 20 अगस्त को प्रबंधन के स्नातकोत्तर एवं एकीकृत प्रबंधन कार्यक्रम, स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज, स्कूल ऑफ बेसिक साइंसेज, स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर तथा स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज के विद्यार्थियों के लिए कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें संबंधित विद्यालयों का परिचय, केंद्रीय छात्र मंच, विद्यार्थी ईआरपी, प्रशिक्षण एवं नियोजन प्रकोष्ठ, राष्ट्रीय कैडेट कोर, राष्ट्रीय सेवा योजना, परीक्षा प्रकोष्ठ, पुस्तकालय, लनोर्वेट, उद्यमिता एवं नवाचार प्रकोष्ठ तथा विद्यालयीय छात्र मंचों की जानकारी दी गई। समापन दिवस पर सुशील सिंह, मानव संसाधन प्रतिभा अधिग्रहण (निगम एवं केंद्रीय क्षेत्र) तथा गौरव दत्त, चैनल विकास प्रबंधक, डालमिया सीमेंट ने विद्यार्थियों के साथ संवाद कर उद्योग एवं रोजगार क्षेत्र से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।

चार दिवसीय दीक्षारंभ 2026 ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, छात्र सहायता सेवाओं, करियर अवसरों, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों एवं उद्योग जगत की अपेक्षाओं से परिचित कराने के साथ उनके विश्वविद्यालय जीवन की एक उत्साहपूर्ण एवं प्रेरणादायक शुरूआत सुनिश्चित की।

वीबीवाईएलडी में भाग लेकर यूपी के युवा दें विकसित भारत के संकल्प को नई दिशा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। देश के युवाओं को राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया से जोड़ने और उनकी प्रतिभा, विचारों, नवाचार और नेतृत्व क्षमता को राष्ट्रीय मंच प्रदान करने के उद्देश्य से विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग (वीबीवाईएलडी) 2027 का आयोजन माय भारत (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) के माध्यम से किया जा रहा है। माय भारत के माध्यम से आयोजित यह पहल उत्तर प्रदेश के युवाओं को विकसित भारत @2047 के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने तथा देश के विकास से जुड़े विषयों पर अपने विचार और समाधान प्रस्तुत करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान कर रही है।

वीबीवाईएलडी 2027 की शुरूआत विकसित भारत क्विज से हो चुकी है। यह क्विज 17 अगस्त से 16 सितंबर तक आयोजित की जा रही है। उत्तर प्रदेश के 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा माय भारत पोर्टल के माध्यम से इसमें भाग ले सकते हैं। क्विज में भाग लेने के लिए युवाओं को सबसे पहले माय भारत पोर्टल पर पंजीकरण करना होगा और अधिक जानकारी के लिए युवा अपने जिले के जिला युवा अधिकारी/माय भारत कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

वीबीवाईएलडी 2027 की चयन प्रक्रिया विभिन्न चरणों से होकर आगे बढ़ेगी। विकसित भारत क्विज में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को अगले चरण में भाग लेने का अवसर मिलेगा। इसके बाद निबंध प्रतियोगिता, जिला स्तरीय चैंपियनशिप और राज्य स्तर की गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा। चयनित युवा राष्ट्रीय स्तर पर 12 जनवरी 2027 को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित होने वाले विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2027 में प्रधानमंत्री के साथ संवाद और अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर प्राप्त होगा।

प्रदेश के सभी पात्र युवाओं से अपील की गयी कि वे 16 सितंबर से पहले विकसित भारत क्विज में भाग लेकर वीबीवाईएलडी 2027 की यात्रा का हिस्सा बनें। युवाओं की भागीदारी न केवल उत्तर प्रदेश की युवा शक्ति को राष्ट्रीय मंच पर पहचान दिलाएगी, बल्कि विकसित भारत के निर्माण के संकल्प को भी मजबूत करेगी।

जापानी दल ने निहारा ताज ब्रज की संस्कृति ने जीता दिल

योगी सरकार की मेहमाननवाजी से हुए अभिभूत

- यामानाशी के गवर्नर कोटारो नागासाकी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल पहुंचा आगरा

विशेष संवाददाता (vol)

आगरा। उत्तर प्रदेश-जापान इन्वेस्टमेंट मीट के तहत जापान के यामानाशी प्रीफेक्चर का उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को आगरा पहुंचा। गवर्नर कोटारो नागासाकी और उप-राज्यपाल जुनिची इशिदेरा के नेतृत्व में आए जापानी दल ने विश्व प्रसिद्ध ताजमहल का दीदार किया। इस दौरान ब्रज की पारंपरिक संस्कृति, मयूर नृत्य और बम रसिया की प्रस्तुतियों ने विदेशी मेहमानों का मन मोह लिया।

जापानी प्रतिनिधिमंडल के आगरा पहुंचने पर उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पारंपरिक अंदाज में स्वागत किया गया। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह और पर्यटन विभाग की महानिदेशक डॉ. वेदपति मिश्र ने जेपी पैलेस में प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की और उनके साथ दोपहर का भोजन किया। इस दौरान जापानी मेहमानों को ब्रज की लोक संस्कृति से रूबरू कराया गया। ब्रज संस्कृति के अनुभव के बाद जापानी दल ताजमहल पहुंचा। सफेद संगमरमर की इस विश्वविख्यात इमारत की भव्यता और बारीक नक्काशी ने प्रतिनिधिमंडल को खासा प्रभावित किया। यामानाशी के गवर्नर कोटारो नागासाकी ने कहा कि उन्होंने ताजमहल को तस्वीरों में कई बार देखा था, लेकिन इसे करीब से देखना बिल्कुल अलग अनुभव है। उन्होंने ताजमहल की बारीक कारीगरी और वास्तुकला की सराहना की।

यामानाशी विश्वविद्यालय के अध्यक्ष काजुहिको नाकामुरा ने प्रतिनिधिमंडल के लिए की गई व्यवस्थाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद जापानी दल को एक स्थान से दूसरे स्थान तक सहजता और समयबद्ध तरीके से पहुंचाया गया। इससे प्रतिनिधिमंडल का ध्यान व्यवस्थाओं के बजाय उत्तर प्रदेश की संस्कृति और पर्यटन स्थलों को समझने पर केंद्रित रहा। यामानाशी के उप-राज्यपाल जुनिची इशिदेरा ने ब्रज की पारंपरिक संस्कृति को यात्रा का खास अनुभव बताया। उन्होंने कहा कि स्थानीय संस्कृति से परिचय ने भारत और उत्तर प्रदेश को और करीब से जानने की जिज्ञासा पैदा की।

लखनऊ और पूर्वांचल भी जाएगा प्रतिनिधिमंडल : आगरा यात्रा के बाद जापानी प्रतिनिधिमंडल लखनऊ के लिए रवाना हुआ। 21 अगस्त को राजधानी में पर्यटन क्षेत्र से जुड़े टूर ऑपरेटरों, होटल कारोबारियों और उद्यमियों के साथ राउंडटेबल बैठक प्रस्तावित है। इसमें बौद्ध पर्यटन, वेलनेस टूरिज्म, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और पर्यटन क्षेत्र में सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा होगी। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल पूर्वी उत्तर प्रदेश की यात्रा करेगा और वाराणसी समेत भारत-जापान के बौद्ध एवं आध्यात्मिक संबंधों से जुड़े स्थलों का भ्रमण करेगा।

जापानी पर्यटकों को यूपी से जोड़ने की पहल : पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि आगरा जापानी प्रतिनिधिमंडल की यूपी यात्रा का पहला पड़ाव है। ताजमहल के बाद लखनऊ की अवधी संस्कृति और पूर्वांचल की आध्यात्मिक विरासत से प्रतिनिधिमंडल परिचित होगा। उन्होंने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य केवल पर्यटन स्थलों का भ्रमण कराना नहीं, बल्कि जापानी पर्यटकों और संस्थानों के बीच उत्तर प्रदेश को लेकर प्रत्यक्ष समझ विकसित करना भी है। इससे भविष्य में जापानी पर्यटकों के आगमन और पर्यटन क्षेत्र में सहयोग के नए अवसर बढ़ सकते हैं। सरकार का मानना है कि भारत-जापान के मजबूत संबंधों में पर्यटन एक महत्वपूर्ण मानवीय कड़ी बन सकता है। जापानी प्रतिनिधिमंडल की उत्तर प्रदेश यात्रा से प्रदेश में पर्यटन, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और निवेश के नए अवसरों को गति मिलने की उम्मीद है।

जापान संग रिश्तों को नई उड़ान देगा यूपी

- लखनऊ में साझेदारी का आज लिखा जाएगा नया अध्याय

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश और जापान के बीच आर्थिक, औद्योगिक और संस्थागत संबंधों को नई मजबूती देने की दिशा में शुक्रवार का दिन महत्वपूर्ण होगा। जापानी प्रतिनिधिमंडल के लखनऊ दौरे के दौरान राज्यपाल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात के साथ ही निवेश, उद्योग, कृषि, पर्यटन, हेल्थकेयर, एमएसएमई, शिक्षा और महिला सशक्तीकरण जैसे क्षेत्रों में व्यापक संवाद होगा।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित चार सेक्टोरल सत्रों में उत्तर प्रदेश और जापान के बीच भविष्य की साझेदारी का रोडमैप तैयार किया जाएगा। कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण, पर्यटन, हेल्थकेयर एवं केयर इकोनॉमी तथा एमएसएमई पर केंद्रित सत्रों में निवेश और तकनीकी सहयोग की संभावनाओं पर मंथन होगा। जापानी प्रतिनिधिमंडल की सुबह राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात प्रस्तावित है। इसके साथ ही जापान से आए विद्यार्थियों को अटल विद्यालय में उत्तर प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को समझने का अवसर मिलेगा।

महिला प्रतिनिधिमंडल 1090 वीमेन हेल्पलाइन का दौरा कर प्रदेश में महिला सुरक्षा के लिए संचालित तकनीक आधारित व्यवस्था की जानकारी लेगा। यह कार्यक्रम महिला सुरक्षा और तकनीक आधारित महिला सहायता प्रणाली के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच अनुभव साझा करने का महत्वपूर्ण अवसर होगा। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित प्रदर्शनी में ओडीओपी, स्टार्टअप, पर्यटन, शिक्षा, आईटी, कौशल विकास और निवेश से जुड़ी उत्तर प्रदेश की क्षमताओं को जापानी प्रतिनिधियों के सामने प्रस्तुत किया जाएगा।

एक ही मंच पर यूपी के उत्पादों, तकनीक, संस्थानों और निवेश संभावनाओं की झलक देखने को मिलेगी। चार सेक्टोरल सत्रों में ह्यफ्रॉम गेट टू ग्लोबल प्लेटह्न के माध्यम से कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण को वैश्विक बाजार से जोड़ने, जापानी पर्यटन के विस्तार, हेल्थकेयर और केयर इकॉनमी में सहयोग तथा एमएसएमई क्षेत्र में जापानी तकनीक और निवेश की संभावनाओं पर चर्चा होगी। वहीं, संभावित एमओयू एक्सचेंज के जरिए दोनों पक्षों के बीच सहयोग को संस्थागत आधार देने की दिशा में भी कदम बढ़ाया जाएगा।

ऊर्जा क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री और यामानाशी प्रीफेक्चर के गवर्नर के बीच बैठक भी प्रस्तावित है। शाम को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित वेलेडिक्टरी सेशन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जापानी प्रतिनिधिमंडल और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों को संबोधित करेंगे। इसके बाद नेटवर्किंग कार्यक्रम और मुख्यमंत्री आवास पर रात्रिभोज के साथ दिनभर चलने वाले कार्यक्रमों का समापन होगा। जापान-यूपी साझेदारी का यह लखनऊ अध्याय केवल निवेश तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि तकनीक, रोजगार, शिक्षा, पर्यटन, स्वास्थ्य और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में दीर्घकालिक सहयोग की नई नींव तैयार कर सकता है।

जनता अदालत में अवैध निर्माण से कब्जे तक की शिकायतों की भरमार

- इंजीनियर पर शिकायतकर्ता को धमकाने का आरोप

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के गोमतीनगर कार्यालय में गुरुवार को आयोजित जनता अदालत में अवैध निर्माण, जमीन पर कब्जा, आवास आवंटन और रजिस्ट्री से जुड़ी शिकायतों की भरमार रही। जनता अदालत में कुल 38 शिकायतें पहुंचीं, जिनमें नौ का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

गोमतीनगर के विनम्र खंड निवासी अनंत कुमार शर्मा ने अवैध निर्माण की शिकायत करने पर एलडीए के अवर अभियंता पर उन्हें ही नोटिस देकर परेशान करने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि ले-आउट में उनके घर के सामने 7.5 मीटर चौड़ी सड़क दर्शाई गई है, जबकि मौके पर सड़क करीब छह मीटर रह गई है। उनका आरोप है कि आसपास के कई मकान एलडीए की जमीन और सड़क पर करीब डेढ़ मीटर तक कब्जा कर बनाए गए हैं। अनंत कुमार के मुताबिक, एक भवन का निर्माण फिलहाल जारी है।

इसकी शिकायत करने पर अवर अभियंता विपिन विहारी ने उन्हें ही सेटबैक नहीं छोड़ने और बिना नक्शे के निर्माण का आरोप लगाते हुए तीन नोटिस जारी कर दिए। उन्होंने जनता अदालत में संयुक्त सचिव सोमकमल सीताराम के समक्ष दस्तावेज भी प्रस्तुत किए। शिकायतकर्ता के अनुसार नगर निगम की जांच में भी मामले की पुष्टि हुई है। हालांकि एलडीए का कहना है कि विनम्र खंड वर्ष 2008 में नगर निगम को हस्तांतरित हो चुका है, इसलिए प्रवर्तन कार्रवाई नगर निगम करे।

वहीं नगर निगम का कहना है कि रैंप हटाने की कार्रवाई वह कर सकता है, लेकिन अवैध भवन निर्माण पर कार्रवाई एलडीए को करनी होगी। बिरहाना निवासी मुन्ना लाल राजपूत ने आरोप लगाया कि घनश्याम यादव और हनुमंत यादव ने खुद को एलडीए अधिकारी बताकर बसंतकुंज योजना में प्रधानमंत्री आवास दिलाने के नाम पर उनसे और उनकी पत्नी से 25-25 हजार रुपये लिए।

फार्म भी एलडीए कार्यालय में भरवाया गया, लेकिन आवास नहीं मिला। अब उन्हें पुलिस में शिकायत करने की सलाह दी गई है। रजनीखंड निवासी मेहरबान ने पत्नी सितारा देवी के नाम ईडब्ल्यूएस मकान लेने के बाद पूरी रकम जमा करने के बावजूद कब्जा नहीं मिलने की शिकायत की। उनका आरोप है कि तीन प्लॉटों को मिलाकर स्कूल का निर्माण कराया जा रहा है। ट्रांसपोर्ट नगर निवासी हरिश्चंद्र ने बताया कि अतिरिक्त जमीन के लिए 30.26 लाख रुपये और फ्रीहोल्ड के लिए 3.64 लाख रुपये जमा करने के बावजूद छह माह से रजिस्ट्री नहीं हो पा रही है।

सोशल मीडिया में नकारात्मक टिप्पणियां मिलने से न हों हताश : महाना

- साइबर सुरक्षा कार्यशाला में विधायकों को दी गयी सोशल मीडिया के उपयोग की जानकारी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा के सदस्यों को साइबर अपराधों से बचाव, डिजिटल सुरक्षा तथा सोशल मीडिया के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से होटल सेन्ट्रम में आयोजित साइबर सुरक्षा : ए डिजिटल सिक्योरिटी ब्रीफिंग फॉर लेजिस्लेटर्स कार्यक्रम के दूसरे दिन विभिन्न विषयों पर जानकारी दी गई। इस अवसर पर विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने सोशल मीडिया के दौर में जनप्रतिनिधियों से सतर्कता, संयम और धैर्य बनाए रखने का आह्वान किया।

इस मौके पर उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि सार्वजनिक जीवन में व्यक्ति को अपने मूल स्वभाव को कभी नहीं बदलना चाहिए। उन्होंने सदस्यों से कहा कि वे धैर्य बनाए रखें और सोशल मीडिया पर आने वाली प्रतिक्रियाओं से प्रभावित हुए बिना अपने कार्य पर ध्यान केंद्रित करें। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर दो-चार नकारात्मक टिप्पणियां मिलने से हताश होने की आवश्यकता नहीं है। लोग कई बार आपको उकसाने का प्रयास करेंगे, लेकिन जनप्रतिनिधि को संयम बनाए रखते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करते रहना चाहिए।

अध्यक्ष ने चुनाव में सफलता के लिए भी महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि जनता से निरंतर संवाद, क्षेत्र में सक्रियता, सकारात्मक व्यवहार तथा अपने कार्यों के प्रति ईमानदार प्रतिबद्धता जनप्रतिनिधि की सबसे बड़ी ताकत होती है। साथ ही यह भी कहा कि जनप्रतिनिधियों को सोशल मीडिया को केवल प्रचार का माध्यम न मानकर जनता से संवाद और बात प्रभावी ढंग से रखने के माध्यम के रूप में भी उपयोग करना चाहिए।

कार्यशाला में साइबर विशेषज्ञ अमित दुबे ने विधायकों को सोशल मीडिया से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। सदस्यों ने सोशल मीडिया के उपयोग, सुरक्षा, फर्जी खातों, नकारात्मक टिप्पणियों, डिजिटल ठगी तथा ऑनलाइन पहचान की सुरक्षा से संबंधित अनेक सवाल पूछे, जिनका अमित दुबे ने विस्तार से जवाब दिया। उन्होंने डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सावधानी बरतने, संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करने तथा व्यक्तिगत एवं गोपनीय जानकारी साझा न करने के संबंध में भी उपयोगी सुझाव दिए।

कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री दयाशंकर सिंह और राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चंद्र यादव सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इस दौरान सदस्य शलभ मणि त्रिपाठी, अभय सिंह, रमेश जायसवाल तथा सुचिस्मिता मौर्या ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में सदस्य विमलेश पासवान, प्रेम सागर पटेल, राजेश त्रिपाठी, प्रदीप शुक्ला, विवेकानंद पाण्डेय, रमेश चंद्र मिश्रा, सौरभ श्रीवास्तव तथा पंचानन पाठक सहित अन्य सदस्यों ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की।

इस दौरान यह भी निर्णय लिया गया कि साइबर सुरक्षा और सोशल मीडिया के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग से संबंधित एसओपी तैयार कर सभी विधायकों को उपलब्ध करायी जाएगी, ताकि वे डिजिटल माध्यमों का उपयोग अधिक सुरक्षित और प्रभावी ढंग से कर सकें। एसओपी के माध्यम से साइबर सुरक्षा से जुड़े आवश्यक दिशा-निर्देश, सावधानियां और सोशल मीडिया के जिम्मेदार उपयोग के संबंध में व्यावहारिक जानकारी उपलब्ध करायी जाएगी।

तीन मालगाड़ियों को जोड़कर अवध महाशक्ति नामक फ्रेट ट्रेन रवाना

लखनऊ। माल परिवहन को अधिक सुदृढ़ एवं कुशल बनाने की दिशा में तीन मालगाड़ियों को जोड़कर तैयार 'अवध महाशक्ति नामक फ्रेट ट्रेन का गोण्डा से मुरादाबाद मण्डल को वाया सीतापुर होते हुए सफलतापूर्वक संचालन किया गया। गोण्डा आरओएच डिपो द्वारा तैयार यह पूर्वोत्तर रेलवे की पहली फ्रेट ट्रेन है।

इस ट्रेन में कुल 129 वैगन एवं तीन इंजन लगाए गए हैं। वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबंधक/समन्वय डा. शिल्पी कन्नौजिया के नेतृत्व में यह अवध महाशक्ति फ्रेट ट्रेन गोण्डा जंक्शन स्टेशन से दोपहर 1:50 बजे रवाना की गयी। इस फ्रेट ट्रेन में एक साथ 129 वैगनों के संचालन से एक ही ट्रिप में अधिक माल की ढुलाई संभव होगी, इससे रेलवे की परिवहन आय एवं परिवहन क्षमता में वृद्धि होगी। तीन ट्रेनों को एक में मिलाकर चलाने से परिचालन समय, ईंधन की खपत और ट्रैक क्षमता का बेहतर उपयोग किया जा सकेगा। इस अवसर पर मण्डल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने बताया कि अवध महाशक्ति फ्रेट ट्रेन का सफल संचालन मंडल की बेहतर कार्यक्षमता, विभागों के बीच तालमेल और अच्छे प्रबंधन का उदाहरण है। इसका उद्देश्य माल परिवहन क्षमता को बढ़ाकर ग्राहकों को तेज एवं किफायती सेवा उपलब्ध कराना है। यदि इन मालगाड़ियों को अलग-अलग चलाया जाता तो तीन अलग-अलग मार्ग और चालक दल की व्यवस्था करनी पड़ती। अवध महाशक्ति के रूप में एक साथ चलने से समय की बचत होगी। साथ ही अधिक सवारी/मालगाड़ी के संचालन के लिए मार्ग भी उपलब्ध होगा।

राजभाषा के प्रयोग-प्रसार में मण्डल का योगदान सराहनीयः गौरव अग्रवाल

लखनऊ। मण्डल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल की अध्यक्षता में गुरुवार को पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तृतीय बैठक का आयोजन किया गया। अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी सह अपर मण्डल रेल प्रबंधक (परिचालन) नीतू ने कहा कि सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी का प्रयोग करना हम सभी की संवैधानिक जिम्मेदारी है, जिसका निर्वहन हम भली-भांति सुनिश्चित कर रहे हैं। राजभाषा के प्रयोग-प्रसार में पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल सदैव से अग्रणी रहा है। इसके मण्डल रेल प्रबन्धक ने कहा कि राजभाषा के प्रयोग-प्रसार में मण्डल का योगदान सराहनीय है। सभी विभागों द्वारा यह सुनिश्चित किया जाए की सभी कार्यो को हिंदी में किया जा रहा है। आगामी राजभाषा सप्ताह में विभिन्न प्रतियोगिताएं, नाटक मंचन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें अधिक से अधिक लोग प्रतिभाग करें। हमारे मंडल की सभी रेल संचालन संबंधी गतिविधियां और सूचनाओं का प्रसारण हिंदी/द्विभाषी में हो रहा है।

मांगों को लेकर रेलवे मेंस कांग्रेस यूनियन की बैठक

लखनऊ। मण्डल रेल प्रबन्धक गौरव अग्रवाल की अध्यक्षता में एन.ई.रेलवे मेन्स कांग्रेस यूनियन के पदाधिकारियों के साथ पीएनएम (स्थाई वार्ता तन्त्र) बैठक के दूसरे दिन का आयोजन मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय के सभागार में किया गया। एनई रेलवे मेन्स कांग्रेस यूनियन के मण्डल मंत्री राकेश चन्द वर्मा, मंडल अध्यक्ष श्री धर्मेन्द्र गुप्ता एवं अन्य सदस्यों ने मण्डल में संरक्षा कोटि में नियुक्ति, पदोन्नति, एमए. सीपी, कर्मचारी आवासों में बेहतर सुविधा, वरीयता निर्धारण, स्थानांतरण, चिकित्सा सुविधा, वर्दी भत्ता, कार्यालयों में फर्नीचर की उपलब्धता, कार्यक्षेत्र में महिला रेस्ट रूम एवं प्रसाधन सुविधा, कैंटीन की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु तथा रोस्टर के अनुरूप ड्यूटी आदि से संबंधित समस्याओं के निस्तारण हेतु सार्थक चर्चा की। बैठक के अन्त में अपर मण्डल रेल प्रबंधक (परिचालन) नीतू ने एन.ई.रेलवे मेन्स कांग्रेस यूनियन के सभी पदाधिकारियों को इस बैठक एवं कर्मचारियों के हित में उठाए गए मुद्दों के बारे में अवगत कराने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने यूनियन के समन्वय से कर्मचारियों की समस्याओं के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया।

सुशील एलडीए संयुक्त सचिव पद से कार्यमुक्त

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने सुशील प्रताप सिंह को संयुक्त सचिव लखनऊ विकास प्राधिकरण के पद से कार्यमुक्त कर दिया है। उनके पास कुलसचिव भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय व अपर निदेशक संस्कृति निदेशालय का प्रभार यथावत रहेगा।

आईआरएमएस अधिकारियों का दीक्षांत समारोह सम्पन्न

लखनऊ। रेल परिवहन प्रबंधन संस्थान (आईआरआईटीएम) में बृहस्पतिवार को परिवीक्षाधीन अधिकारियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। यह समारोह संस्थान में उनके प्रशिक्षण के सफलतापूर्वक पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रंजन प्रकाश ठाकुर, महानिदेशक, आईआरआईटीएम के सभागार में आगमन के साथ हुआ। इसके उपरांत शिशिर सोमवंशी, डीन/आईआरआईटीएम द्वारा अधिकारी प्रशिक्षुओं को आईआरआईटीएम की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर अधिकारी प्रशिक्षुओं ने व्यावसायिकता, सत्यनिष्ठा तथा भारतीय रेल की समर्पित सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। पीपी लाठे, पाठ्यक्रम निदेशक द्वारा प्रशिक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसमें प्रशिक्षण कार्यक्रम के विभिन्न पहलुओं तथा अधिकारी प्रशिक्षुओं के सीखने के अनुभवों पर प्रकाश डाला गया।

रेरा की जानकारी अब घर बैठे ई-मेल से मिलेगी

लखनऊ। यूपी रेरा ने आवंटियों और शिकायतकताओं की सुविधा के लिए नई व्यवस्था शुरू की है। अब रेरा बेंच के आदेश के अनुपालन और रिकवरी सर्टिफिकेट से संबंधित जानकारी घर बैठे ई-मेल के माध्यम से प्राप्त की जा सकेगी। इसके लिए संबंधित बेंच के ई-मेल पते पर मामले का विवरण भेजना होगा। रेरा के संज्ञान में ऐसे कई मामले आए हैं, जिनमें आवश्यक शपथ पत्र समय पर उपलब्ध नहीं कराने के कारण आवंटियों और शिकायतकताओं को रिकवरी सर्टिफिकेट के माध्यम से मिलने वाली राशि प्राप्त करने में परेशानी हो रही है। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि जानकारी के अभाव या लापरवाही के कारण भुगतान प्रक्रिया में अनावश्यक देरी हो सकती है। प्राधिकरण ने आवंटियों और शिकायतकताओं से अपील की है कि वे रेरा बेंच द्वारा पारित आदेश, उसके अनुपालन और जारी रिकवरी सर्टिफिकेट से संबंधित सभी आवश्यक प्रक्रियाएं समय से पूरी करें। जहां शपथ पत्र देना आवश्यक है, वहां उसे निर्धारित समय पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

हाईकोर्ट के आदेश की अवहेलना पर एलडीए सचिव आज तलब

विधि संवाददाता

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने आदेश के बावजूद मुआवजे की रकम जमा नहीं कराने के मामले में सख्त रुख अपनाते हुए, लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के सचिव को शुक्रवार को व्यक्तिगत रूप से अदालत में पेश होने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने सचिव से यह बताने को कहा है कि पूर्व में दिए गए आदेश का अब तक अनुपालन क्यों नहीं किया गया।

न्यायमूर्ति राजन राय और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की पीठ ने भानु प्रताप सिंह व एक अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। कोर्ट ने यह भी पूछा है कि आदेश की कथित जानबूझकर और स्पष्ट अवहेलना के लिए एलडीए सचिव के खिलाफ कार्यवाही क्यों न शुरू की जाए। कोर्ट ने 29 मई 2026 को आदेश दिया था कि संबंधित मुआवजे की रकम एक माह के भीतर हाईकोर्ट में जमा कराई जाए। निर्धारित अवधि बीतने के बावजूद रकम जमा नहीं कराई गई। सुनवाई के दौरान सरकारी अधिवक्ता ने अदालत को बताया कि एलडीए को रकम जमा करने के लिए चार बार निर्देश दिए जा चुके हैं। वहीं, एलडीए की ओर से सुनवाई के दौरान कोई अधिवक्ता उपस्थित नहीं हुआ। इस पर कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए एलडीए सचिव को पेश होने का निर्देश दिया।

पीठ ने स्पष्ट किया कि मूल रूप से एलडीए को ही मुआवजे की रकम विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी को भेजनी है। इसके बाद विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी द्वारा वह रकम हाईकोर्ट में जमा की जानी है। मामला भूमि अधिग्रहण से संबंधित मुआवजे की रकम जमा कराने से जुड़ा है। इससे पहले हाईकोर्ट ने भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम के तहत हुए निर्णय के बाद मुआवजे की रकम जमा कराने का निर्देश दिया था।

दर्द से जूझ रहे मरीजों के लिए बिना बड़ी सर्जरी दर्द से राहत की नई उम्मीद

- केजीएमयू के पीएमआर विभाग में एडवांस्ड कूल्ड रेडियोफ्रीक्वेंसी एब्लेशन सुविधा शुरू

लखनऊ। किंग जॉर्ज्स मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू)के फिज़िकल मेडिसिन और रिहैबिलिटेशन विभाग (पीएफआर) में पुराने एवं लंबे समय से बने हुए दर्द से पीड़ित मरीजों के लिए एडवांस्ड कूल्ड रेडियोफ़्रीक्वेंसी एब्लेशन (आरएफए) की सुविधा शुरू की गई है। इस आधुनिक एवं न्यूनतम इनवेसिव तकनीक के माध्यम से विशेष रूप से घुटने में ऑस्टियोआर्थराइटिस ,पुराने कंधे के दर्द से पीड़ित मरीजों, पूरे घुटने का प्रत्यारोपण के बाद जिन मरीजों को दर्द की समस्या बनी रहती है , ऐसे मरीजों को बेहतर एवं लंबे समय तक दर्द से राहत प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

रेडियोफ्रीक्वेंसी एब्लेशन एक आधुनिक इंटरवेंशनल पेन मैनेजमेंट तकनीक है, जिसमें दर्द उत्पन्न करने वाली नसों के चयनित हिस्से तक रेडियोफ्रीक्वेंसी ऊर्जा पहुंचाकर दर्द के संकेतों को कम किया जाता है। कूल्ड रेडियोफ़्रीक्वेंसी तकनीक में नियंत्रित तापमान के साथ अपेक्षाकृत बड़े क्षेत्र में उपचार करने की क्षमता होती है, जिससे चयनित मरीजों में प्रभावी एवं दीर्घकालिक दर्द नियंत्रण का विकल्प उपलब्ध हो सकता है। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों की देखरेख में प्रत्यक्ष प्रक्रियात्मक डेमोंस्ट्रेशन भी किया गया, जिससे ढटफके चिकित्सकों एवं रेजिडेंट्स को इस उन्नत तकनीक की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त हुई।

पीएमआर के विभागाध्यक्ष डा. अनिल कुमार गुप्ता के अनुसार, लंबे समय से घुटने या कंधे के दर्द से पीड़ित कई मरीजों में दवाओं, फिजियोथेरेपी एवं अन्य रूढ़िवादी उपचारों के बावजूद दर्द बना रहता है। ऐसे उचित रूप से चयनित मरीजों में रेडियोफ्रीक्वेंसी एब्लेशन एक अतिरिक्त इंटरवेंशनल उपचार विकल्प के रूप में उपयोगी हो सकता है। डा. अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि इस तकनीक के सुरक्षित एवं प्रभावी उपयोग के लिए चिकित्सकों और रेजिडेंट्स को सबूत-आधारित मरीज चयन, प्रक्रिया-संबंधी एनाटॉमी, सुरक्षा प्रोटोकॉल, तकनीकी दक्षता तथा प्रक्रिया के बाद की देखभाल पर विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

सई नदी को सीवेज प्रदूषण से मिलेगी मुक्ति

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के सरोजनीनगर और मोहनलालगंज क्षेत्र से होकर गुजरने वाली सई नदी को सीवेज प्रदूषण से मुक्त करने की कवायद तेज हो गई है। नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत नदी में गिरने वाले नालों को टैप कर सीवेज को एसटीपी तक पहुंचाने और शोधित पानी के पुनः उपयोग की योजना पर काम किया जा रहा है।

लखनऊ नगर क्षेत्र में सई नदी में जाने वाले एक अनटैप्ड नाले की पहचान की गई है। इस नाले से करीब 59.88 एमएलडी सीवेज नदी में पहुंच रहा है। इसे रोकने के लिए 100 एमएलडी क्षमता वाले बिजनौर एसटीपी का निर्माण कराया जा रहा है। परियोजना का कायार्देश 2 जून 2025 को जारी हुआ था, जबकि निर्माण कार्य 23 जून 2026 से शुरू किया गया। शहर में निमार्णाधीन, स्वीकृत और प्रस्तावित एसटीपी परियोजनाओं के पूरा होने के बाद लखनऊ में कुल 1263 एमएलडी सीवेज शोधन क्षमता उपलब्ध होने की उम्मीद है। इससे वर्ष 2044 तक शहर में पैदा होने वाले सीवेज के शोधन की जरूरत पूरी करने के लिए पर्याप्त व्यवस्था तैयार होगी।

सिविल अस्पताल में चोकिंग की शिकार महिला की बची जान

लखनऊ। डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल में गुरुवार शाम गंभीर अवस्था में लाई गई एक महिला मरीज की जान समय रहते श्वास नली में बाहरी पदार्थ फँसने को दूर कर बचाई गई। अस्पताल के निदेशक डा. जीपी गुप्ता अपने कार्यालय से इमरजेंसी की ओर जा रहे थे। इसी दौरान उन्होंने एक महिला मरीज को स्ट्रेचर पर अत्यंत गंभीर अवस्था में इमरजेंसी की ओर ले जाते देखा। डॉ. गुप्ता ने तत्काल स्वयं मरीज का परीक्षण किया और पाया कि मरीज में नाड़ी तथा श्वास के संकेत नहीं मिल रहे थे। डा. गुप्ता ने इमरजेंसी चिकित्सा टीम के साथ तत्काल सीपीआर एवं आवश्यक जीवनरक्षक प्रयास प्रारंभ किए। मरीज को शीघ्र ही क्ळव में स्थानांतरित किया गया। इस दौरान डा. गुप्ता स्वयं मरीज के सिरहाने रहकर उसके एयरवे को क्लीयर करने का लगातार प्रयास करते रहे।

आईसीयू में पहुंचने के बाद तत्काल एंडोट्रैकियल इंट्यूबेशन की प्रक्रिया की गई। जांच एवं एयरवे मैनेजमेंट के दौरान श्वास नली में फँसे हुए भोजन के अंश तथा प्लास्टिक के पदार्थ को बाहर निकाला गया। एयरवे क्लियर होने के बाद मरीज की श्वसन स्थिति में सुधार हुआ और आवश्यक उपचार प्रदान किया गया। डा. जीपी गुप्ता ने कहा कि चोकिंग एक ऐसी आपातकालीन स्थिति है जिसमें प्रत्येक सेकंड महत्वपूर्ण होता है।

एयरपोर्ट के पास अवैध निर्माण व कूड़ा डंपिंग पर सख्ती

लखनऊ। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के आसपास पर्यावरण, स्वच्छता और विमानन सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में एयरपोर्ट एनवायरनमेंट मैनेजमेंट कमेटी की बैठक में अतिक्रमण, अनधिकृत निर्माण, अवैध मीट की दुकानों, कूड़ा डंपिंग और जलभराव समेत कई मुद्दों की समीक्षा की गई। मंडलायुक्त ने लखनऊ विकास प्राधिकरण को एयरपोर्ट के आसपास हो रहे अनधिकृत निमार्णों की तत्काल जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बिना निर्धारित हाइट एनओसी अथवा मानकों के विपरीत हो रहे निमार्णों का नियमित सर्वे कराया जाए। किसी अधिकारी या कर्मचारी की लापरवाही या मिलीभगत सामने आने पर जवाबदेही तय करते हुए अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए।

एयरपोर्ट के आसपास संचालित अनधिकृत मीट की दुकानों की निगरानी के लिए नगर निगम और खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग को संयुक्त टीम गठित करने के निर्देश दिए गए हैं। दोनों विभाग डेटा आधारित मॉनिटरिंग व्यवस्था विकसित करेंगे, जिससे अवैध दुकानों की संख्या और उनके खिलाफ हुई कार्रवाई की नियमित जानकारी उपलब्ध हो सके। मंडलायुक्त ने ऐसे घरों और दुकानों को चिह्नित करने के निर्देश दिए जो नगर निगम की डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन सेवा का इस्तेमाल नहीं कर रहे हैं। सार्वजनिक स्थानों या एयरपोर्ट के आसपास कूड़ा फेंकने वालों की अलग सूची तैयार कर उनके खिलाफ जुमार्ना, चालान और अन्य कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अमौसी मार्केट, बिजनौर तिराहा और रहीमाबाद समेत एयरपोर्ट से लगे क्षेत्रों में कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों की नियमित आवाजाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जरूरत के अनुसार अतिरिक्त फेरे भी लगाए जाएंगे। बैठक में मंडलायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से काम करने और कार्रवाई का डेटा तैयार कर साप्ताहिक समीक्षा करने के निर्देश दिए।

चिकित्सकों की समस्याओं से कराया अवगत

लखनऊ। प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ उत्तर प्रदेश की केन्द्रीय कार्यकारिणी द्वारा अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण की अध्यक्षता में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बैठक की गई। बैठक में प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ द्वारा चिकित्सकों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों को प्रमुखता से उठाया गया, जिसमें विशेष रूप से वर्ष 2020 की सेवा नियमावली में आवश्यक संशोधन, समयबद्ध रूप से एसएसीपी का क्रियान्वयन। बैठक में निदेशक प्रशासन निधि बंसल, महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य डा. पवन कुमार अरुण, निदेशक प्रशासन एवं कार्यवाहक अपर निदेशक (कार्मिक) डॉ. रेणु चौधरी, संयुक्त निदेशक (गोपन) डा. सीएल वर्मा, संयुक्त निदेशक (कार्मिक) डा. एपी सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। संघ पदाधिकारियों में अध्यक्ष डा. यशवीर सिंह, महासचिव डा. शरद वैश्य, उपाध्यक्ष मुख्यालय डा. मोहित सिंह, उपाध्यक्ष महिला डा. प्रीति सिंह, उपाध्यक्ष डा. यशवर्धन सिंह, वित्त सचिव डा. प्रवीण सिंह, सम्पादक डा. मो. जमील अनवर, संगठन सचिव डा. धीरज मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

ट्रामा कर्मियों से जुटा रहे दलालों की जानकारी

लखनऊ। केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर में निजी एंबुलेंस और शव वाहन संचालकों से जुड़े दलालों पर मरीजों की जानकारी जुटाने के लिए कर्मचारियों पर दबाव बनाने का आरोप लगा है। ट्रॉमा सेंटर के तीन संविदा कर्मचारियों ने 13 अगस्त को मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को शिकायत देकर पूरे मामले की जानकारी दी है। कर्मचारियों का आरोप है कि कुछ दलाल और उनके साथ कथित तौर पर कुछ पुलिसकर्मी ऐसे मरीजों की जानकारी मांगते हैं, जिन्हें एंबुलेंस या शव वाहन की जरूरत हो सकती है। जानकारी नहीं देने या निजी एंबुलेंस-शव वाहन की व्यवस्था नहीं कराने पर नौकरी से हटाने और अंजाम भुगतने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है।

संस्थागत प्रसव बढ़ने से मातृ मृत्यु दर में बड़ी गिरावट

लखनऊ। संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने और प्रसव के दौरान मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई जननी सुरक्षा योजना (जेएसवाई) उत्तर प्रदेश में लगातार असरदार साबित हो रही है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में 1 अप्रैल से 9 अगस्त तक सात लाख से अधिक संस्थागत प्रसव इसका उदाहरण हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश से लेकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश तक कई जिलों में योजना के बेहतर क्रियान्वयन का असर दिखाई दे रहा है। योगी सरकार के इन प्रयासों से मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) को कम करने में सफलता मिल रही है।

सचिव स्वास्थ्य एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने बताया कि सुरक्षित प्रसव पर जननी सुरक्षा योजना के तहत सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में गर्भवती महिलाओं को प्रसव पर आर्थिक सहायता (ग्रामीण क्षेत्र में 1,400 रुपए और शहरी क्षेत्र में 1,000 रुपए) दी जाती है। इसका उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को घर पर प्रसव के बजाय अस्पताल या स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव कराने के लिए प्रोत्साहित करना है।

एमएसएमई को सरकारी खरीद से जोड़ने की पहल तेज

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को सरकारी खरीद और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों से जोड़ने के उद्देश्य से गोमतीनगर स्थित पीएचडी हाउस में दो दिवसीय विक्रेता विकास कार्यक्रम-2026 का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में 200 से अधिक उद्यमियों, औद्योगिक संगठनों और विभिन्न सरकारी एवं सार्वजनिक संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के एमएसएमई एवं निर्यात प्रोत्साहन सचिव प्रांजल यादव ने कहा कि प्रदेश के औद्योगिक विकास में एमएसएमई की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि युवाओं को उद्यमिता से जोड़ने के साथ एमएसएमई की जरूरतों के अनुरूप औद्योगिक भूखंड, वित्त, सब्सिडी और प्रोत्साहन उपलब्ध कराने पर सरकार का ध्यान है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश का निर्यात करीब दो लाख करोड़ रुपये है। इसमें नोएडा का 98 हजार करोड़ और गाजियाबाद का करीब 18 हजार करोड़ रुपये का योगदान है। कानपुर, मुरादाबाद, भदोही, उन्नाव, बरेली, आगरा और वाराणसी जैसे औद्योगिक केंद्र भी निर्यात में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

प्रांजल यादव ने कहा कि विक्रेता विकास और सरकारी खरीद एमएसएमई के लिए बड़े अवसर हैं। सरकारी ई-मार्केटप्लेस पर एमएसई की हिस्सेदारी करीब 45 प्रतिशत है। उन्होंने उद्यमियों से सरकारी खरीद योजनाओं और डिजिटल मंचों की जानकारी लेकर अवसरों का लाभ उठाने की अपील की। सरकारी ई-मार्केटप्लेस के उत्तर प्रदेश राज्य नोडल अधिकारी कृष्ण मुरारी ने बताया कि वर्ष 2017 में शुरूआत के बाद मंच पर करीब 20 लाख करोड़ रुपये की खरीद हो चुकी है। इसमें एमएसई की हिस्सेदारी लगभग नौ लाख करोड़ रुपये है। अनुसंधान डिजाइन एवं मानक संगठन के प्रतिनिधि ने बताया कि रेलवे क्षेत्र में एमएसई के लिए व्यापक अवसर हैं।

लखनऊ में खुला नया ताज पैलेस, सीएम योगी ने किया उद्घाटन

लखनऊ। इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड ने गोमती नगर में 181 कमरों वाले ताज पैलेस, लखनऊ के उद्घाटन की घोषणा की। होटल का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। आईएचसीएल के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी पुनीत छटवाल ने कहा कि लखनऊ बढ़ते निवेश, बेहतर बुनियादी ढांचे और पर्यटन के कारण तेजी से महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में उभर रहा है। शहर में दूसरे ताज होटल की शुरूआत उत्तर प्रदेश के बढ़ते आर्थिक और पर्यटन महत्व को दर्शाती है। गोमती नगर के केंद्र में स्थित ताज पैलेस आधुनिक सुविधाओं के साथ लखनऊ की संस्कृति और परंपरा को नया रूप देता है। होटल में बिस्ट्रोट, हाउस ऑफ मिंग, माचान और शैडो एंड ओक जैसे खानपान विकल्प उपलब्ध हैं। होटल में ताज का जे वेलनेस सर्कल, अत्याधुनिक फिटनेस सेंटर, रूफटॉप स्विमिंग पूल और विशेष बिजनेस क्लब द चैंबर्स भी मौजूद है। होटल में सम्मेलन और सामाजिक आयोजनों के लिए बहुउद्देश्यीय बैंक्वेट सुविधाएं भी उपलब्ध हैं।

46 भैंसें कान्हा उपवन भेजी गयीं

लखनऊ। शहर में निराश्रित पशुओं और अवैध रूप से संचालित डेयरियों के खिलाफ नगर निगम लखनऊ का अभियान लगातार जारी है। गुरुवार को पारा थाना क्षेत्र में पुलिस बल के सहयोग से नगर निगम के प्रवर्तन दल और कैटिल कैचिंग दस्ते ने संयुक्त अभियान चलाया। अभियान के दौरान 45 भैंस और एक भैंसा समेत कुल 46 पशुओं को पकड़कर कान्हा उपवन गौशाला भेजा गया। टीम ने अवैध रूप से संचालित दूध डेयरियों की भी जांच की और खुले में पशु रखने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। नगर निगम की टीम ने पिंक सिटी, गदियाना, बुद्धेश्वर, विहार कॉलोनी और काकोरी मोड़ क्षेत्र में अभियान चलाया।

एनसीसी कैडेट्स को टीबी से बचाव की दी जानकारी

लखनऊ। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत एनसीसी की 63वीं बटालियन ने जिला क्षय रोग केंद्र के सहयोग से मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनबी सिंह के मार्गदर्शन में बृहस्पतिवार को मोंटफोर्ट इंटर कॉलेज में टीबी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में एनसीसी के 200 कैडेट्स को टीबी के लक्षण, बचाव, जांच और उपचार के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर पुनीत श्रीवास्तव, वीएसएम ने कहा कि जनपद में स्थित एनसीसी की सभी बटालियन टीबी जागरूकता अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेंगी।

युवा बने नशा मुक्त अभियान के राजदूतः डा सूर्यकांत

लखनऊ। कालीचरण पीजी कॉलेज में नशा मुक्त फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रबंधक इं. वीके मिश्र ने की। मुख्य वक्ता केजीएमयू के प्रोफेसर डा. सूर्यकान्त ने कहा कि मेरा प्रयास है कि युवा नशा मुक्त अभियान के राजदूत बने। भारत के युवाओं का नशा मुक्त होना स्वस्थ भारत के लिए अति आवश्यक है। आपने बताया कि नशे से 40 तरह के कैंसर और 25 तरह की अन्य जानलेवा बीमारियां होती हैं। जब कोई व्यक्ति सिगरेट का नशा करता है तो 30% वह अपने को और 70% अन्य लोगों को नुकसान पहुंचाता है। कार्यक्रम में महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापिका प्रो. मीना कुमारी, प्रो. अर्चना मिश्रा, प्रो. वीएन मिश्र, डा. मनीषा सिंह, डा. अल्का द्विवेदी सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

बलरामपुर अस्पताल के जर्जर भवन में सांस के मरीजों का इलाज

लखनऊ। बलरामपुर अस्पताल में सांस के मरीजों का इलाज बदहाल भवन में हो रहा है। भवन की छत से पानी टपकने के साथ ही कई जगहों पर प्लास्टर उखड़ चुका है। दीवारों और छत पर नमी के कारण काई जम गई है। ऐसे में मरीजों के बीच संक्रमण का खतरा बना हुआ है इसी भवन में फेफड़ा एवं सांस के मरीजों की ओपीडी संचालित हो रही है। यहां रोजाना करीब 200 से 250 मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। इसके अलावा भवन में एचआईवी जांच और दिव्यांग प्रमाण पत्र से संबंधित कार्यालय भी चल रहे हैं। नमी और सीलन वाले स्थानों पर फफूंद और अन्य सूक्ष्म जीव पनप सकते हैं। अस्पताल के सीएमएस डा. हिमांशु चतुर्वेदी के अनुसार रेनुवेशन के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को प्रस्ताव दिया गया है।

महत्वपूर्ण नंबर		फायर स्टेशन	एम्बुलेंस	
वूमेन पावर लाइन	1090	हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642	मेडिकल सेवा-	102, 108
पुलिस	100, 2629999	गोमती नगर-9454418657		
पुलिस स्टेशन गंज	2622556			

दिन-दहाड़े ताबड़तोड़ हुई दो हत्या व आत्महत्या से हलकान रही पुलिस

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। गोमतीनगर थाना क्षेत्र में दिन-दहाड़े ताबड़तोड़ हुईं दो हत्या व आत्महत्या को लेकर पुलिस हलकान रही। डीसीपी पूर्वी डा. दीक्षा शर्मा ने बताया कि पुलिस को दोपहर करीब सवा 12 बजे सूचना मिली कि गोमतीनगर थाना क्षेत्र में महिला को गोली मारकर पति ने हत्या कर दी है। घटनास्थल पर पुलिस पहुंची, जांच शुरू की इसी बीच दोबारा पुलिस को पता चला कि एक व्यक्ति ने अपनी बहन की गोली मारकर हत्या कर दी और खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। इन सूचनाओं से राजधानी पुलिस बेचैन रही। पुलिस मौके पर पहुंची तो पड़ोसियों से पता चला कि यह वही व्यक्ति मानस बाजपेई था, जिसने अपनी पत्नी दिव्या मिश्रा और बहन सीबा की हत्या करने के बाद खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को तलाशी के दौरान उसके घर से तीन हथियार मिले हैं।

पत्नी को पिस्टल से मारी दो गोली: पुलिस का कहना है कि आईसीआईसीआई बैंक मिठाई वाला चौराहा के बाहर मानस ने पत्नी दिव्या मिश्रा को दो गोली मारी थीं और फरार हो गया। इसके बाद वह घटनास्थल से करीब दो किलोमीटर दूर अपने घर हुसेड़िया चौराहे पर पहुंचा, जहां उसने मन्दबुद्धि बहन तूलिका को गोली मार दी। बहन की हत्या करने के बाद उसने आत्महत्या कर ली। पुलिस का कहना है कि बहन की मानसिक स्थिति नहीं ठीक थी।

पत्नी दिव्या मिश्रा की हत्या से पहले मानस बाजपेई ने आत्महत्या से पहले फेसबुक पर लिखा कि 'मेरी पत्नी मुझको धोखा दे रही थी, मैंने उसे मार दिया' अपनी बहन को भी मार दिया। प्रज्ञा मिश्रा और भारत (पत्रकार) सब कुछ जानते हैं। पत्नी की हत्या के बाद मानस बाजपेई ने मोबाइल के वॉट्सऐप पर स्टेटस लगाया था। इसमें लिखा था कि सुसाइड करने जा रहा हूं।

तलाक के लिए दिव्या ने न्यायालय में की थी अपील: मानस की पत्नी दिव्या मिश्रा यूट्यूबर प्रज्ञा मिश्रा की बहन थी। उसने एक वर्ष पहले पति मानस से तलाक के लिए कोर्ट में अपील दायर की थी। इसके बाद से वह आलमबाग में रहती थी। पति मानस बाजपेई हुसेड़िया चौराहे के पास अपनी बहन सीबा के साथ किराए के मकान में रहता था। मानस के माता-पिता की मौत हो चुकी है।

टीवी पर चल रहा था हनुमान चालीसा: सूत्रों ने बताया कि पत्नी की हत्या के बाद मानस 2 किमी दूर अपने घर पहुंचा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, वह पसीने से भीगा हुआ था। अंदर जाने के बाद कमरे का दरवाजा बंद कर लिया और बहन को गोली मार दी। फिर खुद को भी गोली मार ली। आवाज सुनकर पड़ोसी पहुंचे और दरवाजा तोड़ा। अंदर भाई-बहन की खून से लथपथ लाश पड़ी थी। टीवी पर तेज आवाज में हनुमान चालीसा चल रही थी। घटना की जानकारी मिलते ही अफसर मौके पर पहुंच गए। फोरेंसिक टीम जांच कर रही है। पुलिस कमिश्नर तरुण गाबा भी मौके पर पहुंचे। वारदात की वजह अभी क्लियर नहीं है। लेकिन, मानस ने वॉट्सएप स्टेटस लगाया था।

उसने मुझे धोखा दिया है: मानस ने वॉट्सएप स्टेटस में लिखा था कि मैंने ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी, क्योंकि उसने मुझे धोखा दिया। अब मुझे खुद को और अपनी बहन को भी मारना है। उसकी (दिव्या की) बहन प्रज्ञा और उनके (प्रज्ञा के) पति भरत यादव को सबकुछ पता है। आपको बता दें दिव्या मिश्रा मशहूर यूट्यूबर प्रज्ञा मिश्रा की बहन थीं। दिव्या मिश्रा (33) आईसीआईसीआई बैंक में असिस्टेंट मैनेजर थीं, जो रिलेशनशिप मैनेजर के तौर पर काम कर रही थीं।

यूट्यूबर प्रज्ञा मिश्रा की बहन थीं दिव्या: मृतका दिव्या, यूट्यूबर प्रज्ञा मिश्रा की बहन थीं। दिव्या की शादी 12 साल पहले हुई थी। उन्होंने एक साल पहले पति मानस बाजपेई (35) से तलाक के लिए कोर्ट में अपील दायर की थी। इसके बाद से वह आलमबाग में रहती थीं। पति मानस बाजपेई हुसड़िया चौराहे के पास अपनी बहन सीबा (28) के साथ किराए के मकान में रहता था। मानस के माता-पिता की मौत हो चुकी है।

मानसिक तनाव बनता है विवाद का कारण: मानसिक रोग विशेषज्ञो का मानना है कि ऐसे केस जहां पर पति पत्नी में वर्षो से विवाद चल रहा होता है तो दो तरफ से ही मानसिक स्थिति ठीक नही होती है। कभी-कभी कोर्ट में बहस के दौरान भी ऐसी बाते हो जाती है कि मरने मारने तक की नौबत आ जाती है। ऐसे मे यह सावधानी होनी चाहिए कि पति और पत्नी को जल्द से जल्द एक दूसरे से अलग होने का फैसला हो जाना चाहिए।

जिम्मेदारी न रहे इसलिए अपनो का होता है खून: सामाजिक लोगों का मानना है कि पति-पत्नी के विवाद में बहन, मां और पति का जिम्मदारी उठाना भी एक कठिन समस्या होती है ऐसे में मानसिक संतुलन ठीक नही रहता है। मन में ऐसे भी विचार आने लगता है कि हमे चले जायेगें तो मां, बहन और पिता का क्या होगा। बस यही सोच अपनो का भी खून कर देती है। अपनो का खून तो होता ही है साथ में नाते-रिस्तेदारो का भी दूरी बढ जाती है।

बहन के घर पर रह रहा था पति मानस: इसके बाद से दिव्या मिश्रा आलमबाग में रहती थी। पति मानस बाजपेई हुसड़िया चौराहे के पास अपनी बहन के किराए के मकान में रहता था। मानस भारतीय स्टेट बैंक में काम करता था। मानस के माता-पिता की मौत हो चुकी है। पड़ोसी का कहना है कि जैसे ही उन्होंने वॉट्सऐप स्टेटस देखा। वहउनके घर पहुंचे। उन्होंने कहा कि दरवाजा खटखटाने पर कोई जवाब नहीं मिला। काफी देर तक आवाज देता रहा पर कोई हलचल नहीं। घर के अंदर टीवी चल रहा था। इसके बाद दरवाजा जोर लगाकर खोला गया। अंदर दोनों भाई-बहन मृत पड़े थे।

राजगीर मिस्त्री की दो लोगों ने पीट-पीट कर की हत्या

रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में दो लोगों ने एक राजगीर मिस्त्री की पीट-पीटकर हत्या कर दी।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई कर रही है। मूल रूप से बाराबंकी जिले के रामसनेहीघाट थाना अंतर्गत टेमा गाँव निवासी राजगीर मिस्त्री आशीष द्विवेदी (34) अपने छोटे भाई मनीष और चाचा प्रमोद व विनोद के साथ अमौसी गांव में यहां के रहने वाले मनोज सिंह के मकान में पिछले करीब 3 वर्षों से किराए पर रहता था। आशीष के भाई मनीष ने बताया कि बुधवार को उसका बड़ा भाई आशीष काम पर चला गया। जबकि चाचा प्रमोद और विनोद भी अलग- अलग अपने काम पर चले गए और आशीष अपने बाराबंकी स्थित घर पर था।उसने बताया कि रात में उसके चाचा ने उसे जानकारी दी कि मनीष को दो लोगों ने बुधवार शाम करीब 4:30 बजे घर से करीब 400 मीटर दूर साई सुरक्षा नगर स्थित मंदिर के पास लात घूसों और लकड़ी के फंटे से बुरी तरह पिटाई कर दी। जिससे वह गंभीर होकर बेहोश हो गया। किसी ने पुलिस को सूचना दी। तब पुलिस ने उसे ले जाकर सरोजनीनगर सीएचसी में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद रात में आशीष को अपने किराए वाले घर में ले आया गया। यह सूचना मिलने के बाद मनीष गुरुवार सुबह अमौसी पहुंचा। जहां उसके भाई आशीष ने बताया कि उसके साथी राजगीर मिस्त्री अमौसी निवासी फूलचंद श्रीवास्तव और प्लंबर कल्लू उर्फ श्यामलाल रावत से उसका विवाद हो गया था। इन लोगों ने आशीष पर छेनी हथौड़ी बेचने का आरोप लगाते हुए उसकी बुरी तरह पिटाई की। जिससे वह बेहोश हो गयाऔर वही पड़ा रहा। इस दौरान कल्लू आशीष के घर पहुंचा और आशीष के चाचा से शिकायत करते हुए कहा कि आशीष ने उसका सामान बेच दिया है, इसलिए उसके खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने जा रहा हूँ। लेकिन कुछ देर बाद पता चला कि आशीष को फूलचंद और कल्लू ने आशीष की बुरी तरह पिटाई की। जिससे वह बेहोश होकर घायल हो गया। तब किसी से सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने उसे सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसके चाचा उसे घर ले आए। लेकिन गुरुवार सुबह करीब 9 बजे आशीष ने घर में ही दम तोड़ दिया। बाद में मनीष ने इसकी सूचना डायल 112 पर दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने उसे सरोजनीनगर सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और पीड़ित परिजनों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है।

अमीनाबाद पुलिस चौकी हटाने का आदेश देने से हाईकोर्ट का इंकार

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने अमीनाबाद पुलिस चौकी को कथित अवैध निर्माण बताते हुए उसे हटाने अथवा ध्वस्त करने की मांग वाली जनहित याचिका में हस्तक्षेप करने से इंकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि पुलिस चौकी क्षेत्र के लोगों की सुरक्षा और सुविधा के लिए होती है, पुलिसकर्मियों के निजी उपयोग के लिए नहीं। ऐसे में मौजूदा परिस्थितियों में चौकी को ध्वस्त करने का आदेश देना उचित नहीं होगा। न्यायमूर्ति राजन राय और न्यायमूर्ति मंजिव शुक्ला की पीठ ने एम एल यादव की जनहित याचिका पर यह आदेश दिया। सुनवाई के दौरान याची ने कहा कि अमीनाबाद पुलिस चौकी का निर्माण अवैध तरीके से किया गया है और इसे हटाया जाना चाहिए। इसके लिए किसी अन्य उपयुक्त भूमि का अधिग्रहण कर पुलिस चौकी का निर्माण किया जा सकता है। कोर्ट ने इस पर कहा कि अमीनाबाद अत्यंत भीड़भाड़ वाला और घनी आबादी वाला क्षेत्र है। वहां शायद ही कोई ऐसी खाली जमीन उपलब्ध हो, जहां नई पुलिस चौकी का निर्माण किया जा सके। कोर्ट ने कहा कि उपयुक्त भूमि के अधिग्रहण की बात कहना जितना आसान है, उसे व्यवहार में करना उतना ही कठिन है। पीठ ने कहा कि ऐसी परिस्थितियों में यदि वहां पुलिस चौकी का निर्माण किया गया है तो यह ऐसा मामला नहीं है जिसमें अदालत उसके ध्वस्तीकरण का आदेश दे। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि पुलिस चौकी क्षेत्र के लोगों के हित में ही कार्य करती है। हालांकि, कोर्ट ने याची को पुलिस आयुक्त, लखनऊ के समक्ष प्रत्यावेदन देने की छूट दी है। कोर्ट ने कहा कि यदि पुलिस चौकी को वर्तमान स्थान से किसी अन्य उपलब्ध स्थान पर स्थानांतरित करना संभव हो तो इस विकल्प पर विचार किया जा सकता है। याची ने शहर में बड़े पैमाने पर कथित रूप से अवैध रूप से निर्मित पुलिस चेक पोस्टों का मुद्दा भी उठाया। कोर्ट ने कहा कि इस संबंध में भी याची पुलिस आयुक्त के समक्ष प्रत्यावेदन दे सकता है।

लखनऊ खंडपीठ में आम वादकारियों के लिए वादकारी कक्ष का उद्घाटन

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में गुरुवार को आम वादकारियों की सुविधा के लिए नवनिर्मित वादकारी कक्ष का उद्घाटन मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली ने किया। हाईकोर्ट परिसर में अब तक आम वादकारियों के बैठने के लिए अलग से कोई विशेष व्यवस्था नहीं थी, जिसके चलते उन्हें काफी असुविधाओं का सामना करना पड़ता था। बार की ओर से वादकारियों के लिए अलग कक्ष उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया था। इसके बाद हाईकोर्ट प्रशासन की ओर से वादकारी कक्ष की व्यवस्था की गई। इससे न्यायालय में अपने मामलों की सुनवाई के लिए आने वाले आम लोगों को बैठने के लिए उचित स्थान मिल सकेगा और उन्हें इधर-उधर भटकने की परेशानी से राहत मिलेगी। वादकारी कक्ष के उद्घाटन के अवसर पर वरिष्ठ न्यायमूर्ति राजन रॉय समेत बड़ी संख्या में अन्य न्यायमूर्तिगण मौजूद रहे। इस अवसर पर अवध बार एसोसिएशन की ओर से अध्यक्ष पंडित चंद्रा और महासचिव ललित किशोर तिवारी ने वादकारियों की सुविधा के लिए कक्ष उपलब्ध कराने पर मुख्य न्यायाधीश का विशेष आभार व्यक्त किया। बार पदाधिकारियों ने कहा कि वादकारियों के लिए यह सुविधा लंबे समय से महसूस की जा रही जरूरत को पूरा करेगी।

तमंचा लेकर घूम रहे युवक को पुलिस ने दबोचा

लखनऊ। बिजनौर पुलिस ने गुरुवार को अवैध तमंचा लेकर घूम रहे एक युवक को धर दबोचा। पुलिस ने उसके कब्जे से 315 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद कर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक बिजनौर थाने में तैनात उपनिरीक्षक आनंद प्रताप सिंह पुलिस टीम के साथ गुरुवार को बिजनौर बाजार के पास संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि गोलू होटल के सामने से नक्श सिटी जाने वाले रास्ते पर एक युवक तमंचा लेकर घूम रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घेराबंदी कर युवक को धर दबोचा।

शराब के नशे में भाइयों पर राड से किया हमला ,रिपोर्ट दर्ज

लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में शराब के नशे में एक युवक द्वारा अपने ही भाइयों पर रॉड से हमला करने का मामला सामने आया है। इस मामले में सरोजनीनगर के गौरी स्थित देवलोक कॉलोनी निवासी मनोज विश्वकर्मा ने नीरज विश्वकर्मा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित मनोज विश्वकर्मा के मुताबिक उसका भाई नीरज विश्वकर्मा आए दिन शराब पीकर घर में विवाद और गाली-गलौज करता है। आरोप है कि नीरज पहले मां के साथ भी मारपीट कर चुका है। पीड़ित का कहना है कि बुधवार को नीरज ने अचानक उस पर और उसके बड़े भाई उमाशंकर विश्वकर्मा पर रॉड से हमला कर दिया। उसके इस हमले में दोनों के सिर में गंभीर चोट लगने से वह बाल-बाल बच गए। दोनों का सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कराया गया। घटना के बाद आरोपी दोनों भाइयों को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। फिलहाल पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

एसआई भर्ती में खाली पदों पर अतिरिक्त परिणाम की मांग खारिज

- हाईकोर्ट ने कहा- भर्ती प्रक्रिया को पीछे नहीं ले जा सकते

विधि संवाददाता (vol)

लखनऊ। राज्य सरकार को बड़ी राहत देते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने वर्ष 2016 की दरोगा भर्ती में रिक्त रह गए पदों के सापेक्ष अतिरिक्त परिणाम घोषित करने की मांग को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि भर्ती नियमों में वेटिंग लिस्ट का कोई प्रावधान नहीं है और 2025 की नई भर्ती प्रक्रिया काफी आगे बढ़ चुकी है। ऐसे में पुरानी भर्ती के अभ्यर्थियों को लाभ देने के लिए मौजूदा भर्ती प्रक्रिया को पीछे नहीं ले जाया जा सकता। यह आदेश मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की पीठ ने प्रांशु कुमार सिंह व 17 अन्य, विष्णु स्वरूप सिंह व 31 अन्य तथा अश्वनी कुमार पांडेय व एक अन्य की ओर से दाखिल तीन विशेष अपीलों को खारिज करते हुए पारित किया है।

मामला 17 जून 2016 को जारी विज्ञापन के तहत सब इंस्पेक्टर (सिविल पुलिस), प्लाटून कमांडर (पीएसी) और फायर सर्विस-ऑफिसर के पदों पर भर्ती से संबंधित था। अभ्यर्थियों ने 2016 की भर्ती में रिक्त रह गई सीटों के सापेक्ष अतिरिक्त चयन परिणाम घोषित करने की मांग की थी। एकल पीठ ने पहले उनकी याचिकाएं खारिज करते हुए कहा था कि अभ्यर्थी चयनित नहीं हुए थे और गैर-चयनित अभ्यर्थियों की सूची में थे। भर्ती नियमों में वेटिंग लिस्ट का प्रावधान नहीं होने के कारण रिक्त पदों पर उनका कोई निहित अधिकार नहीं बनता। एकल पीठ के आदेश के खिलाफ दो जजों के सामने विषेश अपील दाखिल करके अभ्यर्थियों ने सुप्रीम कोर्ट के स्टेट ऑफ यूपी बनाम अतुल कुमार द्विवेदी मामले में 7 जनवरी 2022 के फैसले का हवाला दिया। इसमें सामान्यीकरण की प्रक्रिया को बरकरार रखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बाद में अयोग्य घोषित हुए कुछ अभ्यर्थियों के लिए अगली भर्ती में वेटेज अथवा आयु में छूट देने पर राज्य को विचार करने को कहा था। अभ्यर्थियों के तर्क से असहमति प्रकट करते हुए पीठ ने कहा कि यदि अभ्यर्थी सुप्रीम कोर्ट के इस निर्देश का लाभ चाहते थे तो 2025 की भर्ती का विज्ञापन जारी होने के समय ही अदालत का रुख करना चाहिए था। अब जबकि 2025 की भर्ती प्रक्रिया उन्नत चरण में पहुंच चुकी है, इसमें हस्तक्षेप कर प्रक्रिया को पीछे ले जाना उचित नहीं होगा। कोर्ट ने कहा कि एकल पीठ के आदेश में हस्तक्षेप का कोई आधार नहीं है। तीनों अपीलों में कोई दम नहीं होने के कारण उन्हें खारिज कर दिया गया।

पेंशन मामले में आदेश की अवहेलना पर अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार को अवमानना नोटिस

विधि संवाददाता (vol)

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने सेवानिवृत्त डॉक्टरों की संशोधित पेंशन के मामले में दिये गये आदेश का समय से अनुपालन नहीं किए जाने पर वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार के खिलाफ अवमानना नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवायी 21 सितम्बर को नियत किया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति सौरभ लवानिया ने डॉ. बृजेंद्र पाल आजाद श्रीवास्तव समेत सात याचियों की ओर से दाखिल एक अवमानना याचिका पर पारित किया है। याचियों ने अवमानना अर्जी में आरोप लगाया है कि हाईकोर्ट ने 27 फरवरी को उनके प्रत्यावेदन पर आठ सप्ताह में निर्णय लेने का निर्देश दिया था, लेकिन निर्धारित अवधि में आदेश का अनुपालन नहीं किया गया। इसके बाद याचियों को अवमानना याचिका दाखिल करनी पड़ी। कोर्ट ने कहा कि अगली तारीख पर अपर मुख्य सचिव को यह बताना होगा कि अदालत के आदेश की जानबूझकर और इरादतन अवहेलना के लिए उनके खिलाफ अवमानना अधिनियम, 1971 के तहत कार्रवाई क्यों न की जाए। हालांकि, कोर्ट ने अपर मुख्य सचिव को अनुपालन का अवसर भी दिया है। कोर्ट ने कहा कि यदि आदेश का पहले ही पालन हो चुका है तो अपर मुख्य सचिव को अगली सुनवाई से पहले अनुपालन शपथपत्र दाखिल करना होगा और ऐसे में उनको व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने की जरूरत नहीं होगी। यदि आदेश का पालन अभी तक नहीं हुआ है तो अपर मुख्य सचिव को आदेश की जानकारी मिलने के दो सप्ताह के भीतर उसका अनुपालन कर 5,000 रुपये की क्षतिपूर्ति याचियों को अपनी जेब से देनी होगी। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यह राशि राज्य कोष से नहीं दी जाएगी और लागत दंडात्मक नहीं बल्कि क्षतिपूरक है।

उत्तर रेलवे

ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

Admin Unit/Zone	Lucknow-NR-Division-Commercial/ Northern Railway
Auction catalogue No./Lot no.	Ctg-GNG
Description of Work	Allotment of catering Stall at GAURIGANJ Railway station of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years
Catalogue Published on	11.08.2026
Auction Start (All Lots)	27.08.2026 at 11:00 hrs
Auction close Date/Time	27.08.2026 at 11:30 hrs
Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders	E- Auction Module of www.ireps.gov.in

Details of catering stalls to be auctioned are as under: -

SN	Station	Lot No.	Stall ID	Close Date /Time	Quota	Sub Quota
1	GAURIGANJ	Catg-LKO-GNG-GMU-71-24-1	GNG/ PF-1/18 /ADDL	27.08.2026 at 11:30 hrs.	GMU	WOMEN

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक
उत्तर रेलवे, लखनऊ

2889/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

केसों की लिस्टिंग व स्थगन पर सुझाव दें : हाईकोर्ट

लखनऊ। मुकदमों की लिस्टिंग, स्थगन और ह्यस्टैंड आउटह्ण मामलों में निष्चित तारीख तय करने की व्यवस्था में सुधार को लेकर अधिवक्ताओं ने हाई कोर्ट में केस दाखिल कर दिया । इस पर इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने मामले में याची अधिवक्ताओं को अपने सुझाव हाईकोर्ट के प्रशासनिक पक्ष के समक्ष देने को कहा है, ताकि इस मसले पर विचार किया जा सके। यह आदेष न्यायमूर्ति राजन राय और न्यायमूर्ति मंजिव शुक्ल की पीठ ने गिरधारीलाल यादव व अन्य अधिवक्ताओं की ओर से दाखिल एक जनहित याचिका को निस्तारित करते हुए पारित किया है।

याचिका में मांग की गई थी कि हाईकोर्ट में दाखिल लिस्टिंग एप्लीकेशन, मुकदमों के स्थगन तथा ह्यस्टैंड आउटह्ण मामलों की सुनवाई के लिए सामान्य आदेश पारित कर दिये जाते हैं और कोई निष्चित तारीख नहीं नियत की जाती है जिस कारण मुकदमों की लिस्टिंग के लिए कोर्ट के आफिस के चक्कर काटने पड़ते हैं और इसमें काफी समय बर्बाद हो जाता है तथा पीड़ितों को षीघ्र न्याय नहीं मिला पाता है। याचियों की मांग थी कि हाई कोर्ट में विचाराधीन सभी मुकदमों में एक निश्चित तारीख तय की जानी चाहिए । याचियों का कहना था कि तारीख निर्धारित होने से ऐसे मामलों की सुनवाई में होने वाली देरी कम होगी और मुकदमों की लंबित संख्या घटाने में मदद मिलेगी। याचिका में यह भी मांग की गई थी कि आवश्यकता होने पर इलाहाबाद हाईकोर्ट रूल्स, 1952 में उपयुक्त संशोधन किया जाए, ताकि लिस्टिंग अथवा स्थगन से संबंधित मामलों में निश्चित तारीख तय करने की व्यवस्था प्रभावी हो सके। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने याचियों से कहा कि वे इस संबंध में अपने सुझाव हाईकोर्ट के प्रशासनिक पक्ष में प्रस्तुत करें। कोर्ट ने कहा कि इन सुझावों पर प्रशासनिक स्तर पर विचार किया जा सकता है।

दो लुटेरे गिरफ्तार, टूटी हुई दो चेन व नकदी बरामद

लखनऊ। गुडम्बा पुलिस एंव सर्विलांस टीम (डीसीपी पूर्वी) की संयुक्त टीम ने चेन स्नैचिंग की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 02 टूटी हुई चेन पीली धातु (कीमत करीब 02 लाख रुपए), 1,760/- नगद व घटना में प्रयुक्त 01 इलेक्ट्रिक स्कूटी बरामद हुई है ।

पुलिस काकहना है कि थाना क्षेत्र में राह चलते व्यक्तियों से चेन स्नैचिंग की घटनाओं के सम्बन्ध में कई मामले दर्ज हुए थे। अशोक कुमार, सेवानिवृत्त उपमहानिदेशक, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, की तहरीर पर पंजीकृत किया गया। अभियोग की घटना 02 अगस्त की रात करीब 11:00 बजे सेक्टर-एच, जानकीपुरम स्थित रइकरोड पर हुई, जिसमें वादी की सोने की चेन स्कूटी सवार दो व्यक्ति छीन कर फरार हो गए थे। इसी तरह 17 अगस्त को कु0 प्रिया जोशी पुत्री श्री मयंक कुमार जोशी की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। घटना 16 अगस्त को रात्रि करीब 10:30 बजे टेढ़ी पुलिया के पास हुई, जिसमें स्कूटी सवार दो व्यक्तियों द्वारा उसके गले से सोने की चेन छीन ली गयी थी।

19 अगस्त को उ0नि0 दिग्विजय यादव मय पुलिस टीम चेन स्नैचिंग की घटनाओं से सम्बन्धित माल-मुल्जिमान की तलाश में क्षेत्र में थे। उसी दौरान सूचना मिली कि चेन स्नैचिंग की घटनाओं में संलिप्त दो व्यक्ति सिल्वर रंग की स्कूटी से स्कार्पियो क्लब के आगे कुकरैल जंगल की तरफ जाने वाली सड़क के किनारे खड़े हैं तथा पुनः घटना करने की फिराक में हैं एवं चोरी की चेन को बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर दोनों व्यक्तियों को दबोच लिया वे स्कूटी से भागने का प्रयास कर रहे थे। घेराबन्दी कर स्कार्पियो क्लब से थोड़ा आगे कुकरैल जंगल की तरफ जाने वाली सड़क पर पकड़ लिया गया। जामा तलाशी में अभियुक्त लारेब जैदी उर्फ सोनू के कब्जे से 01 टूटी हुई पीली धातु की चेन, 1,100/- नगद तथा अभियुक्त अभिनव मौर्या के कब्जे से 01 टूटी हुई पीली धातु की चेन व 660/- नगद बरामद हुआ। पूछताछ में अभियुक्तगणों ने बताया कि दोनों मिलकर चेन स्नैचिंग की घटनाओं को अंजाम देते थे। एक अभियुक्त स्कूटी चलाता था तथा दूसरा राह चलते व्यक्तियों के गले से चेन झपट्टा मारकर छीन लेता था। चोरी की गयी चेन को बेचकर प्राप्त धनराशि का प्रयोग अपने व्यक्तिगत खर्च में करते थे।

अभियुक्त लारेब जैदी उर्फ सोनू, पुत्र वासी मोहम्मद उर्फ मुन्ना, निवासी 317/419 निवासगंज, थाना ठाकुरगंज रैपीडो चालक है व अभिनव मौर्या, पुत्र राजू मौर्या, निवासी डा0 आर0के0 विश्वकर्मा के पास, 459/272 मोहिनी पुरवा हुसैनाबाद, थाना ठाकुरगंज भी रैपीडो चालक है।

सड़क हादसे में कांवड़िये की मौत, साथी घायल

लखनऊ। इटौंजा थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में कांवड़िये की मृत्यु हो गयी, जबकि उसका साथी घायल है। हादसा गुरुवार को करीब 03:30 बजे हुआ जबदोनों सत्यम गुप्ता पुत्र राकेश गुप्ता निवासी कुर्सी हिरोरा, थाना संदना, जनपद सीतापुर व शोभित गुप्ता पुत्र आशीष कुमार निवासी पलटूपुर, थाना घूंघटेर, जनपद बाराबंकी बाइक से सीतापुर से लखनऊ की ओर अ रहे थे। थाना इटौंजा क्षेत्रान्तर्गत सीतापुर-लखनऊ हाईवे पर लाडली होटल के सामने एक अज्ञात डीसीएम वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। जिससे दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। दोनों घायलों को उपचार के लिए रामसागर मिश्र 100 शैय्या अस्पताल, साढ़ामऊ बीकेटी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने सत्यम गुप्ता को मृत घोषित कर दिया और शोभित गुप्ता को प्राथमिक उपचार के बाद बलरामपुर अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने शव का पंचायतनामा कर पोस्टमार्टम के लिए केजीएमयू भेज दिया।

कार्यालय नगर पंचायत निघासन, जनपद लखीमपुर-खीरी

पत्रांक-481/न.पं.नि./नि.सू.-15वां वित्त/2026-27, दिनांक-18/08/26

ई.निविदा सूचना

एतदद्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निकाय को 15वां वित्त आयोग द्वारा प्राप्त धनराशि से प्रस्तावित निम्न निर्माण कार्य हेतु ई-टेन्डरिंग के माध्यम से दिनांक-31/08/26 को समय अपरान्ह 3.00 बजे तक ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जिसके ऑनलाइन निविदा प्रपत्र https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं जो कि दिनांक-20/08/26 से दिनांक-31/08/26 तक अपरान्ह 3.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते हैं। अधिक जानकरी के लिए कृपया वेब साइट पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

अधिशाषी अधिकारी	अध्यक्ष
नगर पंचायत-निघासन	नगर पंचायत-निघासन
लखीमपुर-खीरी	लखीमपुर-खीरी

रक्षाबंधन पर सोने-चांदी की डिजायनर राखियों से चमका सराफा बाजार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। भाई-बहनों के पवित्र त्योहार रक्षाबंधन को लेकर सराफा बाजार पूरी तरह से तैयार है। शहर के तमाम सराफा दुकानों में रौनक देखी जा सकती है। चौक, अमीनाबाद, आलमबाग, गोमतीनगर, भूतनाथ सहित अन्य बाजारों में इस बार भी सोने-चांदी व हीरे की सुंदर राखियां आई हैं। ज्वैलर्स की दुकानों पर सोने और चांदी की राखियों की बहनें खरीदारी कर रही हैं। सुंदर डिजाइन और नगों से सजी राखी की सुंदरता देखते ही बनती है। सराफा कारोबारियों के मुताबिक सोने-चांदी की बनी राखियां ब्रेसलेट के जैसी बनाई हैं ताकि इन्हें पूरे वर्ष पहना जा सके। वहीं कई ग्राहकों ने आर्डर देकर खास डिजाइन की राखियां तैयार कराई हैं।

1.5 लाख तक की राखियां उपलब्ध: चांदी की राखियों की कीमत 300 रुपए से शुरू होती है, वहीं सोने की राखियां 5000 रुपए से करीब 1.5 लाख रुपए तक की है। इस बात का ध्यान रखा गया है कि ये राखियां वजन में हल्की हों, जिससे कीमत को लोगों की पहुंच में रखा जा सके। डायमंड राखी की मांग उतनी ज्यादा नहीं है क्योंकि डायमंड से राखी की कीमत बढ़ जाती है। सोने की राखियों को लोग इन्वेस्टमेंट के तौर पर भी पसंद कर रहे हैं। भाई के लिए रखी पसंद करने आईं रीना का कहना है कि सोने की राखी थोड़ी महंगी पड़ती हैं, पर अगर भाई को गिफ्ट और राखी दोनों के तौर पर सिर्फ राखी देना चाहें तो हल्के वजन की ऐसी राखियों को देखा जा सकता है।

भाई को ब्रेसलेट, भाभी को लुंबा: रक्षाबंधन के दिन भाईयों के साथ बहनें भाभियों को भी रक्षासूत्र बांधती हैं। इसके लिए विशेष तरह का कलाई में लटकने वाला लुंबा भी खूब पसंद किया जा रहा है।200 से लेकर 250 रुपये प्रति पीस वाला लुंबा आकर्षक है। वहीं गोल्डेन ब्रेसलेट और अमेरिकन डायमंड की मांग है। इसकी अधिकतम कीमत प्रति पीस 300 रुपये है।

सरार्फा बाजार भी पूरी तरह से राखी के लिए तैयार है। चौक सरार्फा के अमृत जैन बताते हैं कि हल्की रेंज की चांदी सोने की राखियां खूब पसंद की जा रही हैं। आकर्षक गोल्ड राखियां पांच हजार रुपये से शुरू होकर वजन के हिसाब से बन रही हैं। इस मौके पर डायमंड राखियां भी बहनें खरीद रही हैं।

विशेष थाली लें और सीधे पहुंच जायें घर: बाजार में इस बार विशेष तरह की थालियां आई हैं। कारोबारी हर्षत गुप्ता बताते हैं कि इसे लेकर सीधे भाई को टीका करने पहुंचा जा सकता है। इसमें रोली, चावल, दिया, सूती और डिजाइनर राखियां हैं। विशेष क्ले से बनी इन रंगीन डिजाइनर थालियों में पर्व की जरूरत से जुड़ा करीब-करीब सारा सामान मौजूद रहता है। खास बात यह है कि सिर्फ बड़ी थालियां ही नहीं, नन्हीं-नन्हीं हथेलियों पर पूजन सामग्री ले जाने वाली छोटी थालियां भी हैं। जहां बड़ी थाली की कीमत 160 से 200 तो छोटी थाली 50 रुपये प्रति पीस है।

हैंड मेड राखी थाली ट्रेंड में: इस बार हैंड मेड राखी थाली ट्रेंड में है। विभिन्न तरीकों से तैयार की गयी इस थाली को बहनें खूब पसंद कर रही हैं। थाली को विभिन्न तरह के फूल, लैस, रंग -बिरंगे कपड़े वह अन्य चीजों से तैयार किया जा रहा है, जो देखने में भी काफी सुंदर है। थाली में चंदन, मिठाई, दीया और राखी रखने के लिए अलग-अलग भाग बनाये गये हैं। थाली की कीमत 250 से लेकर 1500 तक है।

नहीं है डिजाइन की कमी: कम कीमत वाली राखी हो या ज्यादा, हर तरह की रेंज में आपको राखी के सुंदर से सुंदर डिजाइन देखने के लिए मिल जाएंगे। सरार्फा बाजार में रौनक देखने को मिल रही है। इसी तरह का नजारा रक्षाबंधन के पावन पर्व पर भी देखने को मिल रहा है। ऐसे में सभी बहनें अपने बजट अनुसार खरीदते हुए दिखाई दे रही हैं।

बाजारों की लौटी रौनक

सराफा कारोबारी ने बताया कि इस बार रक्षा बन्धन पर सोने चांदी की राखी की मांग बहुत बढ़ गयी है। बहनों ने अपने भाइयों के लिए रक्षा बन्धन पर चांदी की 300सौ रुपये से लेकर 1800सौ रुपये तक की राखियां ज्यादा खरीद रही हैं। वहीं सोने की राखी की भी डिमांड इस बार बढ़ी है। सोने की राखी 2000 हजार से 60 हजार से ज्यादा की है। सामान्य रूप से सोने की अनेक डिजाइन में बनी फैंन्सी राखी 16 हजार से लेकर 95 हजार रुपये तक है, उन्होंने कहा कि लोग अपने जेब के अनुसार खरीदारी कर रहे है। सरार्फा बाजार में रौनक बनी हुई है।

रत्न जड़ित राखियां

रेखा साहू बताती हैं कि लडडू, बर्फी, मेवा आदि चीजें ठोस चांदी के रूप में गिफ्ट पैकिंग में हैं। नौ हजार रुपये प्रति बाक्स से लेकर करीब 22,000 रुपये कीमत तक है। वहीं सोने और डायमंड की विशेष राखियां आर्डर पर बनवाई जाती हैं। वजन और हीरों की क्वालिटी के हिसाब से इनकी कीमत और डिजाइन आर्डर पर बनवाए जाते हैं। लोग हीरे जड़ित घड़ियां तक बनवाते हैं। चुनिंदा लोग ही बड़े आर्डर करते हैं। रत्नजड़ित सोने की राखियां एक लाख से शुरू होकर वजन के अनुसार कई लाख तक हो सकती है।

बाजार में चांदी की राखियों की मांग ज्यादा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। रक्षाबंधन को लेकर जहां बाजारों में रेशम के धागे की मांग है तो वहीं एक वर्ग में सोने-चांदी की राखियों की भी विशेष मांग है। इसी मांग को ध्याम में रखकर राजधानी के तमाम ज्वैलर्स ने विशेष तैयारी की है।

गोमतीनगर के सराफा कारोबारी ने बताया कि इस बार चांदी की कम वजन की राखियां खास आकर्षण हैं। इन राखियों में परंपरागत डिजाइन के साथ स्टाइलिश लुक भी है। रंग-बिरंगे मोतियों को चांदी की चेन में पिरोकर लेटेस्ट डिजाइनों में उतारा गया है। यह राखियां हर उम्र के भाइयों की कलाई पर खूब सजेंगी। विनोद माहेश्वरी ने बताया कि राखियों में चांदी की शुद्धता भी 90 फीसदी से अधिक है। इसे हर वर्ग के लोग खरीद सकेंए इसके लिए इनका वजन और कीमत काफी कम रखी गई है। महिलाएं अपने भाइयों के लिए राखी वाले ब्रेसलेट भी खरीद रही हैं।

सोने की राखियां 24-50 हजार: सोने की राखियां 24 हजार से लेकर 50 हजार तक हजार तक में उपलब्ध है। इनमें गणेश, ओम, त्रिशूल आदि आकृति बने हुए हैं। भूषण भवन के शशि कुमार ने बताया कि चांदी की राखी कीमत एक से पांच हजार तक जायेगी। उन्होंने बताया यह कोलकाता, राजकोट और दिल्ली से आता है। पिछले कुछ सालों से चांदी की राखी की मांग में लगातार इजाफा हो रहा है। सोने की राखियां जहां एक से तीन ग्राम में उपलब्ध है, वहीं चांदी की राखी भी 5 ग्राम से लेकर 20 ग्राम तक में मिल रही है। बड़ी से लेकर लोकल कंपनियां मेकिंग चार्ज में छूट से लेकर अन्य ऑफरों से लोगों को लुभा रही हैं।

चांदी के ब्रेसलेट की सर्वाधिक डिमांड: बहनों में चांदी के ब्रेसलेट की सर्वाधिक डिमांड है। आकर्षक ब्रेसलेट पांच से 10 हजार रुपये तक में उपलब्ध है। इस बार राजस्थानी गोटे, रुद्राक्ष, मोतियों व फूल से बनी राखी के साथ ही वेस्ट मैटेरियल से बनायी गयी राखियां लोगों को काफी पसंद आ रही हैं। इसके अलावा कस्टमाइज फोटो वाली राखियां भी काफी आकर्षित कर रही हैं।

'घर की मुर्गी' ने बताया संतोष में ही है सुख

● राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह में नाटक का मंचन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। एक पुरानी कहावत को चरितार्थ करने वाला राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह में आज शाम बिम्ब सांस्कृतिक समिति द्वारा मंचित नाटक दर्शकों को हंसाते हुए सकारात्मक संदेश दे गया। रामकिशोर नाग का लिखा और सरिता कपूर के निर्देशन में प्रस्तुत नाटक 'घर की मुर्गी' बता गया कि अगर नजरिया सही हो तो जो प्राप्त है और आपकी पहुंच में है उसे नकारना या उसकी अवज्ञा अनुचित है।

संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार और प्रदेश के संस्कृति विभाग के सहयोग से हुए संतोष में ही सुख ढूंढने को प्रेरित करने वाले इस नाटक की कहानी में व्यवसायी रामजी की पत्नी सरिता भारतीय परिवेश और संस्कारों के हिसाब से चलने वाली कुशल शिक्षित गृहणी हैं पर रामजी को पश्चिमी संस्कृति भाती है। लिहाजा वे सरिता पर जब तब व्यंग्य बाण छोड़ा करते हैं। सरिता के कॉलेज के साथी पति-पत्नी किटी और प्रकाश को जब सारी जानकारी होती है तो वे तीनों रामजी को सबक सिखाने की योजना बनाते हैं। रामजी को अपने आफिस में एक सेक्रेटरी की जरूरत होती है। आधुनिक वेश-भूषा में इंटरव्यू के लिये आई मोना को देखकर उनके मन में लड्डू फूटने लगते हैं। रामजी उसे खुशी खुशी नौकरी पर रख लेते हैं। घर में सरिता का बनाया जैसा खाना रामजी को बदस्वाद लगता है, वैसा ही खाना मोना के हाथ से उन्हें चटखारे भरा लगने लगता है। मोना जब जब उनसे पत्नी के बारे में पूछती है तो वह अपने को माडर्न विचारों वाला और अपनी पत्नी को पिछड़ी गंवार बताकर मोना की सहानुभूति पाने और उसपर प्रभाव जमाना चाहते हैं। एक दिन सरिता रामजी से कहती है वो नई सेक्रेटरी जिसकी वो हर चीज की प्रशंसा करते हैं उसको देखने ऑफिस आ रही है। रामजी अपनी पोल खुलने के डर से मोना को आफिस से छुट्टी देकर भगा देते हैं।

कुछ दिनों बाद सरिता मायके जाने की इच्छा जताती है। रामजी भीतर ही भीतर खूब खुश होते हैं, पर दिखाने के लिये बड़े अनमनेपन से इजाजत दे देते हैं। इधर सरिता के मायके जाते ही रामजी मोना को घर बुलाते हैं, लेकिन रामजी के होश फाख्ता हो जाते हैं जब पता चलता है कि मोना और कोई नहीं, उनकी पत्नी सरिता ही है। निर्देशक सरिता कपूर का यह नाट्य निर्देशन का पहला प्रयास था। पत्नी की भावनाओं की इज्जत करने और सम्मान देने की सीख देने वाले नाटक में दो कलाकारों से स्वभावतः बिल्कुल विपरीत दूसरे रंग का एक और चरित्र कराने में वह सफल रहीं। मंच पर रामजी के रूप में उज्ज्वल सिंह उतरे तो सरिता व मोना का चरित्र शालू तिवारी ने, प्रकाश व खेलावन की भूमिका आनन्द तिवारी ने निभायी। किटी का किरदार प्रियांशी मौर्या ने जिया। मंच के पीछे के कामों में प्रकाश व्यवस्था तमाल बोस, संगीत व्यवस्था ऋषभ पांडे के हाथों में रही। अन्य पक्षों में रंगमण्डल प्रमुख महर्षि कपूर के साथ ही प्रियांशी, शालू, उज्ज्वल, विकास सिंह और आनन्द तिवारी का सहयोग रहा।

निधि के उपन्यास हॉस्टल का लोकार्पण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश साहित्यसभा के महिला प्रकोष्ठ द्वारा आज लेखिका निधि बाजपेयी के प्रथम उपन्यास हॉस्टल का लोकार्पण समारोह प्रेस क्लब में आयोजित हुआ। अध्यक्ष वरिष्ठ मनोवैज्ञानिक डॉ सृष्टि श्रीवास्तव मुख्य अतिथि आकाशवाणी की निदेशक सुमोना पांडेय, वरिष्ठ लेखिका डॉ करुणा पांडेय व शर्मिला सिंह ने लोकार्पण किया। इस अवसर पर वरिष्ठ कथाकार शिवमूर्ति जी विशेष रूप से उपस्थित थे। उपन्यास में सास बहू के रिश्ते का सौंदर्य अप्रतिम ढंग से प्रस्तुत किया गया है। कवयित्री रश्मि लहर ने स्वागत भाषण दिया। करुणा पांडेय ने हॉस्टल की समीक्षात्मक व्याख्या की। पायनियर स्कूल की प्रधानाचार्या शर्मिला सिंह ने पुस्तक की भाषा और उसके प्रवाह पर अपनी बात रखी। मुख्य अतिथि सुमोना पांडेय ने उपन्यास को सामाजिक आलोक में रख कर एक श्रेष्ठ पुस्तक बताया। अध्यक्ष डॉ सृष्टि श्रीवास्तव ने होस्टल को आधार रखते हुए रिश्तों का अत्यंत स्पष्ट मनोवैज्ञानिक विश्लेषण किया। लेखिका निधि बाजपेयी ने पुस्तक की रचना प्रक्रिया के बारे में बताया। इस समारोह का संचालन रश्मि शरद व संयोजन प्रतिभा श्रीवास्तव तथा श्वेता मनस्वी ने किया। वर्षा श्रीवास्तव की वाणी वंदना के बाद वक्तव्य शुरू हुआ। वक्ताओं के अतिरिक्त प्रो नेहा श्री, मुकुल महान, रेणु वर्मा, सरोज बाला, राजीव वत्सल, अरविंद झा, योगी योगेश, प्रमोद श्रीवास्तव, आलोक रावत सहित नगर के सौ से भी अधिक साहित्यकार व गणमान्य जन एकत्र हुये।

स्वच्छ इकौना सुन्दर इकौना

कार्यालय नगर पंचायत इकौना, जनपद-श्रावस्ती

पत्र सं.-882/ न.पं.इ./2026-27 दिनांक 20 अगस्त, 2026

अधिसूचना

मा. उच्चतम न्यायालय एवं भारत सरकार द्वारा अधिसूचना ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन (Solid Waste Management) नियम 2026, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (Plastic Waste Management) नियम 2022 (समय-समय पर किए गए संशोधनों सहित) तथा निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन (Construction & Demolition Waste Management) नियम 2025 के प्रावधानों के अनुपालन में नगर पंचायत इकौना जनपद-श्रावस्ती के सम्पूर्ण नगर क्षेत्र हेतु निम्नलिखित अधिसूचना जारी की जाती है-

1. ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (S.W.M.) नियम 2026 के अनुरूप नगर निकाय की उपविधियाँ (Bye-Laws) सम्पूर्ण नगर क्षेत्र में प्रभावी होंगी तथा सभी नागरिक, प्रतिष्ठान एवं संस्थान उनका अनुपालन करेंगे।
2. प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (P.W.M.) नियम 2022 एवं उसमें समय-समय पर किये गये संशोधनों के सभी प्रावधान सम्पूर्ण नगर क्षेत्र में लागू होंगे। सभी निर्माता, विक्रेता थोक एवं खुदरा व्यापारी, संस्थानों एवं नागरिकों द्वारा नियमों का अनुपालन किया जाना अनिवार्य होगा।
3. निर्माण विध्वंस (C&D) अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2025 के अनुसार सम्पूर्ण नगर क्षेत्र में निर्माण एवं विध्वंस से उत्पन्न मलबे का पृथक संग्रहण, परिवहन, पुनर्चक्रण एवं निस्तारण वैज्ञानिक पद्धति से किया जाएगा। बिना अनुमति सार्वजनिक स्थानों पर मलबा डालना प्रतिबंधित होगा। उक्त नियम सम्पूर्ण नगर क्षेत्र में लागू होंगे ।

उपरोक्त नियमों के उल्लघंन की स्थिति में सम्बन्धित नियमों एवं नगर निकायों की उपविधियों के अनुसार दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। यह अधिसूचना तत्काल प्रभाव से लागू होगी।

जिला कार्यक्रम प्रबन्धक	**अधिशासी अधिकारी**	**अध्यक्ष**
जनपद-श्रावस्ती	**नगर पंचायत इकौना**	**नगर पंचायत इकौना**

संत रविदास की कलश यात्रा का स्वागत
बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने किए दर्शन



● बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों ने पहुंचकर लिया आशीर्वाद

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। भाजपा लखनऊ महानगर द्वारा आयोजित संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की कलश यात्रा के उत्तर मंडल तीन पहुंचने पर कार्यकताओं एवं क्षेत्रवासियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

कलश यात्रा के आगमन पर क्षेत्र के प्रमुख मंदिरों में कलश को दर्शन एवं पूजन के लिए रखा गया, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों ने पहुंचकर दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मंडल प्रभारी चंद्र प्रकाश अवस्थी, अध्यक्ष रमन निगम के नेतृत्व में कार्यकताओं ने यात्रा का स्वागत किया। कार्यक्रम में मंडल महामंत्री मोहित सिंह एवं संदीप वर्मा, पार्षद श्री रणजीत सिंह, पार्षद प्रतिनिधि सुदर्शन कटिहार, महानगर पदाधिकारी में राजेश चौधरी, कार्य समिति सदस्य योगेंद्र नाथ पांडेय एवं रत्ना श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कलश यात्रा के दौरान क्षेत्र में श्रद्धा और उत्साह का वातावरण दिखाई दिया। कार्यकताओं ने संत रविदास महाराज के संदेशों एवं उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से विनोद शर्मा, संजय श्रीवास्तव, मनोज पुजारी सहित महिला कार्यकताओं में अनुजा मिश्रा, पूजा यादव, सुनीता चौहान, अंजू वर्मा, दीपा सोनकर एवं सोना गौतम सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

एक्टिंग के बाद अब संगीत की दुनिया में शाजान पदमसी की हुई एंट्री

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। एक्टिंग से दर्शकों का दिल जीतने के बाद अब शाजान पदमसी ने म्यूज़िक की दुनिया में भी अपना खूबसूरत कदम रख दिया है। उनका पहला ओरिजिनल सॉन्ग और डेब्यू सिंगल रातां कालियां अब रिलीज हो चुका है। स्क्रीन पर अपनी अलग पहचान बनाने वाली शाजान पदमसी अब अपनी आर्टिस्टिक जर्नी का एक नया रंग दर्शकों के सामने लेकर आई हैं। रातां कालियां के साथ शाजान ने बतौर सिंगर अपनी शुरूआत की है और इस गाने के जरिए अपनी क्रिएटिविटी का एक बेहद पर्सनल और दिल के करीब वाला पहलू दुनिया के सामने रखा है। माइक्रोफोन के पीछे कदम रखते हुए शाजान के लिए यह एक एक्साइटिंग नए चैप्टर की शुरूआत है। शाजान के लिए रातां कालियां सिर्फ एक डेब्यू सिंगल नहीं है, बल्कि प्यार को समझने और महसूस करने की एक इमोशनल जर्नी है। गाना उस सफर को बयां करता है, जहां प्यार में भरोसा और सहारे की तलाश से शुरू होकर इंसान धीरे धीरे प्यार के असली और गहरे मायने समझता है। गाने की खूबसूरती इसी बात में है कि प्यार किसी खालीपन को भरने का नाम नहीं, बल्कि उस खास कनेक्शन का नाम है जहां आप खुद को पूरी तरह आजाद, सुरक्षित और असली रूप में महसूस कर सकें। अपने म्यूज़िकल डेब्यू पर बात करते हुए शाजान पदमसी कहती हैं, म्यूज़िक हमेशा से मेरे लिए एक्सप्रेशन का एक बेहद पर्सनल जरिया रहा है, इसलिए रातां कालियां बनाना मेरे लिए बहुत खास है। यह गाना एक बेहद ईमानदार जगह से आया है और यह दिखाता है कि समय के साथ प्यार को लेकर मेरी समझ कैसे बदली है। अब तक मैं ज्यादातर किसी और की कहानियों का हिस्सा रही हूं। लेकिन रातां कालियां अलग है, क्योंकि यह मेरी अपनी कहानी है, जो सीधे दिल से निकली है। पहली बार मैं सिर्फ एक आवाज या परफॉर्मर नहीं हूं, बल्कि अपनी जर्नी की स्क्रिप्ट खुद लिख रही हूं। अपनी जिंदगी, एक्सपीरियंस और दिल की सच्ची बातों को मैंने म्यूज़िक में पिरोया है। रातां कालियां के साथ शाजान पदमसी ने अपने क्रिएटिव सफर का एक नया दरवाजा खोला है, जहां उनकी आर्टिस्टिक सेंसिबिलिटी और म्यूज़िक के लिए प्यार एक बेहद इंटिमेट, ईमानदार और पर्सनल अंदाज में साथ आते हैं।

संक्षेप

कच्चे मकान गिरे, तीन की मौत, एक घायल

मड़िहान, मीरजापुर। जिले में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश गरीबों के लिए काल बनकर टूट रही है। बुधवार रात तहसील क्षेत्र में दो अलग-अलग ग्राम पंचायतों में कच्चे मकान गिरने से 3 वृद्ध लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। दोनों ही घटनाओं में पीड़ित परिवार आवास जैसी बुनियादी सुविधा से वंचित थे। मड़िहान तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत रजौहा निवासी रमाशंकर सिंह पटेल 68 वर्ष बुधवार रात करीब 9 बजे पत्नी अशोक कुमारी 68 वर्ष के साथ मकान पर बगल के खपरैल वाले कच्चे मकान में सोने चले गए। उनका पुत्र अजय कुमार उर्फ मिट्ठू अपनी पत्नी व बच्चों के साथ बगल में ईंट के घर में सो रहा था देर रात लगभग 11 बजे के करीब अचानक कच्ची दीवार और खपरैल भरभराकर उनके ऊपर गिर पड़े। शोर सुनकर बस्ती के लोग दौड़े और लगभग ढाई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दोनों को मलबे से बाहर निकाला। परिजन आनन-फानन में दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मड़िहान ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची मड़िहान पुलिस ने शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दूसरी घटना मड़िहान तहसील क्षेत्र के ही बघनी थाना क्षेत्र के अपनागंज गांव की है। जहां हीरालाल 65 वर्ष अपनी पत्नी केवली देवी 60 वर्ष के साथ खेत पर बने कच्चे मकान में रहकर बोरवेल और फसलों की देखभाल करते थे। बुधवार रात करीब 8 बजे खाना खाकर दोनों चारपाई पर सो गए। रात एक बजे के करीब कच्ची दीवार अचानक गिर गई और दोनों मलबे में दब गए। गुरुवार सुबह टहलने निकले ग्रामीणों ने ध्वस्त मकान देखा तो परिजनों को सूचना दी। ग्रामीणों ने दोनों को निकालकर निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने केवली देवी को मृत घोषित कर दिया।

ट्रैक्टर-ट्राली से टकरायी बाइक, युवक की मौत

मड़िहान, मीरजापुर। संतनगर थाना क्षेत्र के बिरोही बाजार से बुधवार की रात हंसी-खुशी अपने घर लौट रहे तीन दोस्तों को शायद जरा भी अंदाजा नहीं था कि कुछ ही देर में उनका सफर एक ऐसी दर्दनाक घटना में बदल जाएगा, जिसकी टीस परिवारों को लंबे समय तक सालती रहेगी। करौदा गांव के पहले सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्राली में बाइक पीछे से टकरा गई।हादसे में 20 वर्षीय पंकज कोल की मौके पर ही मौत हो गयी।

भारी वर्षा, जलभराव से प्रभावित क्षेत्रों में राहत व बचाव कार्य जारी

सोनभद्र। जनपद में भारी वर्षा के कारण उत्पन्न जलभराव की स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी चर्चित गौर के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में युद्धस्तर पर राहत, बचाव एवं जनसुविधा से जुड़े कार्य कराए जा रहे हैं। प्रशासन का प्रयास है कि जलभराव के कारण किसी भी नागरिक को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए तथा प्रभावित परिवारों को तत्काल आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाए।

अधिक जलभराव वाले क्षेत्रों में जिन घरों के आसपास पानी एकत्रित हो गया है, वहां जलनिकासी की व्यवस्था प्राथमिकता के आधार पर की जा रही है। प्रशासनिक टीमों के साथ-साथ विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा भी राहत एवं सहयोग कार्यों में सक्रिय भागीदारी की जा रही है। अंबेडकर नगर एवं शक्तिनगर क्षेत्र में प्रभावित परिवारों के बीच व्यापक स्तर पर लंच पैकेट एवं राशन पैकेट का वितरण किया जा रहा है, ताकि जलभराव की स्थिति में लोगों को भोजन एवं आवश्यक खाद्य सामग्री के लिए परेशानी न उठानी पड़े। इसके साथ ही प्रभावित गांवों एवं बस्तियों में लाउडस्पीकर के माध्यम से मुनादी कराकर लोगों को लगातार जागरूक किया जा रहा है।

ग्रामीणों से अपील की जा रही है कि भारी बारिश एवं जलभराव के दौरान अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें, सुरक्षित स्थानों पर रहें तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। जिससे जलभराव को शीघ्र समाप्त किया जा सके। जहां आवश्यकता है, वहां मशीनों के माध्यम से पानी एवं मलबा हटाने का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। भारी बारिश के चलते जिन सड़कों पर अत्यधिक मिट्टी एवं मलबा एकत्रित हो गया है, वहां जेसीबी, पोकलेन सहित अन्य मशीनों के माध्यम से मिट्टी एवं मलबा हटाने का कार्य लगातार जारी है। इसी क्रम में औड़ी मोड़ से शक्तिनगर गेट तक क्षतिग्रस्त एवं गड्ढायुक्त सड़क के हिस्सों में गिट्टी आदि डालकर गड्ढों को भरने तथा सड़क की मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है, ताकि आवागमन सुचारु बना रहे और आमजन को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनपद में जलभराव की स्थिति वाले सभी क्षेत्रों में राहत, जलनिकासी, साफ-सफाई, खाद्य सामग्री वितरण एवं सड़क मरम्मत के कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।

ट्रांसफार्मर के लिए महिलाओं ने किया धरना-प्रदर्शन

जौनपुर। केराकत तहसील क्षेत्र के नाऊपुर गांव की महिलाओं ने गुरुवार को विद्युत वितरण उपखंड-तृतीय, थानागद्दी कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया। सतीश सिंह के नेतृत्व में महिलाओं ने गांव में लगे 63 केवीए के ट्रांसफार्मर की जगह 100 केवीए क्षमता का ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की। महिलाओं ने कहा कि बार-बार ट्रांसफार्मर जलने से गांव में बिजली

व्यवस्था प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों के अनुसार, गांव में लगा 63 केवीए का ट्रांसफार्मर अधिक लोड के कारण बार-बार खराब हो जाता है। इसके चलते लोगों को बिजली कटौती और अन्य विद्युत समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि कई महीनों से वे विद्युत विभाग के एसडीओ और जेई से शिकायत कर रहे हैं, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिला। महिलाओं के धरने की सूचना मिलते ही 112 नंबर की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाने का प्रयास किया। हालांकि, ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े रहे और कहा कि समस्या के स्थायी समाधान के लिए वे उच्चाधिकारियों से शिकायत करेंगे। बाद में प्रदर्शनकारियों ने धरना समाप्त कर दिया। उन्होंने दोबारा मांग उठाई कि 63 केवीए के स्थान पर 100 केवीए क्षमता का ट्रांसफार्मर लगाया जाए, ताकि गांव की बिजली समस्या का स्थायी समाधान हो सके। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से भी मामले को संज्ञान लेकर जल्द निस्तारण कराने की अपील की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही ट्रांसफार्मर की क्षमता नहीं बढ़ाई गई तो वे दोबारा धरना-प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे। ग्रामीणों का कहना है कि बार-बार ट्रांसफार्मर खराब होने से घरेलू कामकाज के साथ-साथ बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है।

कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

जौनपुर। कृषि विभाग द्वारा गुरुवार को कृषि विज्ञान केन्द्र बक्शा में सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) योजना अंतर्गत जिले के किसानों के लिए विशेष आरपीएल (रिकॉग्निशन आफ प्रायर लर्निंग) आधारित कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उप परियोजना निदेशक (आत्मा) डा. रमेश चंद्र यादव ने बताया कि प्रशिक्षित किसानों को भविष्य में कृषि आधारित योजनाओं में प्राथमिकता दी जाएगी, प्रतिभागी किसान दो दिन प्रशिक्षण प्राप्त करेगे उन्हें प्रशिक्षण प्रमाणपत्र उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने में सहायक होंगे यह कार्यक्रम किसानों के लिए एक सुनहरा मौका है जो उनकी खेती को नई दिशा दे सकता है। उन्होंने जनपद के किसानों से प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग करने की अपील किया। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ.कंचन द्वारा किसानों को संतुलित थाली के संबंध में बताया कि आप किचन गार्डन तैयार कर कम लागत में बेहतर लाभ लेकर के अपनी समृद्धि कर सकते हैं। कृषि वैज्ञानिक डा. रत्नाकर पांडेय द्वारा बीज उत्पादन, श्री अन्न की खेती की जानकारी दी गई। डॉ. राजीव सिंह कृषि वैज्ञानिक द्वारा सब्जियों, फलों एवं फूलों की उन्नतशील खेती की तकनीकी जानकारी दी गई। डा. रुपेश सिंह, डा. हरिओम वर्मा, विषय वस्तु विशेषज्ञ अशोक पाल, बीटीएम राजकुमार भारती सहित 110 किसान मौजूद रहे।

स्कूल वैन दुर्घटनाग्रस्त, सात बच्चे घायल

जौनपुर। मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के सुजानगंज मार्ग पर उकनी गांव के पास गुरुवार को तेज रफ्तार प्राइवेट बस ने ओवरटेक करने के दौरान स्कूल वैन में साइड मार दी। टक्कर लगते ही डीआरएम पब्लिक स्कूल मधुपुर की वैन अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे के समय वैन में करीब एक दर्जन बच्चे सवार थे। दुर्घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई।हादसे में सात बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि कई अन्य बच्चों को भी चोटें आईं। आसपास के ग्रामीणों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर वैन में फंसे बच्चों को बाहर निकाला। सूचना पर मुंगराबादशाहपुर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य में सहयोग किया। सभी घायलों को उपचार के लिए सीएचसी सुजानगंज ले जाया गया।घायलों में आदित्य यादव (11), सिद्धार्थ यादव (10), प्रभाष यादव (12), अनिरुद्ध यादव (10), आर्यन यादव (10), आकाश तिवारी (10) और शिवम तिवारी (8) शामिल हैं। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने सिद्धार्थ यादव, प्रभाष यादव और आदित्य यादव की गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।घटना की जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष निरीक्षक चैकी प्रभारी और क्षेत्राधिकारी प्रतिमा वर्मा मौके पर पहुंचीं। घटनास्थल का निरीक्षण कर हादसे की जानकारी ली और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। हादसे की खबर मिलते ही बच्चों के अभिभावक और बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए।बताया गया कि स्कूल वैन मुंगराबादशाहपुर की ओर से सुजानगंज जा रही थी। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार प्राइवेट बस के चालक ने ओवरटेक करने का प्रयास किया। इसी दौरान बस ने वैन में साइड मार दी, जिससे वैन सड़क पर पलट गई। जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन ने बताया कि सभी घायल बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनका उपचार चल रहा है। तीन बच्चों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें जिला अस्पताल लाया गया है। तीनों बच्चों की हालत अब खतरे से बाहर है।

डीएल की परीक्षा में फेल हुए तो प्रशिक्षण के लिए देने होंगे 6 हजार रुपये

सोनभद्र। स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया में अब वाहन चालकों को परीक्षा के दौरान अधिक सतर्क रहना होगा। ड्राइविंग लाइसेंस (डीएल) की परीक्षा में फेल होने वाले आवेदकों के लिए नई व्यवस्था लागू की गई है। अब दोबारा परीक्षा देने से पहले निर्धारित प्रशिक्षण लेना अनिवार्य होगा।इसके लिए आवेदक को करीब छह हजार रुपये का शुल्क के तौर पर जमा करना होगा। जनपद में शासन द्वारा पीपीपी मॉडल पर मान्यता प्राप्त ड्राइविंग प्रशिक्षण और परीक्षण केंद्र संचालित है। जिसमें तेज सिंह प्रत्यायन चालन प्रशिक्षण केंद्र व सेफ रोड परीक्षण एवं प्रशिक्षण केंद्र संचालित है।इन केंद्रों पर दोपहिया, चारपहिया और भारी वाहनों की प्रशिक्षण के साथ स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस के लिए परीक्षा की सुविधा है। अब तक डीएल की परीक्षा में असफल होने के बाद आवेदक निर्धारित शुल्क जमा कर दोबारा परीक्षा में शामिल हो सकता था। नई व्यवस्था के तहत यह प्रक्रिया बदल दी गई है। परीक्षा में फेल होने वाले आवेदक को पहले प्रशिक्षण केंद्र पर प्रशिक्षण लेना होगा और इसके बाद ही दोबारा ड्राइविंग टेस्ट देने का अवसर मिलेगा। सोनभद्र में भी स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने वाले आवेदकों पर इसका असर पड़ेगा। परिवहन विभाग की ओर से वाहन चालकों को ड्राइविंग टेस्ट की प्रक्रिया और निर्धारित मानकों के अनुसार वाहन चलाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। विभाग का मानना है कि प्रशिक्षण को अनिवार्य किए जाने से वाहन चालकों की दक्षता बढ़ेगी और सड़क सुरक्षा को मजबूती मिलेगी। नई व्यवस्था का उद्देश्य बिना पर्याप्त प्रशिक्षण के बार-बार ड्राइविंग टेस्ट देने की प्रवृत्ति पर रोक लगाना और लाइसेंस जारी करने से पहले चालक की वास्तविक दक्षता सुनिश्चित करना है। इससे वाहन चालकों को यातायात नियमों, सुरक्षित ड्राइविंग और सड़क पर वाहन संचालन के जरूरी मानकों का प्रशिक्षण भी मिल सकेगा। परिवहन विभाग के एआरटीओ कौशल कुमार सिंह के मुताबिक ड्राइविंग लाइसेंस केवल दस्तावेज नहीं बल्कि सड़क पर वाहन चलाने की जिम्मेदारी से जुड़ा प्रमाण है। इसलिए परीक्षा में सफल होने के लिए आवेदकों को निर्धारित प्रशिक्षण और ड्राइविंग मानकों की जानकारी होना जरूरी है।

पूनम बनीं ब्लॉक अध्यक्ष तो शीतल मंत्री

जिला संवाददाता (vol)

आजमगढ़। जहानागंज क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय जहानागंज के सभागार में गुरुवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ब्लॉक इकाई की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष प्रियंका श्रीवास्तव ने की। इस दौरान ब्लॉक महिला प्रकोष्ठ संगठन का गठन करते हुए महिला शिक्षकों की मौजूदगी में सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया गया। नवनिर्वाचित महिला प्रकोष्ठ की ब्लॉक इकाई में पूनम सिंह, सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय कुसरना को अध्यक्ष तथा शीतल यादव, सहायक अध्यापक कंपोजिट विद्यालय मित्तुपुर को मंत्री चुना गया। कनक लता राय, सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय अतरारी, कंचन पाण्डेय, सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय रामपुर दरिया और स्मिता सिंह, सहायक अध्यापक पूर्व माध्यमिक विद्यालय बजहा को उपाध्यक्ष बनाया गया। पूजा चैरसिया, सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय मसीरवीरमऊआ को संयुक्त मंत्री तथा रुचिका सिंह, सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय रोशनपुर को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई। गायत्री, सहायक अध्यापक पूर्व माध्यमिक विद्यालय मन्दे तथा गायत्री यादव, प्राथमिक विद्यालय पुनर्जी को संगठन मंत्री बनाया गया। संगीता सिंह, सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय कुसरना और मीरा कश्यप, प्राथमिक विद्यालय धतउर को भी संगठन मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। आशा सिंह, प्राथमिक विद्यालय मिजार्पुर तथा विजयराज पाठक को संरक्षक बनाया गया। वहीं उमा सिंह, प्राथमिक विद्यालय निजामुद्दीनपुर और पुष्पा यादव, कंपोजिट विद्यालय सोनापुर को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विवेक सिंह ने किया। बैठक में प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अनिल सिंह, मंत्री शिव प्रकाश चैबे एवं विकास सिंह का सहयोग रहा। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को उपस्थित शिक्षकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। साथ ही संगठन को मजबूत बनाने और शिक्षकों के हित में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

वाहन की टक्कर से आशा कार्यकत्री घायल

आजमगढ़। अहरौला थाना क्षेत्र में बुधवार दोपहर यूबीआई बैंक के सामने एसओजी की गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार आशा कार्यकर्ता घायल हो गईं। हादसे में उनकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। घायल महिला को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अहरौला में भर्ती कराया गया है। घायल की पहचान प्रियंका (35) पत्नी चिंतामणि, निवासी पखनपुर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि प्रियंका सीएचसी अहरौला से दवा लेकर बाइक से अपने घर लौट रही थीं। वह यूबीआई बैंक के सामने पहुंचीं, तभी सामने से आ रही एसओजी की गाड़ी ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद प्रियंका सड़क पर गिरकर घायल हो गईं। स्थानीय लोगों के मुताबिक, इससे पहले एसओजी की गाड़ी एक स्कूल वाहन से भी टकराई थी। लगातार हुई टक्कर की जानकारी मिलते ही मौके पर बड़ी संख्या में आशा कार्यकर्ता पहुंच गईं। उन्होंने हादसे पर नाराजगी जताते हुए घायल प्रियंका का हालचाल लिया और उनके उपचार की जानकारी ली। मौके पर आशा ब्लॉक संयोजक रीना उपाध्याय और आशा संघ की निवर्तमान अध्यक्ष बृजबाला सिंह समेत कई आशा कार्यकर्ता मौजूद रहीं। वहीं, थानाध्यक्ष मंतोष कुमार सिंह ने बताया कि एसओजी की गाड़ी में तकनीकी खराबी के कारण वाहन के अनियंत्रित होकर टकराने की सूचना मिली है। पुलिस ने घायल महिला से बातचीत की है और उन्हें हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया गया है।

घाघरा नदी का जलस्तर बढ़ा, ग्रामीण हलकान

आजमगढ़। सगड़ी तहसील क्षेत्र के उत्तरी छोर पर बहने वाली घाघरा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। बुधवार के बाद गुरुवार को डिघिया और बदरहुआ गेज पर नदी का पानी खतरे के निशान से ऊपर दर्ज किया गया। जलस्तर बढ़ने से तटवर्ती दर्जनों गांवों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों में चिंता का माहौल है, जबकि प्रशासन और बाढ़ खंड के अधिकारी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं।

बताया जा रहा है कि दो-तीन दिन पूर्व घाघरा नदी में पानी डिस्चार्ज किए जाने के बाद जलस्तर में तेजी से वृद्धि हुई है। हालांकि पानी बढ़ने से फिलहाल तटवर्ती इलाकों में कटान की स्थिति में कुछ कमी आई है, जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। दूसरी ओर नदी का पानी अब संपर्क मार्गों की ओर बढ़ने लगा है, जिससे आवागमन प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। शाहडीह, सौनौरा और अभ्भनपट्टी समेत कुछ संपर्क मार्गों पर नदी का पानी चढ़ना शुरू हो गया है। जलस्तर में इसी तरह वृद्धि जारी रही तो कई अन्य संपर्क मार्ग भी जलमग्न हो सकते हैं। घाघरा के बढ़ते जलस्तर से सहबदिया, महुला, चक्की, देवरा खास राजा के 28 पुरवे, शाहडीह, सौनौरा, बांका, बूढ़नपट्टी और अजगरा समेत एक दर्जन से अधिक गांवों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। ग्रामीणों का कहना है कि नदी का पानी और बढ़ा तो गांवों को जोड़ने वाले संपर्क मार्ग डूब सकते हैं, जिससे आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो सकता है। डिघिया गेज पर घाघरा नदी का खतरा बिंदु 70.40 मीटर निर्धारित है। गुरुवार को यहां जलस्तर 71.22 मीटर दर्ज किया गया, जो खतरे के निशान से करीब 82 सेंटीमीटर ऊपर है। वहीं बदरहुआ गेज पर खतरा बिंदु 71.68 मीटर है। गुरुवार को यहां नदी का जलस्तर 71.92 मीटर दर्ज किया गया, जो खतरे के निशान से 24 सेंटीमीटर ऊपर है। जलस्तर में लगातार हो रही वृद्धि को देखते हुए तटवर्ती गांवों के लोगों की चिंता बढ़ गई है। प्रशासन और बाढ़ खंड की टीमें स्थिति पर नजर रख रही हैं।

अरुणाचल प्रदेश में बाढ़ के तेज बहाव में आजमगढ़ का जवान लापता आजमगढ़। अरुणाचल प्रदेश के दिबांग वैली जिले में भारी बारिश के बाद आई अचानक बाढ़ में सेना के कई जवानों के लापता होने की खबर है। हादसे में आजमगढ़ के सिधारी थाना क्षेत्र के मुहम्मदल्ला गांव निवासी हवलदार उपेंद्र यादव भी लापता बताए जा रहे हैं। जवान के लापता होने की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।बताया जा रहा है कि शुक्रवार शाम तेज बारिश के बाद पाशुपानी सेना कैंप में अचानक बाढ़ आ गई। बाढ़ का बहाव इतना तेज था कि 5वीं ग्रेनेडियर के दो शेल्टर पानी में बह गए। उस दौरान शेल्टर के आसपास मौजूद सात जवान भी बाढ़ की चपेट में आ गए।

हादसे के बाद सेना की रेस्क्यू टीमों ने तत्काल बचाव अभियान शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद दो जवानों को सुरक्षित निकाल लिया गया, जबकि हवलदार उपेंद्र यादव समेत पांच जवानों का अभी तक पता नहीं चल सका है। लापता जवानों की तलाश में सेना की रेस्क्यू टीमें लगातार अभियान चला रही हैं। 2005 में उपेंद्र सेना में भर्ती हुए थे, हवलदार उपेंद्र यादव के लापता होने की खबर गांव पहुंचते ही उनके परिवार में मायूसी छा गई। परिजन लगातार सेना के अधिकारियों के संपर्क में हैं और जवान के सकुशल वापस लौटने की प्रार्थना कर रहे हैं। परिवार को उम्मीद है कि रेस्क्यू टीम जल्द ही उपेंद्र यादव समेत सभी लापता जवानों को सुरक्षित खोज निकालेगी।

बिना फिटनेस नहीं दौड़ेंगे स्कूली वाहन अभियंता को कड़ी फटकार

मीरजापुर। जनसुरक्षा और सुगम यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से डीएम पवन कुमार गंगवार ने पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में 'जिला सड़क सुरक्षा समिति' की समीक्षा बैठक कर की समीक्षा। डीएम ने कांवड़ ले जा रहे श्रद्धालुओं के आवागमन वाले सभी मार्गों को सुगम व सुरक्षित बनाने की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कड़े निर्देश दिए कि वर्षा के कारण जो भी सड़कें क्षतिग्रस्त हुई हैं, उन्हें आगामी दो दिनों के भीतर हर हाल में दुरुस्त कर लिया जाए। इसके साथ ही, बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए उन्होंने स्कूली वाहनों की निरंतर जांच करने और बिना फिटनेस के किसी भी स्कूली वाहन का संचालन न होने देने के निर्देश दिए। बैठक में अधिशासी अभियंता नगर पालिका मीरजापुर द्वारा बताया गया कि चिन्हित किए गए एक अवैध स्टैंड को हटा दिया गया है। हाईवे पर अवैध पार्किंग की समीक्षा करते हुए डीएम ने बड़े वाहनों के खिलाफ अभियान चलाकर चालान की सख्त कार्रवाई करने के आदेश दिए। वहीं, पूर्व में निर्देशित नटवा चौराहे के गड्ढों को ठीक न किए जाने और संतोषजनक उत्तर न मिलने पर डीएम ने ठलअकके सहायक अभियंता अजीत प्रकाश वर्मा को कड़ी फटकार लगाई तथा सड़क को तत्काल सही कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिस विभाग की सड़कें हैं, उसके अधिकारी स्वयं जाकर धरातलीय निरीक्षण करें और खराब सड़कों पर सुधारात्मक कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था और मुफ़्त इलाज के संबंध में डीएम ने कहा कि दुर्घटनाग्रस्त व्यक्तियों को त्वरित उपचार उपलब्ध कराने के लिए सीएमओ को 'इमरजेंसी मेडिकल प्लान' बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि किसी भी अस्पताल (सरकारी या निजी) द्वारा घायल मरीजों का बिना पैसे के तत्काल इलाज शुरू किया जाएगा और इलाज का पूरा भुगतान सरकार द्वारा किया जाएगा।

कम्प्यूटर क्रांति के जनक थे राजीव गांधी

जौनपुर। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं ने जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन मे सद्भावना दिवस के रुप में मनाया गया। जिलाध्यक्ष डा प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि स्व.राजीव गांधी जी दूरदर्शी सोच के नेता थे, उनके उदार व्यक्तित्व ने पूरी दुनिया में अमिट छाप छोड़ा है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष डा प्रमोद कुमार सिंह ने देश के विकास में राजीव गांधी जी के योगदान की चर्चा करते हुए कहा कि सूचना और कंप्यूटर क्रांति के जनक पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी जी ने देश के युवाओं को मताधिकार का प्रयोग और पंचायती राज एक्ट के माध्यम से देश की मुख्य धारा में समाज के हर वर्ग के लोगों को समान अवसर प्रदान करने का क्रांतिकारी काम किया। कांग्रेस कार्यकताओं ने स्व. राजीव गांधी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया। इस मौके पर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आरिफ खान, डा. राकेश मिश्र मंगला गुरु,जिला कांग्रेस कमेटी जौनपुर के उपाध्यक्ष राकेश मिश्रा, लाल प्रकाश पाल, राकेश सिंह डब्बू, अनिल सोनकर, निलेश सिंह , शहनवाज मंजूर, मुहम्मद ताहिर, इकबाल हुसैन, बृजेश प्रजापति, फैयाज हाशमी, जयमंगल यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

चाकू के हमले में घायल युवती ने दम तोड़ा

जौनपुर। सुरेरी थाना क्षेत्र के परमालपुर गांव में बाथरूम निर्माण को लेकर हुए विवाद में चाकू के हमले से गंभीर रूप से घायल युवती उजाला सिंह की गुरुवार को बीएचयू के ट्रामा सेंटर में उपचार के दौरान मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना के बाद गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। बताया गया कि बीते 17 अगस्त को आजमगढ़ जिले के तरवां थाना क्षेत्र के उचहुंआ गांव निवासी विषेक शर्मा अपने बड़े भाई सत्यपाल सिंह के साथ परमालपुर गांव आए थे। इसी दौरान बाथरूम निर्माण को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद के दौरान परमालपुर निवासी रविन्द्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने गाली-गलौज करते हुए चाकू से हमला कर दिया। हमले में सत्यपाल सिंह और उसकी भांजी 20 वर्षिय उजाला सिंह घायल हो गए थे।गंभीर रूप से घायल उजाला सिंह को जौनपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए बीएचयू के ट्रामा सेंटर में रेफर कर दिया गया जहां गुरुवार को उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। युवती की मौत से परिवार में मातम पसर गया।घटना के संबंध में पुलिस ने तहरीर के आधार पर बीएनएस की धारा 109(1) व 352 के तहत मुकदमा दर्ज किया था। मामले की जांच उपनिरीक्षक राजेश दुबे को सौंपी गई है। युवती की मौत के बाद पुलिस ने मामले में आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

तहसील परिसर बना स्टैंड, मजिस्ट्रेट लिखी गाड़ी भी फंसी

दुद्धी, सोनभद्र। दुद्धी तहसील परिसर इन दिनों प्रशासनिक अव्यवस्था का शिकार होकर एक अनधिकृत वाहन स्टैंड में तब्दील हो गया है। स्थिति इस कदर बिगड़ चुकी है कि परिसर में आने वाले फरियादियों और अधिवक्ताओं का पैदल चलना भी दूभर हो गया है। चैकाने वाली बात यह है कि इस भारी जाम और अव्यवस्था के बीच एक मजिस्ट्रेट लिखी हुई सरकारी गाड़ी भी काफी देर तक फंसी रही। लोगों की माने तो तहसील मुख्य भवन के ठीक सामने बने पार्किंग स्थल को जाली लगाकर बंद कर दिया गया है। पूर्व निर्धारित वैकल्पिक स्थान बंद होने से लोग मजबूरन अपने दोपहिया और चारपहिया वाहन सीधे मुख्य परिसर (कैम्पस) के अंदर खड़ा कर रहे हैं। परिसर में दोपहिया वाहनों की अनियंत्रित कतारें और बीच में फंसी कारों के कारण पूरा रास्ता ब्लॉक हो चुका है। रोजाना अपने जरूरी राजस्व, भूमि व अन्य सरकारी कार्यों के सिलसिले में दूर-दराज से आने वाले ग्रामीणों और फरियादियों को कैम्पस के भीतर दाखिल होने में ही भारी मशक्कत करनी पड़ रही है। अव्यवस्थित ढंग से खड़ी गाड़ियों के चलते तहसील के अधिकारी और स्वयं मजिस्ट्रेट की गाड़ियां भी जाम के चंगुल से नहीं बच पा रही हैं। दुद्धी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कुलभूषण पाण्डेय ने इस मामले को गंभीरता लेते हुए कहा कि तहसील परिसर के सामने बने पार्किंग स्थल को जाली लगाकर बंद करना उचित नही है। इसके कारण तहसील आने वाले गरीब ग्रामीणों, फरियादियों और न्यायिक कार्य के लिए आने वाले वकीलों को भारी मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना झेलनी पड़ रही है। पूरा कैम्पस कबाड़खाने की तरह वाहनों से पट गया है, जिससे पैदल चलना भी दूभर है। उन्होंने उपजिलाधिकारी से मांग की है कि इस समस्या का तुरंत संज्ञान लेकर तहसील परिसर को इस गंभीर जाम और अव्यवस्था से परमानेंट मुक्ति दिलाई जाए।

डीएम ने की विकास कार्यों की समीक्षा

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने बृहस्पतिवार कलेक्ट्रेट सभागार में नवीन व्यवस्था अन्तर्गत सी0एम0 डैशबोर्ड के माध्यम से विकास कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि जिन विभागों को शासन द्वारा जो भी लक्ष्य निर्धारित किया गया है, वह उसका शत-प्रतिशत निर्धारित समय अवधि में पूर्ण करना सुनिश्चित करें,

समीक्षा के दौरान फार्मर आईडी एवं फैमिली आईडी के निर्माण की प्रगति धीमी पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए तथा प्रगति में अपेक्षित सुधार न होने पर उपनिदेशक कृषि के वेतन भुगतान पर रोक लगाने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने स्वयं सहायता समूहों के गठन के उपरांत रिवॉल्विंग फंड आर0एफ0 एवं सीआईएफ फंड की प्रगति की भी समीक्षा की। समीक्षा में संबंधित कार्यों की प्रगति धीमी पाए जाने तथा फंड मैपिंग का कार्य भी अपेक्षित गति से न होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने निर्देशित किया कि संबंधित कार्यों में तत्काल तेजी लाई जाए और निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध ढंग से पूर्ण किया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन विकास खंडों में उक्त कार्यों की प्रगति सबसे खराब है, उन विकास खंडों के डीएमएम एवं बीएमएम के मानदेय भुगतान पर रोक लगाई जाए। उन्होंने कहा कि यदि प्रगति में अपेक्षित सुधार नहीं होता है तो संबंधित कार्मिकों के विरुद्ध सेवा समाप्ति की कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों एवं परियोजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की। जिन विभागों की निर्माण परियोजनाओं की प्रगति धीमी पाई गई, उनके संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाए और निर्धारित समयसीमा में कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्यों में अनावश्यक विलंब अथवा लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करते हुए कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिन परियोजनाओं का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, उनकी थर्ड पार्टी जांच शीघ्र कराई जाए। जांच के उपरांत परियोजनाओं को संबंधित विभाग को हैंडओवर करने की कार्रवाई भी प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए तथा हैंडओवर की प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर शिथिलता न बरती जाए। शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं एवं विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा आवश्यकता पड़ने पर संबंधित अधिकारियों एवं कार्मिकों की जवाबदेही तय करते हुए कार्रवाई की जाएगी।

संक्षेप

तीन दिवसीय श्रीराम कथा व देवयज्ञ आयोजित

मथुरा। बलदेव क्षेत्र के समीपवर्ती गाँव बरामई खेड़ा में आयोजित तीन दिवसीय वैदिक रामकथा एवं देवयज्ञ का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। समापन सत्र को संबोधित करते हुए संस्कार जागृति मिशन की अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. अर्चना प्रिय आर्य ने समाज और युवाओं की वर्तमान स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आज का युवा तेजी से नशे की गिरफ्त में जा रहा है, जो पूरे समाज के लिए अत्यंत चिंताजनक विषय है। हमने आज अपने बच्चों को संस्कारों रूपी डोर से काट दिया है, जिसके परिणामस्वरूप समाज से चारित्रिक पतन होता जा रहा है। ?मातृशक्ति का आह्वान करते हुए उन्होंने विशेष जोर दिया कि संतान के निर्माण में सबसे पहला और महत्वपूर्ण कर्तव्य माँ का होता है, इसलिए अब मातृशक्ति को अपनी इस महान जिम्मेदारी के प्रति जागना होगा। उन्होंने बहुत ही सारगर्भित बात कही कि हम भगवान राम और कृष्ण के गीत व भजन तो बहुत गाते हैं, किंतु उनके उच्च आचरण और आदर्शों को अपने जीवन में नहीं उतारते। उन्होंने संदेश दिया कि यदि हमें समाज का वास्तविक सुधार करना है, तो हमें पुनः अपनी वैदिक संस्कृति और संस्कारों की ओर लौटना होगा। कथावाचिका सविता शास्त्री ने भगवान श्री राम के प्रेरक प्रसंगों को सुनाया। उन्होंने कहा कि जिस तरह राम ने अपना जीवन जीया था हमें भी उनसे प्रेरणा लेकर अपने जीवन में उतरना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सौदान सिंह पूर्व प्रधान द्वारा की गई। प्रातःकाल तीनों दिन वैदिक यज्ञ आचार्य सत्यप्रिय आर्य पूर्व प्रधान द्वारा सम्पन्न कराया गया। आयोजक वैद्य बंगाली आर्य, रमेश चंद्र आर्य, चंद्रप्रकाश अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में ब्रजेश शास्त्री, बच्चू सिंह, स्वामी संपूर्णानंद, प० रमाकान्त, सूरजभान हवलदार, सुग्रीव सिंह, रामदेव आर्य, छिद्दा सिंह आर्य, वीरी सिंह बघेल आर्य, डा० भगवती, हरिप्रसाद, शंकर भगत, जयपाल सिंह कैप्टन सहित सैकड़ों जन उपस्थित रहे।

एसएसपी कार्यालय में आग लगने से मचा हड़कम्प

मथुरा। एसएसपी कार्यालय के प्रथम तल पर स्थित एक कमरे में गुरुवार सुबह करीब 9 बजे अचानक आग लग गई। आग एसी में हुए शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। एसी के पास रखा कार्डबोर्ड आग की चपेट में आ गया। कमरे से धुआं उठता देख तत्काल दमकल विभाग को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंची और तेजी से कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पा लिया। दमकलकर्मियों ने आग को कमरे के दूसरे हिस्सों तक फैलने से रोक दिया। आग बुझने के बाद पुलिस और दमकल टीम ने कमरे का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। प्राथमिक जांच में आग लगने की वजह एसी में हुआ शॉर्ट सर्किट सामने आई है। शॉर्ट सर्किट के कारण एसी के पास रखा कार्ड बोर्ड जलने लगा, जिससे कमरे में धुआं फैल गया। समय रहते सूचना मिलने के कारण आग को शुरूआती स्तर पर ही नियंत्रित कर लिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया आग एसी में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी है। उन्होंने बताया कि घटना में किसी सरकारी संपत्ति को नुकसान नहीं हुआ है। न ही किसी व्यक्ति के घायल होने या जनहानि की सूचना है। दमकल विभाग की तत्परता से आग पर जल्द ही पूरी तरह काबू पा लिया गया।

हावर्ड यूनिवर्सिटी पहुंचे देवकीनंदन महाराज, सनातन पर दिया ज्ञान

हावर्ड यूनिवर्सिटी में आयोजित संवाद कार्यक्रम में छात्रों-श्रोताओं को बताये आध्यात्म के गुण

मथुरा। विश्वभर में प्रसिद्ध यूएसए की हार्वर्ड यूनीवर्सिटी में सनातन धर्म और आध्यात्म का आधुनिक जीवन में प्रयोग एवं उपयोगिता पर चर्चा की गयी। वृन्दावन के प्रसिद्ध धर्मगुरू-कथावाचक देवकीनंदन ठाकुरजी महाराज ने बोस्टन की हार्वर्ड यूनीवर्सिटी में ह्यसनातन धर्म और आधुनिक जीवनह्न पर विशेष संवाद कार्यक्रम में सम्बोधन दिया। कार्यक्रम में हार्वर्ड यूनिवर्सिटी कम्युनिटी के साथ अलग-अलग सांस्कृतिक और व्यक्तिगत बैकग्राउंड वाले छात्र, पोस्टडॉक्टरल रिसर्चर, फैकल्टी आदि शामिल हुए। वृन्दावन से सनातन धर्म प्रचार पर यूएसए गये देवकीनंदन महाराज बोस्टन में कथा से पूर्व हार्वर्ड यूनीवर्सिटी पहुँचे। यहाँ हार्वर्ड यूनिवर्सिटी कम्युनिटी ने देवकीनंदन महाराज का स्वागत किया। हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के वैज्ञानिक डॉ. अर्जुनवीर शर्मा ने ह्यज्ञान, मूल्य और जीवनह्न विषय पर आयोजित संवाद कार्यक्रम को होस्ट किया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने आध्यात्म के साथ ही एकेडमिक और प्रोफेशनल जीवन से जुड़े अहम सवालों पर देवकीनंदन महाराज से विचार जाने। कार्यक्रम में श्रोताओं ने प्रश्न रखे कि सफलता पाने की कोशिश करते हुए हम अपने मूल्यों से कैसे जुड़े रह सकते हैं? दबाव, महत्वाकांक्षा और अनिश्चितता के बीच हम संतुलन कैसे बनाएं? और ज्ञान और समझ हमें न केवल सफल प्रोफेशनल, बल्कि बेहतर इंसान बनने में कैसे मदद कर सकते हैं?

देवकीनंदन महाराज ने सभी प्रश्नों पर आध्यात्मिक दृष्टि से विचार रखते हुये समाधान प्रस्तुत किया। उन्होने आध्यात्म और भारतीय सांस्कृतिक व दार्शनिक ज्ञान पर आधारित विचार साझा किए। उन्होंने इन विचारों को व्यक्तिगत विकास, प्रोफेशनल जिम्मेदारियों और रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़े आज के सवालों से जोड़ा। विश्व शांति सेवा चैरीटेबल ट्रस्ट, सचिव विजय शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम को पारंपरिक लेक्चर के बजाय एक खुली और इंटरैक्टिव बातचीत के तौर पर आयोजित किया गया था। चर्चा में मूल्यों, मकसद, भलाई, रिश्तों, आंतरिक संतुलन और आधुनिक जीवन की चुनौतियों का सामना करने जैसे विषयों पर बात हुई। श्रोताओं को सम्बोधित करते हुये देवकीनंदन महाराज ने कहा कि अध्यात्म का अर्थ केवल मंदिर जाकर पूजा करना नहीं है अपितु अपने व्यवहार में सदाचार और सत्य को आत्मसात करना है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में प्रत्येक प्रश्न का समाधान है। अध्यात्म ही व्यक्ति को अन्तःकरण से शक्तिशाली करके एक बेहतर नागरिक बनाता है। आधुनिक युग में धर्मानुसार आचरण करके जीवन को शांतिपूर्ण और उद्देश्य पूर्ण बनाया जा सकता है।

गौरतलब है कि वृन्दावन से देवकीनंदन महाराज इस समय सनातन धर्म प्रचार के लिये दो माह के लिये यूएसए यात्रा पर हैं। इस दौरान वे बोस्टन, कैलीफार्निया, न्यू जर्सी, कनाडा, ब्रहम्टन, एडमंटन आदि स्थानों पर सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति पर प्रवचन करेंगे।

पुरानी पेंशन को लेकर कर्मचारियों का प्रदर्शन

मथुरा। उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के सैकड़ों पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने गुरुवार को पुरानी पेंशन योजना की बहाली की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। दोपहर करीब 2 बजे कर्मचारियों ने हाथों में तिरंगा लेकर नारेबाजी की और राजीव भवन तथा जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। संघ के जिलाध्यक्ष सत्यप्रकाश ने बताया कि वर्तमान में सरकारी कर्मचारियों को नवीन पेंशन योजना (एनपीएस) के तहत रखा गया है। उन्होंने एनपीएस में कई खामियां गिनाईं। सत्यप्रकाश के अनुसार, एनपीएस में निश्चित पेंशन का प्रावधान नहीं है और यह बाजार आधारित योजना है। इससे कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के बाद मिलने वाली पेंशन को लेकर अनिश्चितता और असुरक्षा महसूस होती है। प्रदर्शनकारियों ने तर्क दिया कि कर्मचारी अपनी पूरी सेवा अवधि के दौरान शासन और जनता के हित में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हैं। इसलिए, सेवानिवृत्ति के बाद सम्मानजनक जीवनयापन के लिए एक निश्चित पेंशन व्यवस्था आवश्यक है। कर्मचारियों का मानना है कि पुरानी पेंशन योजना ही उनके बुढ़ापे का एकमात्र प्रमुख सहारा है। संघ के पदाधिकारियों ने सरकार से कर्मचारियों के हित में पुरानी पेंशन योजना को तत्काल बहाल करने की मांग की।

राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद के राष्ट्रीय सचिव बने राजू उपाध्याय सह सचिव सोमेंद्र

टूंडला। नगर के स्टेशन रोड स्थित होटल जेएस में राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद के नवनियुक्त राष्ट्रीय सचिव राजू उपाध्याय एवं राष्ट्रीय सह सचिव सोमेंद्र पौनियां का राष्ट्रीय अध्यक्ष मो. सनी एवं उनकी पूरी टीम द्वारा फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र सौंपते हुए संगठन के प्रति उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराया। राष्ट्रीय अध्यक्ष मो. सनी ने कहा कि मानव अधिकारों की रक्षा एवं संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी पदाधिकारी पूरी निष्ठा और लगन के साथ कार्य करें। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन की नीतियों एवं उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। राजू उपाध्याय एवं सोमेंद्र पौनियां ने राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संगठन के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ निर्वहन करते हुए संगठन को मजबूत बनाने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर मो.जमील, शमिउज्जमा कुरैशी मो.फहीम माजिद अली, जाकिर अली, विवेक शर्मा, योगेंद्र सिंह, धीरज बघेल सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भागलपुर-अहमदाबाद अमृत भारत एक्सप्रेस का टूंडला में होगा ठहराव

टूंडला। भागलपुर और अहमदाबाद के बीच नई अमृत भारत साप्ताहिक एक्सप्रेस नियमित गाड़ी संख्या 19423/19424 का संचालन 26 अगस्त 2026 से अहमदाबाद से प्रारम्भ होने से उत्तर प्रदेश बिहार, राजस्थान और गुजरात के यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलने जा रही है। इस नई ट्रेन का टूंडला जंक्शन पर भी ठहराव निर्धारित किया गया है, जिससे टूंडला एवं आसपास के क्षेत्र के यात्रियों को अहमदाबाद, कोटा सहित विभिन्न प्रमुख शहरों के लिए सीधी एवं सुविधाजनक रेल सेवा उपलब्ध होगी। अहमदाबाद से यह ट्रेन प्रत्येक बुधवार सायं 6:30 बजे चलकर टूंडला बृहस्पतिवार को सुबह 10:40 पर पहुंच जाएगी तथा वापसी में भागलपुर से प्रत्येक शुक्रवार सायं 4:45 पर चलकर टूंडला में यह ट्रेन शनिवार सुबह 11:25 पर पहुंचेगी। टूंडला में अमृत भारत एक्सप्रेस के ठहराव से फिरोजाबाद टूंडला, जलेसर, एत्मादपुर तथा आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को विशेष लाभ मिलेगा। व्यापार, शिक्षा, रोजगार एवं अन्य कार्यों के सिलसिले में गुजरात और राजस्थान आने-जाने वाले लोगों के लिए यह ट्रेन एक महत्वपूर्ण रेल सुविधा साबित होगी। क्षेत्रीय रेल यात्री सुविधाओं को लेकर लगातार आवाज उठाने वाले श्रीकृष्ण गौतम, सदस्य क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति, उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज ने टूंडला में नई अमृत भारत एक्सप्रेस के ठहराव को क्षेत्र के यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए रेल मंत्रालय एवं रेलवे प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है। श्री गौतम ने कहा कि टूंडला जंक्शन पर नई अमृत भारत ठहराव से टूंडला को देश के प्रमुख शहरों से बेहतर रेल संपर्क मिलेगा तथा स्थानीय व्यापार एवं रोजगार गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के नेतृत्व में देश में आधुनिक एवं सुविधाजनक रेल सेवाओं का विस्तार हो रहा है। अमृत भारत एक्सप्रेस जैसी आधुनिक ट्रेनें सामान्य एवं मध्यम वर्ग के यात्रियों के लिए लंबी दूरी की यात्रा को अधिक सुविधाजनक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

समाज कल्याण, पिछड़ा व अल्पसंख्यक कल्याण विभागों की समीक्षा बैठक संपन्न

मथुरा। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत ओरिएंटेशन व प्रशिक्षण कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए निर्देश दिए कि जनपद में संचालित समस्त शिक्षण संस्थान शासन द्वारा निर्गत समय-सारणी के अनुसार ससमय अपनी कार्यवाही पूर्ण करें। उन्होंने चेतावनी दी कि कोई भी शिक्षण संस्थान मास्टर डेटा में शासन द्वारा निर्गत मान्यता से अधिक सीट या फीस लॉक न करे, अन्यथा की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी शिक्षण संस्थान अपने यहाँ अध्ययनरत छात्रों से नियमावली के अनुसार आधिकारिक वेबसाइट पर अधिक से अधिक आवेदन कराना सुनिश्चित करें। शासन द्वारा जारी समय-सारणी के अनुसार नवीनीकरण छात्र/छात्राओं हेतु 15 सितंबर 2026 से 15 अक्टूबर 2026 तक, नवीन छात्र/छात्राओं हेतु 15 सितंबर 2026 से 31 अक्टूबर 2026 तक आवेदन की तिथियां है। जिलाधिकारी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि मुख्य विकास अधिकारी के माध्यम से पूरी प्रक्रिया को बिंदुवार जारी और प्रसारित कराया जाए, जिससे विद्यार्थियों या संस्थानों को आवेदन करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने वृद्धावस्था, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन योजना के तहत लंबित सत्यापन कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कोई भी पात्र लाभार्थी पेंशन से वंचित नहीं रहना चाहिए। इसके साथ ही, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक परिवारों को लाभान्वित करने तथा आगामी लक्ष्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को कड़े शब्दों में निर्देशित किया कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचना चाहिए।

टूटे बिजली तार से दो की मौत, ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

मथुरा। सुरीर कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक खेत में टूटे 11 हजार वोल्ट के बिजली के तार की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 15 वर्षीय किशोर विवेक और उसे बचाने पहुंचे 20 वर्षीय गोविन्द शामिल हैं। घटना के बाद ग्रामीणों में विद्युत विभाग के प्रति आक्रोश देखा गया।

जानकारी के अनुसार, गांव नगला औहावा निवासी रामकिशन बघेल का 15 वर्षीय बेटा विवेक की सुबह अपने पिता के लिए चाय लेकर खेत पर जा रहा था। इसी दौरान, खेत में टूटे पड़े 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन के तार पर उसका पैर पड़ गया। पैर पड़ते ही विवेक की चीख निकल गई। चीख सुनकर, पड़ोसी खेत पर चारा लेने गए गुलाब, निवासी बैकुंठपुर (उम्र करीब 20 वर्ष), किशोर को बचाने के लिए दौड़ा। दुर्भाग्यवश, किशोर को बचाने के प्रयास में गुलाब का पैर भी उसी विद्युत तार पर पड़ गया। दोनों युवक 11 हजार वोल्ट के करंट की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अरुण कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और विद्युत विभाग को भी इस संबंध में सूचित कर दिया गया है। विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते हुई इस दुखद घटना से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली का तार टूटने के बावजूद विभाग ने समय रहते कोई कार्रवाई नहीं की। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग की लापरवाही की जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा देने की मांग की है। लोगों का कहना है कि विद्युत विभाग द्वारा समय-समय पर तारों का निरीक्षण और रखरखाव नहीं किया जाता है, जिसके कारण इस तरह की दुर्घटनाएं होती हैं। उन्होंने विद्युत विभाग के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस घटना ने दो परिवारों पर दुखों का पहाड़ तोड़ दिया है। 15 वर्षीय विवेक अपने पिता की इकलौती संतान था, जबकि गुलाब भी अपने घर का सहारा था। दोनों युवकों की आकस्मिक मृत्यु से उनके परिवारों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव नगला औहावा और बैकुंठपुर में मातम का माहौल है।

सफलता के लिए लक्ष्य तय कर अनुशासित मेहनत जरूरी

फिरोजाबाद। सफलता का मार्ग अधिकारियों के साथ विशेष संवाद श्रृंखला के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे ने वर्चुअल माध्यम से जुड़े करीब तीन हजार विद्यार्थियों तथा दाऊ दयाल गर्ल्स इंटर कॉलेज में प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित 80 से अधिक छात्राओं को कैरियर मार्गदर्शन एवं सफलता के मूल मंत्र बताए। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, समय के सदुपयोग और निरंतर मेहनत के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया। एसएसपी ने कहा कि जीवन में सबसे जरूरी एक अच्छा इंसान बनना है। व्यक्ति कैरियर में कितनी भी ऊंचाई हासिल करे, उसे अपनी इंसानियत कभी नहीं खोनी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को समय के सही उपयोग की सलाह देते हुए कहा कि सोशल मीडिया की रील और ऑनलाइन दिखावे से प्रभावित होने के बजाय अपने समय का सदुपयोग पढ़ाई और व्यक्तित्व विकास में करना चाहिए। उन्होंने बताया कि यदि कोई विद्यार्थी प्रतिदिन दो घंटे फोन पर व्यर्थ बिताता है तो साल भर में करीब 700 घंटे, यानी लगभग एक महीने के बराबर समय बर्बाद हो जाता है। उन्होंने कहा कि मेडिकल, इंजीनियरिंग, सिविल सर्विसेज सहित किसी भी क्षेत्र में सफलता के लिए रोज ईमानदारी से मेहनत और स्वयं का आकलन जरूरी है। लक्ष्य तय करने की कोई उम्र या समय सीमा नहीं होती। महत्वपूर्ण यह है कि चुने हुए लक्ष्य के प्रति भीतर से प्रेरणा हो और व्यक्ति लगातार उसके लिए प्रयास करता रहे। एसएसपी ने विद्यार्थियों को अपने अभिभावकों की मेहनत और उपलब्ध संसाधनों का सही उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को स्वयं से यह सवाल पूछना चाहिए कि वह अपने अवसरों और बनाई गई योजना के साथ कितना न्याय कर रहा है। उन्होंने कम अंक आने पर निराश न होने की बात कहते हुए कहा कि शुरूआती असफलता भविष्य की सफलता का रास्ता रोक नहीं सकती। असफलताओं से सीख लेकर व्यक्ति खुद में सुधार कर आगे बढ़ सकता है। संविधान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान हमें अधिकारों के साथ जिम्मेदारियां भी देता है। धर्म, जाति, रंग या क्षेत्र के आधार पर भेदभाव न करना और सभी को साथ लेकर चलना सच्चे संवैधानिक मूल्यों का हिस्सा है। उन्होंने विद्यार्थियों से वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने तथा अंधविश्वास के बजाय तथ्यों और तर्क के आधार पर सोचने का आह्वान किया।

एसएसपी ने स्मार्टफोन और सोशल मीडिया के अत्यधिक प्रयोग से बचने की सलाह देते हुए कहा कि स्मार्ट डिवाइस का इस्तेमाल विवेकपूर्ण तरीके से किया जाना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को मित्रता के चुनाव में भी सावधानी बरतने और ऐसे अच्छे मित्र बनाने की सलाह दी, जो उनके कैरियर एवं व्यक्तित्व विकास में सहायक बनें।

खोया पर्स सीसीटीवी से खोजा

मथुरा। हरियाली तीज पर चारधाम मंदिर में दर्शन करने आई मध्य प्रदेश की महिला श्रद्धालु का भीड़ में खोया पर्स जैत पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से बरामद कर लिया। पर्स में रखे करीब डेढ़ लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के आभूषण सकुशल वापस मिलने पर महिला ने पुलिस का आभार जताया। 14 अगस्त को हरियाली तीज के अवसर पर मध्य प्रदेश निवासी महिला श्रद्धालु चारधाम मंदिर में दर्शन करने आई थीं। भीड़भाड़ के दौरान उनका पर्स कहीं गिर गया, जिसमें सोने का मंगलसूत्र और चांदी की अंगूठी रखी थी। पर्स गायब होने की जानकारी होने पर महिला ने जैत थाने में लिखित शिकायत की। शिकायत मिलते ही पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी। फुटेज के आधार पर पुलिस टीम ने काफी प्रयास के बाद खोया हुआ पर्स बरामद कर लिया।

डीएम ने मेडिकल कॉलेज का किया आकस्मिक निरीक्षण, व्यवस्थाओं में सुधार के दिये निर्देश

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने अपर जिलाधिकारी वि.रा. कल्पना जायसवाल एवं सिटी मजिस्ट्रेट विनोद कुमार पांडे के साथ मेडिकल कॉलेज का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कॉलेज में उपलब्ध विभिन्न व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मेडिकल कॉलेज में अध्ययनरत एमबीबीएस एवं पीजी के मेडिकल स्टूडेंट्स तथा रेजिडेंट डॉक्टरों से सीधा संवाद किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं एवं डॉक्टरों से कॉलेज की व्यवस्थाओं को लेकर जानकारी ली तथा उनमें सुधार के संबंध में व्यापक चर्चा की। जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यार्थियों एवं डॉक्टरों को बेहतर शैक्षणिक एवं सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। इसके बाद जिलाधिकारी ने परिसर में स्थित पांचों हॉस्टलों का निरीक्षण किया। इन हॉस्टलों में करीब 700

से अधिक प्रशिक्षणरत डॉक्टर एवं मेडिकल छात्र-छात्राएं रहते हैं। हॉस्टल की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए उन्होंने हॉस्टल वार्डन को प्रत्येक सप्ताह बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। साथ ही रेजिडेंट डॉक्टरों की समितियां गठित करने को कहा, जो नियमित रूप से समस्याओं पर चर्चा कर वार्डन एवं प्रिंसिपल को अवगत कराएंगी। डीएम ने मेडिकल कॉलेज परिसर एवं हॉस्टलों में सफाई व्यवस्था को और बेहतर करने के निर्देश दिए। इसके लिए नगर निगम द्वारा नियमित सफाई एवं कूड़ा उठान सुनिश्चित कराने को कहा। बिजली एवं पानी से संबंधित समस्याओं का शीघ्र निस्तारण कराने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को भी निर्देशित किया। निरीक्षण के अंत में जिलाधिकारी ने जनपद में शुरू की गई ह्यफिरोजाबाद सुशासन यूट्यूब पहलह्न के तहत विद्यार्थियों को मोटिवेशनल लेक्चर एवं कैरियर गाइडेंस उपलब्ध कराने में मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों की सहभागिता सुनिश्चित करने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि विशेषज्ञ डॉक्टरों के अनुभव एवं मार्गदर्शन से विद्यार्थियों को अपने कैरियर के संबंध में बेहतर दिशा मिल सकेगी। इस दौरान मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर नौशाद सहित संबंधित अधिकारी एवं चिकित्सक मौजूद रहे।

एसएसपी ने जनपद के ग्राम प्रहरियों को संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के दिये निर्देश

फिरोजाबाद। पुलिस लाइन स्थित बहुउद्देशीय हॉल में गुरुवार को एसएसपी की अध्यक्षता में जनपद के समस्त थानों के ग्राम प्रहरियों (चौकीदारों) के साथ महत्वपूर्ण गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी का उद्देश्य ग्राम स्तर पर होने वाली छोटी से छोटी घटना एवं महत्वपूर्ण सूचनाओं को तत्काल थाना पुलिस तक पहुंचाकर अपराधों की रोकथाम एवं कानून-व्यवस्था को मजबूत करना रहा।

एसएसपी ने ग्राम प्रहरियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने गांवों में संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर सतत नजर रखें और किसी भी महत्वपूर्ण सूचना की जानकारी बिना देरी संबंधित थाना पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि किसी संवेदनशील अथवा गंभीर प्रकरण की सूचना सीधे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तक पहुंचाने के लिए ग्राम प्रहरियों को उनका व्यक्तिगत मोबाइल नंबर भी उपलब्ध कराया गया है।

उन्होंने ग्राम प्रहरियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी घटना की सूचना को छिपाया न जाए और बिना किसी पक्षपात के पुलिस को निष्पक्ष जानकारी उपलब्ध कराई जाए, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। गोष्ठी के दौरान अपने कर्तव्यों का उत्कृष्ट निर्वहन करने वाले छह ग्राम प्रहरियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए अन्य ग्राम प्रहरियों को भी पूरी जिम्मेदारी और निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संबंधित पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी तथा जनपद के समस्त ग्राम प्रहरी मौजूद रहे।

पीएम फसल बीमा योजना में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : डीएम

मथुरा। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, अनुश्रवण एवं कृषकों की समस्याओं के समयबद्ध निस्तारण हेतु जिला स्तरीय मॉनिटरिंग समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने किसानों को इस योजना का पारदर्शी एवं प्रभावी लाभ सुनिश्चित करने और शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने के कड़े निर्देश दिए।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी के संज्ञान में आया कि कई मामलों में बैंक शाखाओं द्वारा किसानों के खातों से फसल बीमा प्रीमियम तो काट लिया जाता है, लेकिन उनकी बीमा पॉलिसी जनरेट नहीं की जाती और न ही प्रीमियम बीमा कंपनी को हस्तांतरित किया जाता है। इसके परिणामस्वरूप, फसल क्षति होने पर किसानों को बीमा योजना के लाभ से वंचित होना पड़ता है। इसके अतिरिक्त, कुछ ऐसे प्रकरण भी सामने आए हैं जहाँ प्रीमियम काटने और पॉलिसी जनरेट होने के बावजूद क्षतिपूर्ति की धनराशि किसी अन्य व्यक्ति के खाते में भेज दी जाती है। इन गंभीर अनियमितताओं पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों की उच्चस्तरीय जांच कराई जाएगी और त्रुटि या लापरवाही पाए जाने पर संबंधित बैंक शाखा प्रबंधक की जवाबदेही तय की जाएगी।

जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि जांच के उपरांत किसान को हुई वास्तविक वित्तीय क्षति की नियमानुसार वसूली संबंधित बैंक शाखा प्रबंधक एवं जिला स्तरीय कोऑर्डिनेटर से कराई जाएगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी भी स्तर पर बैंक की लापरवाही के कारण अन्नदाताओं को उनके हक से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा।

जनपद में पूर्व वर्षों में गैर-ऋणी कृषकों से संबंधित बीमा प्रकरणों में सामने आई स्थितियों को ध्यान में रखते हुए, जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि खरीफ 2026 सीजन में गैर-ऋणी कृषकों की बीमा पॉलिसियों का एक समिति गठित कर शत-प्रतिशत स्थलीय सत्यापन कराया जाए। इससे यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि केवल वास्तविक कृषकों का ही बीमा हुआ है और योजना में किसी भी प्रकार की अनियमितता की कोई गुंजाइश न रहे। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने सभी बैंक शाखा प्रबंधकों, जिला स्तरीय बैंक समन्वयकों, कृषि विभाग तथा बीमा कंपनी के अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के क्रियान्वयन में पूर्ण पारदर्शिता, जवाबदेही और कृषक हित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। किसानों के हितों की अनदेखी या किसी भी स्तर पर कोताही बरतने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

बाइकों में सूआ घोंपने वाले हैडकांस्टेबिल को एसएसपी ने किया निलंबित

मथुरा। वृंदावन में यातायात व्यवस्था संभालने के लिए ट्रैफिक पुलिस की एक कार्रवाई सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बनी हुई है। वायरल वीडियो में एक पुलिसकर्मी बाइक के टायर में नुकीला औजार यानी करता नजर आ रहा है। बताया जा रहा है कि पुलिसकर्मी ने बाइक के टायर में एक-दो नहीं, बल्कि तीन बार सूजा मारा। इस दौरान बाइक सवार युवक पुलिसकर्मी से उसे छोड़ने की गुहार लगाता रहा, लेकिन उसकी बात नहीं सुनी गई। सूजा मारकर उसे पंचर कर दिया। सीओ सदर वरुण मिश्रा ने बताया कि यह कृत्य वृंदावन थाने में तैनात यादव ने किया था। मामले की जांच रिपोर्ट गई है। एसएसपी ने मुख्य आरक्षी सुनील कुमार यादव को निलंबित कर दिया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो रमणरेती मुख्य आरक्षी सुनील कुमार और अधिकारियों को भेज दी। पुलिस चैकी के सामने का बताया जा रहा है। वीडियो में एक बाइक सवार तीन लोगों को बैठाकर जाता दिखाई देता है। चैकी के सामने पहुंचते ही एक पुलिसकर्मी उसे रोक लेता है। इसके बाद पुलिसकर्मी बाइक के आगे और पीछे के टायर में नुकीला औजार मारना शुरू कर देता है। बाइक सवार उसे छोड़ने की गुहार लगाता दिखाई देता है, लेकिन पुलिसकर्मी लगातार टायर को पंचर करता रहता है।

श्रम कौशल बढ़ायें

कुशल श्रमिकों की जरूरत जिस तरह पूरी दुनिया में बढ़ रही है उसके मद्देनजर बड़ी संख्या में भारत से पूरी दुनिया में कुशल श्रमिक से लेकर इंजीनियर और डॉक्टर जैसे हायर स्किल के लोग बेहतर रोजगार की तलाश में विदेश जाते हैं। यही कारण है कि आज भारत दुनिया की सबसे बड़ी प्रवासी आबादी का प्रतिनिधित्व करता है और यहां के करीब 1.85 करोड़ लोग विदेश में रहते हैं। इतना ही नहीं भारत विदेश से वापस धनप्रेषण यानी रेमिटेंस हासिल करने वाला सबसे बड़ा देश भी है। यह इस आवश्यकता को रेखांकित करता है कि वैश्विक श्रम की मांग को पूरा करने के लिए कौशल विकास और संस्थागत तंत्र को मजबूत किया जाए। वर्तमान पाइपलाइन मुख्यतः कम कौशल वाले कार्यों पर केंद्रित है जहां केवल निर्माण क्षेत्र ही राष्ट्रीय कौशल विकास निगम द्वारा सुगम की गई विदेशी नियुक्तियों का 71.3 फीसदी हिस्सा रखता है। इस रुझान में विविधता लाने का बहुत बड़ा अवसर है। विकसित देशों में बढ़ती उम्र की आबादी और श्रम योग्य आयु वाले लोगों की बढ़ती संख्या के कारण श्रम बाजारों में हालात तंग हो रहे हैं। इसके साथ ही ढांचागत कौशल की विसंगति और शिक्षा तथा प्रशिक्षण पाठ्य क्रम का कमजोर

संयोजन भी कुशल श्रमिकों की कमी की वजह बन रहा है। मांग अब बुनियादी ढांचे और निर्माण, लॉजिस्टिक्स और परिवहन, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी और डिजिटल सेवाओं, हरित परिवर्तन उद्योग, आतिथ्य, स्वास्थ्य सेवा तथा व्यक्तिगत और सामाजिक सेवाओं में विस्तारित हो रही है। भारत की चुनौती यह है कि वह अपने श्रमबल की इन कमी या जरूरत वाले क्षेत्रों से जोड़ने के बजाय पारंपरिक, कम वेतन वाले प्रवासन चैनलों पर मुख्य रूप से निर्भर है। अगर निर्माण के साथ ही उत्पादन, वितरण, स्वास्थ्य, सेवा, बीमा, बैंकिंग, आतिथ्य जैसे क्षेत्रों में भी बड़े पैमाने पर कुशल लोगों को तैयार किया जाये, तो इनके लिए मौकों का और विस्तार होगा। नेशनल ब्यूरो ऑफ इकनॉमिक रिसर्च द्वारा 2023 में प्रकाशित एक अध्ययन में भारतीय श्रमिकों के यूएई प्रवासन का विश्लेषण किया गया और पाया गया कि प्रवासन ने पारिश्रमिक को दोगुना कर दिया लेकिन बिचौलियों की फीस ने वास्तविक आय को लगभग 10 फीसदी तक घटा दिया। प्रवासियों ने अपनी निजी खुशहाली और संतुष्टि में भी काफी गिरावट महसूस की। इस तरह के खर्च, अधूरी जानकारी और सुरक्षा के कमजोर इंतजामों से पैदा होने वाले जोखिमों को उजागर करते हैं। नीति का उद्देश्य केवल अधिक कामगारों को भेजना नहीं होना चाहिए बल्कि अनौपचारिक कम-वेतन वाले प्रवासन से हटकर मांग-आधारित कौशलयुक्त गतिशीलता की ओर बढ़ना चाहिए। इसके लिए माइग्रेशन डैशबोर्ड, विदेशी भाषाओं का प्रशिक्षण, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त प्रमाणन और नियोक्ता साझेदारियों की जरूरत है। बड़ी संख्या में राज्यों को मोबिलिटी रिसोर्स सेंटर्स स्थापित करने पर विचार करना चाहिए जो गतिशीलता सेवाओं की अंतिम डिलीवरी के लिए संस्थागत इंटरफेस के तौर पर काम करें। ये केंद्र परामर्श, करियर मार्गदर्शन, गंतव्य देश की जरूरतों की जानकारी, दस्तावेजीकरण और प्रस्थान पूर्व सहयोग प्रदान कर सकते हैं जिससे कामगार अधिक जानकारीपरक निर्णय ले सकें और अनौपचारिक बिचौलियों पर उनकी निर्भरता कम हो। इसके अलावा प्रवासी समुदाय का समर्पित प्रतिनिधित्व भी महत्वपूर्ण है ताकि कामगारों की चिंताओं को मेजबान देशों की सरकारों तक पहुंचाया जा सके, कानूनी सुरक्षा को मजबूत किया जा सके और समय पर शिकायत निवारण सुनिश्चित किया जा सके। राज्य को सर्कुलर माइग्रेशन को भी बढ़ावा देना चाहिए। कौशल, बचत और अंतरराष्ट्रीय अनुभव के साथ लौटने वाले कामगारों को घरेलू बाजार में दोबारा प्रवेश करने, उद्यम शुरू करने या उत्पादक रोजगार पाने के लिए सहयोग मिलना चाहिए। इससे दरअसल रोजगार की समस्या भी खत्म होगी, विदेशी मुद्रा का अर्जन होगा और देश की आर्थिक प्रगति भी तेज होगी।

विचार

इस सनातन नियम को याद रखो- यदि तुम प्राप्त करना चाहते हो तो अर्पित करना सीखो।

-सुभाष चन्द्र बोस.

आवश्यकताएं कम करें। आवश्यकताएं जितनी कम होंगी उतना ही अधिक सुख मिलेगा।

-स्वामी रामथीर्थ.

उद्योग तो मनुष्य को करना ही चाहिए। वह तो उसका कर्तव्य है। गाय न पालकर भी बिल्ली अपने उद्योग से नित्य दूध पीती है।

-संस्कृत लोकोक्ति.

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग द्वैष शान्त नहीं होते, तब तक मनुष्य इंद्रियों का गुलाम बना रहता है।

-आचार्य विनोबा भावे.

मनुष्य का मूल्य उसके काम या कथन से नहीं, बल्कि वह जीवन में क्या बन रहा है इसे देखकर आंकना चाहिए।

-महर्षि अरविन्द.

चिंताजनक है भूगर्भ जल का दूषित होना

अरविन्द जयतिलक

दूषित होता देश का भूजल-अरविंद जयतिलक देश के कई इलाकों के भूजल में आर्सेनिक और क्रोमियम से जुड़े स्वास्थ्य जोखिम का उजागर होना बेहद ही डरावना और चिंतित करने वाला है। यह खुलासा हाल ही में प्रकाशित इंडियन मेडिकल जर्नल के तथ्यों से हुआ है। मेडिकल जर्नल की इस समीक्षा के 63 स्टडी के विश्लेषण में आर्सेनिक को लेकर कैंसर का जोखिम सबसे बड़ी चिंता के तौर पर उभरकर सामने आया है। स्टडी के आंकलन में आर्सेनिक वाले पानी के सेवन से 49 फीसदी वयस्कों और 60 फीसदी बच्चों में संभावित गैर कैंसर वाले स्वास्थ्य के दूसरे जोखिम की आशंका जताई गई है। बच्चों में दूषित पानी के त्वचा के संपर्क से भी खतरा सामने आया है। कैंसर के जोखिम के आंकलन में आर्सेनिक के संपर्क से जुड़े 72 फीसदी वयस्क और 69 फीसदी बच्चों के अध्ययनों में पानी पीने के जरिए जोखिम तय सीमा से अधिक पाया गया है। क्रोमियम के मामले में यह आंकड़ा वयस्कों में 50 फीसदी और बच्चों में 56 फीसदी रहा। चिंतित करने वाला तथ्य यह भी कि सतही पानी की तुलना मे भूजल में गैर कैंसर कारी स्वास्थ्य जोखिम ज्यादा पाया गया है।

> भूजल के उपयोग को नियंत्रित करने के लिए एक स्पष्ट प्रभावी कानूनी ढांचे का अभाव है। नतीजा भूजल न सिर्फ बुरी तरह प्रदूषित हो रहा है बल्कि उसके स्तर में भी भारी गिरावट आ रही है। इस गहराते संकट का असर दिखने के बाद भी बचाव के लिए लिए कोई कारगर पहल नहीं हो रही है।

पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, बिहार और जम्मू-कश्मीर समेत कई क्षेत्रों में आर्सेनिक को लेकर जोखिम बढ़ा है। पंजाब के तो कई जिलों में आर्सेनिक से दूषित भूजल से कैंसर का जोखिम तय सीमा से अधिक है। गौर करें तो यह पहली बार नहीं है जब दूषित भूजल को लेकर उपजने वाले खतरों के संबंध में खुलासा हुआ है। याद होगा कि गत वर्ष भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा जारी रिपोर्ट में दिल्ली के पेयजल की गुणवत्ता देश में सबसे निचले स्तर पर होने का खुलासा किया गया था। रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली के पेयजल के नमूने 19 मानदंडों में से किसी पर खरे नहीं पाए गए थे। देश के अधिकांश राज्यों की भी स्थिति कमोवेश ऐसी ही है। अमेरिका के ड्यूक विश्वविद्यालय के शोधकताओं द्वारा पहले ही दावा किया जा चुका है कि भारत के भूजल में हानिकारक यूरेनियम की मात्रा विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों से अधिक है। यह शोध जर्नल 'एनवायरमेंटल साइंस एंड टेक्नोलॉजी लेटर्स' में प्रकाशित हुआ था जिसमें भारत के 16 राज्यों के भूजल में खतरनाक स्तर पर यूरेनियम होने का दावा किया गया था। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत के लिए प्रति लीटर पेयजल में 30 माइक्रोग्राम यूरेनियम की मात्रा को सुरक्षित माना है, जबकि भारत के भूजल में यूरेनियम की मात्रा बहुत अधिक है। गत वर्ष ही विज्ञान पत्रिका नेचर जियोसाइंस द्वारा भी खुलासा किया जा चुका है कि सिंधु और गंगा नदी के मैदानी क्षेत्र का तकरीबन 60 फीसद भूजल दूषित हो चुका है। हालत यह है कि कहीं भूजल सीमा से अधिक खारा हो चुका है तो कहीं उसमें आर्सेनिक की मात्रा खतरनाक स्तर पर पहुंच गयी है। आंकड़ों में कहा गया है कि 200 मीटर की गहराई पर मौजूद भूजल का बड़ा हिस्सा दूषित हो चुका है वहीं 23 फीसद भूजल अत्यधिक खारा हो चुका है। 37 फीसद भूजल में आर्सेनिक की मात्रा खतरनाक स्तर तक पहुंच गयी है।

पर्यावरण

आर्सेनिक एक जहरीला तत्व होता है जो प्राकृतिक रुप से भूजल में पाया जाता है। लेकिन मौजुदा समय में अत्यधिक खनन और फर्टिलाइजर के इस्तेमाल के कारण भूजल में आर्सेनिक की मात्रा लगातार बढ़ रही है। इसके उपयोग से डायरिया, उल्टी, खून वाली उल्टियां, पेशाब में खून आना, बाल गिरना और पेट दर्द जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। साथ ही इससे फेफड़े, त्वचा, किडनी और लिवर प्रभावित होते हैं। दूषित भूजल में खतरनाक रोग उत्पन करने वाले जीव पाए जाते हैं जो स्वास्थ्य को बुरी तरह प्रभावित करते हैं। दूषित भूजल में पाए जाने वाले विषाणु पीलिया, पोलियो, गैस्ट्रे इंटराइटिस और चेचक जैसे रोगों को जन्म देते हैं वहीं जीवाणुओं द्वारा अतिसार, पेचिस, मियादी बुखार, हैजा, सूजाक व क्षय रोग उत्पन होते हैं। आर्सेनिक के अलावा दूषित भूजल में कैडमियम, लेड, मरकरी, निकल तथा सिल्वर की मात्रा भी बढ़ जाती है जो सेहत के लिए बेहद खतरनाक साबित होता है। दूषित भूजल में लोहा, मैंगनीज, कैल्सीयम, बेरियम, बोरान एवं अन्य लवणों जैसे नाइट्रेट, सल्फेट, बोरेट और काबोर्नेट इत्यादि की अधिकता भी मानव स्वास्थय पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। एक आंकड़े के मुताबिक हर आठ सेकेंड में एक बच्चा दूषित भूजल के सेवन से काल का ग्रास बन रहा है। हर साल पचास लाख से अधिक लोग दूषित भूजल के सेवन से मौत के मुंह में जा रहे हैं। यह समझना होगा कि भूजल जल आपूर्ति का एक महत्वपूर्ण स्रोत है जिसका उचित उपयोग और संरक्षण होना चाहिए। देश में कुल वार्षिक पुनः पूरणयोग्य भूजल संसाधनों का मान 433 घन किमी है। प्राकृतिक निस्सरण के लिए 34 बीसीएम जल स्वीकार करते हुए नेट वार्षिक भूजल उपलब्धता का मान संपूर्ण देश के लिए 399 बीसीएम है। वार्षिक भूजल का मान 231 बीसीएम है जिसमें सिंचाई उपयोग के लिए 213 बीसीएम तथा घरेलू एवं औद्योगिक उपयोग के लिए जल का मान 18 बीसीएम है। भूजल पीने के पानी के अलावा पृथ्वी में नमी बनाए रखने में भी मददगार साबित होता है। पृथ्वी पर उगने वाली वनस्पति तथा फसलों का पोषण भी इसी जल से होता है। यहां यह भी जानना जरुरी है कि अन्य देशों की तुलना में भारत में सालाना मीठे व स्वच्छ पानी की खपत अधिक होती है। विश्व बैंक के विगत आंकड़ों के अनुसार घरेलू, कृषि एवं औद्योगिक उपयोग के लिए प्रतिवर्ष 761 बिलियन घन मीटर जल का इस्तेमाल होता है। मौजूदा समय में पानी की कमी बढ़ गयी है। गिरता भूजल सिर्फ महाराष्ट्र के मराठवाड़ा, उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड या बिहार के सीतामढ़ी तक ही सीमित नहीं है। पंजाब व हरियाणा जैसे राज्यों में भूजल स्तर 70 फीसद तक नीचे पहुंच चुका है। विगत वर्षों के आंकड़ों के मुताबिक भारत के 29 फीसद विकास खंड भूजल के दयनीय स्तर पर हैं। हालांकि देश में जल संरक्षण तथा प्रबंधन कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए समय-समय पर अनेक उपाय किए गए हैं। मसलन 1945 में केंद्रीय जल आयोग का गठन किया गया जो राज्यों के सहयोग से देश भर में जल संसाधनों के विकास, नियंत्रण, संरक्षण तथा समन्वय को आगे बढ़ाता है। 1970 में केंद्रीय भू-जल बोर्ड का गठन किया गया। बोर्ड का मुख्य कार्य भू-जल संसाधनों के प्रबंधन, स्थायी एवं वैज्ञानिक विकास के लिए प्रौद्योगिकियों को विकसित करना तथा राष्ट्रीय नीति की निगरानी में उन्हें वितरित करना है। इसी तरह 1980 में राष्ट्रीय जल बोर्ड तथा 2006 में भू-जल के कृत्रिम पुनर्भरण के लिए सलाहकार परिषद का गठन किया गया। 2012 में राष्ट्रीय जल नीति तैयार किया गया जिसके तहत सुनिश्चित किया गया कि जल की उपलब्धता बढ़ाने के लिए वर्षा का प्रत्यक्ष उपयोग एवं अपरिहार्य वाष्पोत्सर्जन को कम करने का प्रयास होगा।

देश में भूजल संसाधन की मात्रा एवं गुणवत्ता की स्थिति का पता लगाया जाएगा। जलवायु परिवर्तन के अनुरुप जल संसाधनों के संरक्षण तथा अनुरुप प्रौद्योगिकी विकल्प को आजमाया जाएगा। औद्योगिक परियोजनाओं के लिए जल उपयोग हेतु परियोजना मूल्यांकन एवं पर्यावरणीय अध्ययन का विश्लेषण किया जाएगा। लेकिन सच तो यह है कि इन प्रयासों के बावजूद भी भारत में जल संरक्षण एवं प्रबंधन हेतु व्यापक स्तर पर संचालित कार्यक्रम परिणाम की दृष्टि से प्रभावी साबित नहीं हुए है। भूजल के उपयोग को नियंत्रित करने के लिए एक स्पष्ट प्रभावी कानूनी ढांचे का अभाव बना हुए है। नतीजा भूजल न सिर्फ बुरी तरह प्रदूषित हो रहा है बल्कि उसके स्तर में भी भारी गिरावट आ रही है। हैरान करने वाला यह कि इस गहराते संकट का असर दिखने के बाद भी इसके बचाव के लिए लिए कोई कारगर पहल नहीं हो रही है।

सोशल मीडिया

भाजपा में पीडीए स्थान तो पा सकता है लेकिन सम्मान नहीं, पीडीए के लोग यदि अपने-अपने स्वार्थ छोड़कर एकजुट हो जायें तो पीडीए सरकार सदैव क लिए आ जाये। अखिलेश यादव.

कांग्रेस कार्यसमिति ने वंदे मातरम के पूर्ण गान की जगह मात्र दो अंतरे गाने का जो फैसला लिया है, वह न केवल देश विरोधी है, बल्कि संसदीय कानून की अवहेलना। अमित शाह.

पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट के फैसले के बाद गंभीर प्रश्न खड़ा हुआ है, पंजाब की सरकार ने सर्वोच्च संवैधानिक स्थान राज्य की विधान सभा में झूठ बोलने का काम किया। सुधांशु त्रिवेदी.

आध्यात्मिक चिंतन

अंतर्दृष्टि

वासनाएं इंसान के लिए ऐसा इन्द्रधनुषी चक्रब्यूह रचती हैं जिससे निकलना आसान नहीं होता है। ये हम अपनी ओर आकर्षित करती हैं, हमारे संकल्पों को कमजोर करती हैं। जिन लोगों के मन पर वासनाओं ने अधिकार जमा लिया है और जो इसके फल स्वरूप इंद्रियों के दास बन चुके हैं, उनका छुटकारा सहज में नहीं होता। वे विषयों की बुराइयां जानकर भी निर्बलता अथवा मोह वश उनके फंदे से नहीं निकल पाते। ऐसे लोगों को निरन्तर सत्संगति और आध्यात्मिक चिंतन की आवश्यकता पड़ती है। इन वासनाओं में प्रायः काम वासना ही सर्व प्रधान होती है और सबसे पहले उसी के निग्रह की चेष्टा की जानीचाहिए। स्त्री की प्रतिमूर्ति अथवा स्मरण मन को क्षुब्ध करता है। काम वासना शक्तिशाली होती है। यह एक कुसुम धानुष साथ लेकर चलती है, जिसमें मोहन, स्तम्भन, उन्मादन, शोषण और तपन रूपी पांच वाण सजे होते हैं। विवेक, विचार, भक्ति और ध्यान इस घोर राग का मूलोच्छेद करते हैं। यदि काम पर विजय प्राप्त हुई तो क्रोध, लोभ, आदि जो उसके शस्त्र हैं, आप ही कुण्डित हो जायेंगे। राग का प्रथम अस्त्र रमणी है। यदि इसे मन से नष्ट किया गया तो इसके अनुवर्ती और परिजन बड़ी आसानी से जीते जायेंगे। यदि सेनापति मारा गया तो सैनिकों को मार डालना आसान हो जायेगा। वासना पर विजय प्राप्त करो। फिर क्रोध को जीत लेना आसन हो जायेगा। केवल क्रोध ही वासना का अनुवर्ती है। सैनिक जैसे ही दुर्ग से बाहर निकलें, उन्हें एक-एक करके मार डालो, अंत में तुम्हारा दुर्ग पर आधिपत्य हो जायेगा। इसी प्रकार प्रत्येक संकल्प को जो मन में उठे एक-एक करके नष्ट कर दो। अंत में तुम्हारा मन पर अधिकार हो जायेगा। विचार, शांति, ध्यान और क्षमता के द्वारा क्रोध पर विजय प्राप्त करो। जो मनुष्य तुम्हारी हानि करता हो, उसके ऊपर दया करो और उसे क्षमा कर दो। उलाहने को प्रसाद समझो, उसे आभूषण जानों तथा अमृत तुल्य मानो। भर्त्सना को सह लो। सेवा, दया और ब्रह्मभावना के द्वारा विश्व प्रेम का विकास करो। जब क्रोध पर विजय प्राप्त हो जायेगी तो धृष्टता, अहंकार और द्वेष नष्ट हो जायेंगे। प्रार्थना और भजन से भी क्रोध दूर हो जाता है। संतोष, अभेद, विराग, तथा दान के द्वारा लोभ का शमन करो। अभिलाषाओं को मत बढ़ाओ, तुम्हें कभी निराश नहीं होना पड़ेगा। संतोष के राज्य के चार संतरियों की सहायता से तुम ब्रह्म ज्ञान, जीवन के चरम लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हो। अनुराग के पीछे-पीछे शोक और दुख भी लगे रहते हैं। अनुराग शोक से मिश्रित होता है। सुख के पीछे दुख चलता है। जहां सुख है वहां दुख है। अनुराग के नाम पर मनुष्य दुख का विषमय बीज वपन करता है जिससे शीघ्र की स्नेह के अंकुर निकल आते हैं। जिसमें बिजली के समान भयानक दाहकता होती है। इन अंकुरों से अनेक शाखाओं से युक्त दुख का वृक्ष उत्पन्न होता है।

प्रभु से बस यही प्रार्थना है!

व्यंग्यलोक

इधर पिछले कुछ दिनों से मैं ही नहीं, मेरी अगल बगल के हर विभाग के हर क्लास के चूहे मेंटली परेशान थे। सबके मन खिन्न! दिमाग छिन्न भिन्न! बात थी ही छिन्नता खिन्नता वाली। तो परेशानी का कारण बना यों कि ज्यों ही मेरी बगल के लोक निर्माण विभाग के दूसरी श्रेणी के चूहे को टीवी से यह दुखद खबर मिली कि सिस्टमी जाति की उम्दा प्रजाति के हमारे बिरादर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है या किसी ने उसकी लोकतंत्र के चौक पर दिन दहाड़े हत्या कर दी है, तो हम सबकी भूख प्यास सब खत्म हो गई। खबर थी ही भूख प्यास खत्म कर देने वाली। यह खबर सुनकर कई दिनों तक ऑफिस में किसी का कुछ कुतरने को कतई मन नहीं करता। रात को हम पूर चूहा कॉलोनी वाले सोने की कोशिश करते तो नींद आने का नाम न लेती। तब जब देखो बस, चौबीसों घंटे हम सबकी आंखों के सामने हमारा मरा, मारा बिरादर कभी इस बोरी तो कभी उस बोरी उदकता फुदकता दिखता। आखिर जब तनाव हद से अधिक बढ़ गया तो तय हुआ कि हम अपने बिरादर की मौत की निष्पक्ष जांच के लिए जुलूस निकालें, धरने दें। आमरण अनशन पर तब तक बैठे रहें जब तक हमारे बिरादर की मौत पर से रहस्य का कफन नहीं उठ जाता। और हमने सर्वसम्मति से अपने आंदोलन के पहले फेज में हमने अपनी बिरादर की मौत की निष्पक्ष जांच की मांग सरकार से की ताकि हमारे बिरादर की मौत का सच देश के सामने आ सके। और मजे की बात! हमारी मांग तुरंत सरकार ने अपने रजिस्टर में रजिस्टर्ड कर ली। तब सरकार ने हमें विश्वास दिलाया कि डरो मत! हम पर विश्वास करो। वह तुम्हारा ही नहीं, हमारा भी बिरादर था। कल ही अपने पेटी भाई की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आई है। अपने पेटी भाई की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि बिरादर की मौत उसके किसी दुश्मन ने नहीं की है, यह मात्र शांत समाज में सज्जनों द्वारा दंगे भड़काने को फैलाई अफवाह भर थी। असल में उस पवित्र आत्मा की मृत्यु उसके अपने ही हाथों अपना दम घुटने से हुई थी। बिरादर का पोस्टमार्टम इंटरनेशनल चूहा चिकित्सा अनुसंधान संस्थान में किया गया था। असल में समाज को कुतर कुतर कर बिरादर के लंग्स, किडनियों में दिक्कत आ गई थी। पेटी भाई का रस्म उठाला करने के बाद अब मेरे मन सहित हम सबका मन प्रसन्न है। पानी में से दूध निकल गया है। मेरे घर सहित पूरी कॉलोनी में फिर से पुरानी रौनक लौट आई है। अब गुजरे पेटी भाई की तरह फिर से कूद कूद कर हम सबका मन ऑफिस जाने को पहले की तरह फुदकने लगा है। हमारी बस अब अपने पेटी भाई के लिए उस सर्वशक्तिमान प्रभु से यही दुआ प्रार्थना! सिस्टम हमारे पेटी भाई को अपने श्री चरणों के किसी अलौकिक बोरे में परमानेंट स्थान दें!

अशोक गौतम

देश के छोटे शहरों, कस्बों से निकलते बड़े खिलाड़ी

खेल जगत

यह कहानी है एक ऐसी लड़की की जो छोटे से शहर से बड़े सपने लेकर निकलती है, पारिवारिक विरोध से लेकर लगभग हर प्रकार की विपरीत स्थितियों का सामना करते हुए अंतर्राष्ट्रीय सफलता हासिल करती है। यह कहानी है भारत की वुशु एथलीट नम्रता बत्रा की, जिन्होंने हाल ही में चेंगदू में आयोजित वर्ल्ड गेम्स में रजत पदक जीता है। वर्ल्ड गेम्स में वुशु स्पर्धा में भारत का यह पहला पदक है।

नम्रता का जन्म इंदौर के एक पुरातनपंथी परिवार में हुआ था। वह मार्शल आर्ट्स में अपना करियर बनाने की इच्छुक थीं, लेकिन उनके दादा-दादी ने इस बात का जबरदस्त विरोध किया। उन्हें इस खेल से जुडी धारणाओं, विशेषकर छोटे कपड़ों को लेकर चिंता थी। वह नहीं चाहते थे कि उनकी पोती ट्रेनिंग व प्रतियोगिताओं के दौरान बिना बाहों की बनियान व मैचिंग नेकर पहने। उनके लिए यह अर्द्धनग्न अवस्था थी, अजनबी पुरुषों के सामने, जिससे उनके खानदान की 'बदनामी' होती। उन्हें यह भी डर था कि अगर इस खेल में नम्रता के शरीर, खासकर चेहरे पर कोई गंभीर चोट आ गई, तो उसके ब्याह में अवरोध उत्पन्न होंगे। लेकिन नम्रता के व्यापारी पिता संजय बत्रा ने अपनी बेटी का निरंतर साथ दिया, यह सुनिश्चित करते हुए कि समाज का दबाव उसकी महत्वाकांक्षा और देश का प्रतिनिधित्व करते हुए पदक जीतने में बाधक न बने। नतीजतन 12 अगस्त 2025 को नम्रता ऐसी पहली भारतीय बनीं जिन्होंने वुशु में वर्ल्ड गेम्स पदक हासिल किया है। चेंगदू, चीन में नम्रता 52 किलो (सांडा) के महिला वर्ग में दूसरे स्थान पर रहीं। उन्होंने रजत पदक जीता। भारत ने वर्ल्ड गेम्स के विभिन्न सत्रों में अभी तक कुल सात पदक जीते हैं- 1 स्वर्ण, 2 रजत व 4 कांस्य। लेकिन चार वर्षीय मल्टीस्पोर्ट्स प्रतियोगिता के 44-वर्षीय इतिहास में वुशु में यह पहला पदक है। चूंकि कामयाबी से मीठी कोई शय नहीं होती, जैसा कि अमेरिकी कवियत्री एमिली डिकनसन ने कहा था, यह विरोधियों को भी समर्थक बना देती है, इसलिए आज नम्रता के दादा दादी को भी उसकी उपलब्धि पर अत्यधिक गर्व है। जब उन्होंने अखबारों व वेबसाइट्स पर अपनी पोती की तस्वीरें पदक के साथ देखीं तो उनकी खुशी का ठिकाना न रहा। अब वह सबको बताते घूम रहे हैं कि नम्रता उनकी पोती है, उसने चीन में पदक जीता है। चीन से लौटने के बाद नम्रता ने बताया, 'मेरा संबंध एक बड़े संयुक्त परिवार से है। मेरे दादा दादी को यह पसंद नहीं था कि अपने सपने को साकार करने के लिए मैं शॉर्ट्स व स्कर्ट्स पहनूं। शुरूआत में उन्होंने मुझ पर बहुत पाबंदियां लगायीं और वह मुझे अकेले ट्रेनिंग के लिए भी नहीं जाने देते थे। किसी भी प्रतियोगिता में उन्होंने मुझे कभी अकेले नहीं जाने दिया। उनको बस यही चिंता रहती थी कि लोग क्या कहेंगे? उन्हें समाज का बहुत अधिक डर था। वह तो केवल यह चाहते थे कि मैं अच्छी शिक्षा प्राप्त करूं, अच्छे नंबर लाऊं ताकि मुझे कहीं स्थायी नौकरी मिल जाये और किसी अच्छे घर में रिश्ता हो जाये। लेकिन मेरे कॅरियर च्वॉइस में मेरे पिता ने हमेशा मेरा साथ दिया, मेरी मदद की। वह पहाड़ की तरह मेरे साथ खड़े रहे और मेरे इस फैसले का समर्थन किया कि मैं मार्शल आर्ट्स खिलाड़ी बनना चाहती हूं। आज मेरे दादा दादी व वह लोग जो मेरा विरोध करते थे, मेरी उपलब्धि पर गर्व महसूस करते हैं। अब मेरी यात्रा में मुझे उनका पूर्ण समर्थन प्राप्त है।'

इसमें शक नहीं है कि नम्रता का सीवी प्रभावी है। वह देश की प्रमुख वुशु (सांडा) खिलाड़ी है और अनेक घरेलू व अंतर्राष्ट्रीय पदक जीत चुकी हैं। चीनी मार्शल आर्ट्स वुशु को दो श्रेणियों में विभाजित किया जाता है- ताओलू यानी खाली हाथों या हथियारों से कोरियोग्राफ किया गया रूटीन और सांडा यानी पूर्ण संपर्क युद्ध। वुशु का इतिहास हजारों साल पुराना है जो किन राजवंश तक पहुंचता है। अब यह एशियन गेम्स में भी शामिल है और इसकी विश्व चैंपियनशिप भी 1991 से नियमित आयोजित हो रही है। यहां यह बताना भी आवश्यक है कि वर्ल्ड गेम्स में रजत पदक जीतने के अतिरिक्त नम्रता ने पिछले साल एशियन चैंपियनशिप्स में भी रजत पदक जीता था और इस साल के शुरू में एशिया कप में कांस्य पदक जीता था। मास्को वुशु स्टार चैंपियनशिप्स में उन्होंने स्वर्ण पदक जीता था और नेशनल गेम्स के दोनों उत्तराखंड व गुजरात सत्रों में भी वह पोडियम तक पहुंचीं। नम्रता 2015 से 2018 तक जूनियर राष्ट्रीय चैंपियन रहीं और सीनियर वर्ग में भी उनकी यह कामयाबी जारी रही कि 2018 से 2021 तक 48 किलो वर्ग के स्वर्ण पदक उनके हिस्से में आये। इसके बाद 2022 से वह 52 किलो वर्ग में खेल रही हैं और अपनी सफलता को निरंतर जारी रखे हुए हैं।

सारिम अन्ना.

आपकी बात

आर्थिक विकास और विषमता

देश में तेज आर्थिक प्रगति के बावजूद संसाधनों का न्यायिक बंटवारा न होने के कारण आर्थिक विषमता भी उतनी ही तेजी से बढ़ रही है और कोरोना काल में यह और जटिल हुई है क्योंकि तमाम गरीब जो औपचारिक रूप से किसी रोजी-रोजगार से जुड़े थे वह खत्म हो गये। इससे गरीबी बढ़ी है और गरीबों का जीवन और कठिन हो गया है। अमीर-गरीब के बीच बढ़ती खाई समाज में अनेक तरह की विषमता उत्पन्न कर रही है। दुनिया की संपत्तियां कुछ हाथों में सिकुड़ती जा रही हैं और विकास के लाभ आमजन तक नहीं पहुंच रहे हैं। विश्व में आर्थिक विषमता का बढ़ना चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। धन के असमान वितरण से स्थिति भयावह होती जा रही है। विश्व में केवल दो प्रतिशत अमीरों के पास विश्व की आधी से अधिक सम्पत्ति है। विश्व के केवल एक प्रतिशत लोग विश्व की चालीस प्रतिशत सम्पत्ति पर कब्जा जमाये हुए हैं। विश्व की नब्बे प्रतिशत आबादी के हिस्से में कुल सम्पत्ति का सिर्फ पंद्रह प्रतिशत ही हिस्सा है। सम्पत्ति के मामले में बढ़ रही असमानता से गरीबों का जीवनस्तर गिरावट की ओर अग्रसर है। जमीन, जायदाद, मकान, वित्तीय सम्पत्तियां कुछ खास तबकों के पास सिमटी चली जा रही है। विकासशील देशों में आम जनता को आर्थिक असमानता से ज्यादा नुकसान हो रहा है। एक तरफ कुछ लोगों की सम्पन्नता का बढ़ना आम आदमी के लिए ही कष्टकारी होता जा रहा है। दुनिया में गैर बराबरी का बढ़ना किसी भी लिहाज से उचित नहीं है। इसकी रोकथाम के लिए सरकारों को ठोस पहल करनी होगी। आज एक आदमी के लिए जीवन यापन कठिन होता जा रहा है जबकि मोटे पैकेज की बाढ़ है। यह बात सिर्फ निजी क्षेत्र में नहीं बल्किसरकारी क्षेत्र में भी देखने को मिल रही है। सरकारी क्षेत्र में मोट वेतन दिये जा रहे हैं और स्टॉफ घटाये जा रहे हैं। जबकि वेतन सीमित करके कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की जरूरत है। इसलिए सरकारों को वेतन आयोग की रिपोर्टों को कूड़े के ढेर में फेंककर अधिक से अधिक लोगों को नियोजित करने का प्रयास करना चाहिए। इससे विषमता घटेगी। दरअसल विकास का लाभ समाज को तभी मिलता है, जब उसके दायरे में अधिक से अधिक लोग आयें। जब विकास कुछ ही हाथों में केन्द्रित होगा तो वह राष्ट्र लिए के लिए फलदायी नहीं हो सकता है। इसलिए यह जरूरी है कि विकास की रफ्तार भी तेज हो और इसके दायरे में अधिक से अधिक लोग आयें। तभी राष्ट्र का कल्याण होगा।

मनोज कुमार वर्मा, लखनऊ.

शिक्षा संस्थानों की रैंकिंग

उच्च शिक्षा संस्थानों की रैंकिंग छात्रों के लिए बहुत ही मददगार होती है। सरकार को शिक्षा में सुधार के लिए सभी शिक्षा संस्थानों की रैंकिंग सुनिश्चित करनी चाहिए। निर्फ रैंकिंग उन छात्रों के लिए बहुत मददगार साबित हो रही है जो कक्षा 12 पास कर उच्च शिक्षा में दाखिले का प्रयास कर रहे हैं। निर्फ रैंकिंग उच्च शिक्षा की दहलीज पर खड़े छात्रों के लिए एक गाइड की तरह है, जो उनको भविष्य की राह चुनने में बहुत मददगार साबित हो रही है। लेकिन जब देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश को उच्च शिक्षा की दृष्टि से निर्फ रैंकिंग में खोजते हैं, तो सिर्फ और सिर्फ निराशा ही हाथ लगती है। हालांकि ऐसा नहीं है कि उत्तर प्रदेश राज्य में स्थिति संस्थानों की संख्या निर्फ रैंकिंग में बहुत कम है। अगर संपूर्ण निर्फ रैंकिंग को देखा जाये तो ओवरऑल रैकिंग में प्रदेश के आठ संस्थान मौजूद हैं। इसी तरह इंजीनियरिंग, विधि, चिकित्सा और प्रबंध जैसे कैटेगरी में भी प्रदेश के संस्थान मौजूद हैं, लेकिन जो सबसे निराशाजनक बात है वह यह कि निर्फ ओवरऑल रैंकिंग में उत्तर प्रदेश सरकार का एक भी राज्य विश्वविद्यालय मौजूद नहीं है।

आदर्श कुमार सिंह, लखनऊ.

संक्षेप

युवक ने फांसी लगाकर दी जान

ललितपुर। थाना तालबेहट क्षेत्र के चैबयाना वार्ड नंबर-01 में एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने पत्नी समेत ससुराल पक्ष के तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मृतक के पिता ने आरोप लगाया है कि उनका पुत्र पत्नी और ससुराल पक्ष की कथित मानसिक प्रताड ?ा से परेशान था। घटना के बाद कमरे से एक सुसाइड नोट मिलने की बात भी सामने आई है। पुलिस ने पिता की तहरीर के आधार पर बीएनएस की धारा 108 के तहत आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चैबयाना वार्ड नंबर-01, कस्बा एवं थाना तालबेहट निवासी दिलीप सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके 32 वर्षीय पुत्र ऋषिराज सिंह का विवाह 26 जून 2018 को हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार रश्मि पुत्री पूरन सिंह निवासी धौजरी, थाना जाखलौन के साथ हुआ था। पिता का आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही रश्मि उनके पुत्र को मानसिक रूप से परेशान करने लगी थी। आरोप है कि वह आए दिन बिना बताए मायके चली जाती थी, जिसके कारण दोनों के बीच विवाद होता रहता था।

मारपीट के बाद सिर पर पत्थर पटकने से घायल युवक की मौत

ललितपुर। कोतवाली पुलिस ने मारपीट के दौरान गंभीर रूप से घायल युवक की उपचार के दौरान हुई मौत के मामले में वांछित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ हत्या समेत बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज है। सभी आरोपियों को नियमानुसार न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। बीती 10 अगस्त 2026 को वादी ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि कुछ लोगों ने एक राय होकर उसकी पुत्री और बहनोई झरकौन निवासी अभय सिंह पुत्र मगन सिंह को रास्ते में रोक लिया और अवैध पैसों की मांग की। आरोप है कि अभय सिंह द्वारा पैसे देने से मना करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की नीयत से उसके सिर पर पत्थर मार दिया। गंभीर चोट लगने से अभय सिंह मौके पर बेहोश हो गया। घायल अभय सिंह को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उसे मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया गया। पुलिस के अनुसार उपचार के दौरान झांसी में करीब 30 वर्षीय अभय सिंह की मौत हो गई। इसके बाद दर्ज मुकदमे में धारा 103(1) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई। पुलिस ने मामले की गंभीरता और संवेदनशीलता को देखते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में पांच पुलिस टीमों का गठन किया था। गठित टीमों ने कार्रवाई करते हुए पांचों वांछित आरोपियों को 20 अगस्त को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में झरकौन निवासी मोर सिंह पुत्र जोरावल, मनोहर सिंह पुत्र जोरावल, म.प्र. जिला अशोकनगर के थाना पिपरई अंतर्गत ग्राम कर्र निवासी बृगभान पुत्र मोजीलाल, अशोकनगर के थाना मुंगावली अंतर्गत ग्राम ठाठखेड़ा हाल निवासी थाना सहराई के ग्राम तपोवन निवासी राहुल व आशीष उर्फ छोटू पुत्रगण रामदास लोधी शामिल हैं। पुलिस के अनुसार आरोपियों के खिलाफ कोतवाली में मु.अ.सं. 863/2026 के तहत धारा 191(2), 109, 103(1), 119(1), 352, 115(2), 126(2) और 61(2) बीएनएस में अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तारी के बाद सभी आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। कार्रवाई एसपी संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह तथा सीओ सदर के निकट पर्यवेक्षण में की गई। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी व मय पुलिस टीम शामिल रही।

आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण के मामले में दो गिरफ्तार

जिला संवाददाता

ललितपुर। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना नाराहट पुलिस ने गुरुवार को अलग-अलग मामलों में तीन वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण के मामले में दो आरोपियों तथा नाबालिग से दुष्कर्म के अभियोग में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। थाना नाराहट में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 175/2026 में धारा 108 बीएनएस एवं 3(2)(व्ही) एससी/एसटी एक्ट के तहत वांछित ग्राम डोंगराखुर्द व डोंगराकलां निवासी सीताराम पुत्र हरलाल विश्वकर्मा तथा पूरन लाल पुत्र हरलाल विश्वकर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, मामले के वादी डोंगराखुर्द निवासी निर्भान पुत्र ग्यासी बसोर ने 5 अगस्त 2026 को थाना नाराहट में तहरीर दी थी। तहरीर में आरोप लगाया गया था कि दोनों अभियुक्त उसके भाई जोधन द्वारा पूर्व में दर्ज कराए गए मुकदमे में राजीनामा करने का दबाव बना रहे थे। आरोप है कि इसी से परेशान होकर जोधन ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। तहरीर के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने दोनों वांछित आरोपियों को 20 अगस्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। वहीं, थाना नाराहट पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के अभियोग में वांछित गोलू सहरिया पुत्र सुखलाल, उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम बरखिरिया, थाना बार, जनपद ललितपुर को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी थाना नाराहट में पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 03/2026 में धारा 137(2)/65(1) बीएनएस तथा धारा 3/4(2) पॉक्सो एक्ट के तहत वांछित था। पुलिस ने आरोपी को 20 अगस्त 2026 को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा के लिए न्यायालय के समक्ष पेश किया। यह कार्रवाई एसपी संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह और सीओ पाली राजेश कुमार श्रीवास्तव के निकट पर्यवेक्षण में की गई। गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना नाराहट थानाध्यक्ष दयाशंकर सिंह मय पुलिस टीम शामिल रही।

जिलाधिकारी ने की विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक

बाराबंकी। जनपद में विद्युत आपूर्ति, लो-वोल्टेज, बिलिंग व्यवस्था, उपभोक्ता शिकायतों के निस्तारण तथा मानसून के दृष्टिगत विद्युत सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक मे जिलाधिकारी ने इंडस्ट्रियल एरिया सहित जनपद के सभी फीडरों में लो-वोल्टेज की समस्या का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने, जिन क्षेत्रों से लगातार लो-वोल्टेज की शिकायतें प्राप्त हो रही वहां तकनीकी कारणों का परीक्षण कर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई प्राथमिकता के आधार पर कराने, त्रुटिपूर्ण बिलिंग के प्रतिशत को शून्य करने, बिलिंग से संबंधित प्राप्त होने वाली प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किये जाने को लेकर निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को सही बिल उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। मीटर रीडिंग अनिवार्य रूप से घर-घर जाकर की जाए तथा बिलिंग में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनियमितता पाए जाने पर संबंधित की जवाबदेही निर्धारित की जाए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि उपभोक्ताओं के साथ शिष्ट एवं सकारात्मक व्यवहार किये जाने तथा उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाये। बैठक में अधीक्षण अभियंता विद्युत भविष्य कुमार, अधिशासी अभियंता विद्युत घनश्याम त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

कांग्रेसियों ने सद्भावना दिवस के रूप में मनाई राजीव गांधी की जयंती

बाराबंकी। संचार क्रांति योद्धा, 21वीं सदी के नायक, पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्व0 राजीव गांधी की जयन्ती को सांसद आवास पर सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष मो0 मोहसिन ने कहा कि राजीव गांधी ने सूचना क्रांति, भारत में कम्प्यूटर और दूरसंचार क्रांति एवं प्रौद्योगिकी के प्रसार को बढ़ावा दिया था। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 की शुरूआत की जिसका उद्देश्य शिक्षा प्रणाली में सुधार लाना था। पंचायती राज प्रणाली को मजबूत करने के लिये प्रयास किया। नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला ने कहा कि स्व0 राजीव गांधी जिस प्रकार देश को उन्नत के शिखर की ओर ले जा रहे थे उससे यह आभास होने लगा था कि दुनिया का सबसे मजबूत व सशक्त भारत का निर्माण हो रहा है।

नौकरी का झांसा देकर युवक से एक लाख की ऑनलाइन ठगी

ललितपुर। थाना नाराहट क्षेत्र के ग्राम गौना निवासी एक युवक को नौकरी दिलाने का झांसा देकर साइबर ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि अज्ञात साइबर ठग ने नौकरी का भरोसा दिलाकर अलग-अलग ट्रांजैक्शन के माध्यम से युवक से कुल एक लाख रुपये ऑनलाइन ठग लिए। पीड़ित की शिकायत के आधार पर साइबर थाने में शिकायत दर्ज होने के बाद मामला नाराहट थाने को स्थानांतरित किया गया। पुलिस ने अब अज्ञात मोबाइल उपयोगकर्ता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम गौना, थाना नाराहट निवासी महेंद्र पुत्र शिवगोपाल सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 7 अप्रैल 2026 को एक अज्ञात व्यक्ति ने उससे संपर्क किया और नौकरी दिलाने का झांसा दिया। आरोप है कि नौकरी लगवाने के नाम पर आरोपी ने उससे अलग-अलग माध्यमों से रुपये जमा कराने को कहा। आरोपी के झांसे में आकर उसने विभिन्न ट्रांजैक्शन के माध्यम से रकम भेज दी। इस तरह उसके साथ ऑनलाइन कुल 1,00,000 रुपये की ठगी हो गई। उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार ठगी की रकम में विभिन्न ट्रांजैक्शन शामिल हैं। इनमें ट्रांजैक्शन आईडी के माध्यम से 20 हजार रुपये, 30 हजार रुपये, 20 हजार रुपये और 10 हजार रुपये। इसके अतिरिक्त भी अन्य ट्रांजैक्शन प्रविष्टियां शामिल होने की बात शिकायत में कही गई है। सभी लेनदेन को मिलाकर पीड़ित ने कुल एक लाख रुपये की ठगी होने की शिकायत की है। ठगी का पता चलने के बाद महेंद्र ने मामले की शिकायत साइबर थाने में दर्ज कराई थी। शिकायत की संख्या 33104260076719 बताई गई है।

डग्गामार वाहनो की रफ्तार धीमी करने में परिवहन विभाग नाकाम

भूपिंदर पाल सिंह शैंकी

बाराबंकी। परिवहन विभाग की कुंभकर्णी नींद कहे या फिर संरक्षण! जिसके चलते सड़को पर दौड़ते डग्गामार वाहनों की रफ्तार धीमी होने का नाम नहीं ले रही है। खुलेआम सड़कों पर उनकी आवाजाही की तेज रफ्तार को देखा जा सकता है। फिर चाहे सरकार के राजस्व को नुकसान पहुंचे या फिर जनता को? बिना फिटनेस, बिना बीमा, बिना प्रदूषण के सड़को पर दौड़ते वाहन को रोकने में जनपद के परिवहन विभाग की नाकामी उजागर होती हुई देखी जा रही है। बावजूद उस पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का जिलाधिकारी को दिया गया शिकायती पत्र भी अब तक विभाग की कुंभकर्णी नींद को नहीं तोड़ सका। या यू कहे कि जिलाधिकारी को दी शिकायत भी बेअसर साबित हो गयी। जिसके बाद यह कहने में बिल्कुल भी संकोच नहीं है कि अब परिवहन विभाग की शिकायतों को सुनने वाला कोई नहीं है। सड़को पर खुलेआम दौड़ते अवैध डग्गामार वाहनों की आवाजाही अब सामान्य रूप से किसी से छिपी भी नहीं है। लेकिन कुंभकर्णी नींद में आराम करने वाले परिवहन

- बिना परमिट, बिना बीमा के खुलेआम होता है बसो का संचालन, जिलाधिकारी से की गई शिकायत भी हुई बेअसर
- प्रदेश सरकार के राजस्व को होने वाले नुकसान का आखिरकार जिम्मेदार कौन?

विभाग को सड़को पर दौड़ते डग्गामार वाहन दिखाई नहीं देते है। जिसके खिलाफ बीती दिनाक 6 अगस्त को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन ने अवैध डग्गामार वाहनो से आम जनता को होने वाली परेशानी और समस्याओं के समाधान को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन पत्र सौंपा था। जिसमें कहा गया था कि खुलेआम अवैध डग्गामार वाहनों का संचालन विभाग की मिलीभगत से किया जा रहा है। जिससे राजस्व को भी हानि होती है। साथ ही बिना परमिट और बिना इंश्योरेंस के संचालित होने वाली बसों से जनजीवन को भी खतरा है। शहर कोतवाली के सामने टी0बी अस्पताल के पास शाम 4 बजे से अवैध डग्गामार बसों का संचालन खुलेआम देखा जा सकता है।

नाका सतरिख से अंबेडकर छात्रावास तक भी इन अवैध बसो के अड्डे है जो सवारिया भरकर दरियाबाद तक फरार्टा भरते हुये देखे जा सकते है। इन अवैध बसों का संचालन विभाग से छुपा भी नहीं है। बावजूद विभाग का संरक्षण और प्रदेश सरकार के राजस्व को होने वाले नुकसान का आखिरकार जिम्मेदार कौन है? राज्य परिषद सदस्य ने जिलाधिकारी से इन बसों के संचालन और उनके अवैध अड्डों का संचालन विधिक रूप से उचित न होना भी बताया है। और इनके खिलाफ कार्यवाही करने की भी माँग पूर्व में की जा चुकी है। लेकिन विभाग की कार्यवाही आज भी शून्य है?

सड़क हादसे में युवक घायल

सीतापुर। लखनऊ-सीतापुर हाईवे पर बुधवार देर रात तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। अटरिया कस्बे में सीतापुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार बुलेट ने सड़क पर पैदल जा रहे व्यक्ति को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि पैदल यात्री और बुलेट चालक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर जा गिरे। बाइक पर सवार दूसरा युवक भी हादसे की चपेट में आकर घायल हो गया।

डीजीसी राजस्व बने अधिवक्ता श्रवण सिंह, एडीजीसी पर अमित का हुआ चयन

बाराबंकी। शासन द्वारा राजस्व न्यायालयों में शासन के हितों की पैरवी और मुकदमों के संचालन हेतु जनपद के जिला शासकीय अधिवक्ता राजस्व पद व सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता पद की खाली पडी कुर्सी पर युवा अधिवक्ताओ की नियुक्ति की गई है। बृहस्पतिवार को कलेक्टेज्ट स्थित संयुक्त कार्यालय पर नियुक्त अधिवक्ताओ ने अपना कार्यभार ग्रहण किया। शासन ने जिला शासकीय अधिवक्ता राजस्व पद पर श्रवण सिंह व सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता पद पर अमित पाण्डे की नियुक्ति की है।

26 अगस्त से फल-सब्जी व्यापारी लाइसेंस सरेंडर कर बंद करेंगे कारोबार

ललितपुर। अमरपुर स्थित फल एवं सब्जी मंडी में व्याप्त समस्याओं और मंडी प्रशासन के कथित मनमाने रवैये के विरोध में फल एवं सब्जी व्यापारी कल्याण समिति ने मोर्चा खोल दिया है। समिति ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि व्यापारियों की समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो 26 अगस्त 2026 से व्यापारी सामूहिक रूप से अपने लाइसेंस सरेंडर कर कारोबार बंद करने को मजबूर होंगे। व्यापारी समिति का कहना है कि फल एवं सब्जी मंडी को अमरपुर में स्थानांतरित किए जाने के बाद से व्यापारी लगातार विभिन्न समस्याओं का सामना कर रहे हैं। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि मंडी अधिकारियों द्वारा निर्धारित नियमों के विपरीत मनमाने तरीके से कार्रवाई की जा रही है और व्यापारियों पर दबाव बनाया जा रहा है। समिति के अनुसार मंडी अधिकारियों के रवैये से व्यापारियों को मानसिक परेशानी के साथ-साथ आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। व्यापारियों ने ज्ञापन में बताया कि अमरपुर मंडी में स्थानांतरण के बाद से अब तक उनके लाइसेंसों का नवीनीकरण नहीं किया गया है।

इसके अलावा 1 और 2 जुलाई 2026 को लाटरी के माध्यम से दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया में भी व्यापारियों ने कथित अनियमितताओं के आरोप लगाए हैं। समिति का आरोप है कि वर्षों से कारोबार कर रहे पुराने व्यापारियों की अपेक्षा नए लोगों को दुकानों के आवंटन में प्राथमिकता दी गई। व्यापारियों ने पूरी प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच कराने और पुराने व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए समाधान की मांग की है। व्यापारियों का कहना है कि उन्हें कई मामलों में मौखिक आदेशों के माध्यम से निर्देश दिए जा रहे हैं। समिति ने प्रशासन से मांग की है कि व्यापारियों को दिए जाने वाले सभी निर्देश लिखित रूप में जारी किए जाएं, ताकि स्थिति स्पष्ट रहे और किसी प्रकार की भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो। व्यापारियों ने मंडी को स्थानांतरित करते समय दिए गए पूर्व आश्वासनों को पूरा करने की भी मांग की है। फल एवं सब्जी व्यापारियों ने अमरपुर मंडी स्थल की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी चिंता जताई है।

उनका कहना है कि मंडी शहर से काफी दूर होने के कारण व्यापारियों और ग्राहकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। व्यापारियों ने प्रशासन से मंडी स्थल पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा व्यापार को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं कराने की मांग की। फल एवं सब्जी व्यापारी कल्याण समिति के अध्यक्ष मुहम्मद जमा राईन और महासचिव रघुवीर कुशवाहा ने कहा कि मंडी प्रशासन के कथित अनुचित व्यवहार के कारण व्यापारियों को लगातार आर्थिक नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं का विधिवत समाधान और उचित मार्गदर्शन नहीं मिलने की स्थिति में उनके पास लाइसेंस सरेंडर कर कारोबार बंद करने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचेगा।

रंगदारी वसूली के आरोप में हिस्ट्रीशीटर मुजीब गिरफ्तार, 30 साल से अपराधों का लंबा इतिहास

जिला संवाददाता

सीतापुर। डरा-धमकाकर रंगदारी वसूलने के मामले में कोतवाली देहात पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर अपराधी मुजीब अहमद को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी के खिलाफ गंभीर अपराधों के करीब दो दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने उसे निरोधात्मक धाराओं में गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आलोक कुमार के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी सदर नेहा त्रिपाठी के नेतृत्व में कोतवाली देहात पुलिस ने मुजीब अहमद पुत्र इकबाल अहमद निवासी बट्सगंज, मकान संख्या 447, को गिरफ्तार किया।पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ कोतवाली देहात में मुकदमा अपराध संख्या 196/2026 दर्ज है। इसमें भारतीय न्याय संहिता की धाराएं 191(2), 191(3), 308(2) और 351(3) लगाई गई हैं। आरोपी को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170, 126 और 135 के तहत गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेजा गया।

मुजीब कोतवाली नगर का हिस्ट्रीशीटर है और उसकी हिस्ट्रीशीट संख्या ए-4465 है। पुलिस अभिलेखों के मुताबिक उसके खिलाफ वर्ष 1991 से लगातार मारपीट, धमकी, हत्या के प्रयास, रंगदारी, धोखाधड़ी, हथियार अधिनियम और गैंगस्टर अधिनियम समेत गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज होते रहे हैं। वर्ष 1997 और 2000 में हत्या के प्रयास, वर्ष 1999, 2000, 2005, 2007 और 2020 में रंगदारी से जुड़े मुकदमे भी दर्ज हैं। हत्या और गैंगस्टर अधिनियम के मामले भी उसके आपराधिक इतिहास में शामिल हैं।

कार्रवाई करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह, उपनिरीक्षक शिवबहादुर सिंह, कांस्टेबल मानवेन्द्र सिंह ढाका और कांस्टेबल मंगल सिंह शामिल रहे।

कुल्लू दुबे पर दर्ज मुकदमा वापस लेने की मांग

ललितपुर। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य लीलाधर दुबे उर्फ कुल्लू के खिलाफ दर्ज मुकदमे को फर्जी बताते हुए उसे निरस्त करने की मांग की है। महासभा ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग भी की। ज्ञापन में महासभा की ओर से आरोप लगाया गया कि एक नेता द्वारा सोशल मीडिया पर कथित तौर पर एआई का उपयोग कर अनर्गल एवं आपत्तिजनक सामग्री वायरल की जा रही है। संगठन का कहना है कि इस तरह की गतिविधियों से सामाजिक सौहार्द बिगाड ? का प्रयास किया जा रहा है। महासभा ने आरोप लगाया कि 18 अगस्त 2026 को घंटाघर पर कुछ लोगों द्वारा प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया तथा उनका पुतला दहन किया गया। यह भी आरोप लगाया गया कि उनके फोटो पर चप्पल मारकर अपमान किया गया। संगठन ने जिलाधिकारी से जखौरा थाने में दर्ज मामले की निष्पक्ष एवं निष्पक्षता से जांच कराने की मांग की है। साथ ही उक्त युवक तथा घंटाघर पर कथित रूप से अपमानजनक कृत्य करने वाले लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग उठाई है। महासभा ने चेतावनी दी कि यदि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की गई और प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ दर्ज मुकदमे को वापस नहीं लिया गया, तो संगठन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन पर जिलाध्यक्ष सूर्यप्रकाश बिदुआ, राज्यवर्धन सिंह, देवेन्द्र पचौरी, अमरेश राव, गोपाल चैबे सहित संगठन के कई पदाधिकारियों एवं सदस्यों के हस्ताक्षर बताए गए हैं।

मनरेगा में रोजगार, जॉब कार्ड और बेरोजगारी भत्ते की मांग को लेकर मजदूरों ने सौंपा ज्ञापन

पंचायत स्तर पर काम बंद कराने और भुगतान में देरी समेत कई समस्याएं उठाईं

ललितपुर। विभिन्न विकासखंडों के मजदूर परिवारों की समस्याओं को लेकर स्वाभिमानी मजदूर संगठन के माध्यम से मजदूर प्रतिनिधियों ने गुरुवार को जिलाधिकारी के नाम अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने मनरेगा के तहत नियमानुसार रोजगार उपलब्ध कराने, नए जॉब कार्ड बनाने, बेरोजगारी भत्ता दिलाने तथा कार्यस्थलों पर मजदूरों की उपस्थिति सुनिश्चित करने सहित विभिन्न मांगें उठाईं। संगठन का आरोप है कि मजदूर परिवारों द्वारा नियमानुसार रोजगार की मांग के लिए आवेदन देने के बावजूद कई विकासखंडों में उन्हें समय से रोजगार, जॉब कार्ड एवं बेरोजगारी भत्ता उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। प्रतिनिधियों ने इन समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि कई स्थानों पर रोजगार सेवक एवं सचिव द्वारा मजदूरों से काम के मांगपत्र और नए जॉब कार्ड के आवेदन नहीं लिए जाते। संगठन ने सभी विकासखंडों के पात्र मजदूर परिवारों को नियमानुसार रोजगार, जॉब कार्ड और बेरोजगारी भत्ता उपलब्ध कराने की मांग की। मजदूरों ने कार्यस्थलों पर मस्टररोल के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराने की मांग की। संगठन ने कहा कि नेटवर्क की समस्या के कारण यदि किसी मजदूर की ऑनलाइन अटेंडेंस दर्ज नहीं हो पाती है तो उसे कार्यस्थल से वापस न भेजा जाए। ऐसे मामलों में मस्टररोल पर हस्ताक्षर तथा ग्रुप फोटो के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराने की व्यवस्था किए जाने की मांग की गई। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि कुछ पंचायतों में एपीओ और बीडीओ को आवेदन देने के बाद काम शुरू तो कराया जाता है, लेकिन दो-तीन दिन बाद पंचायत स्तर से कार्य बंद करा दिया जाता है। संगठन ने ऐसी स्थिति की जांच कर मजदूरों को लगातार नियमानुसार रोजगार उपलब्ध कराने की मांग की। मजदूर प्रतिनिधियों ने महरौनी विकासखंड की ग्राम पंचायत खटोरा का मामला भी उठाया। संगठन के अनुसार यहां करीब सात माह से रोजगार नहीं मिलने के कारण मजदूर परिवारों के सामने पलायन की स्थिति उत्पन्न हो गई है। संगठन ने दावा किया कि करीब 40 मजदूर परिवारों का 25 दिसंबर 2025 से 30 जुलाई 2026 तक का बेरोजगारी भत्ता, कुल 9,82,800 रुपये, लंबित होने की शिकायत है। संगठन ने मामले की जांच कर पात्र मजदूर परिवारों को नियमानुसार बेरोजगारी भत्ता दिलाने की मांग की। मजदूरों ने काम कराने के बाद समय से भुगतान नहीं होने की समस्या भी ज्ञापन में उठाई। उनका कहना है कि मजदूरी का भुगतान समय पर नहीं होने से मजदूर परिवारों को घर चलाने में परेशानी होती है। संगठन ने निर्धारित समय पर भुगतान कराने तथा देरी होने की स्थिति में नियमानुसार विलंब भुगतान दिलाने की मांग की। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि ब्लॉक स्तर पर काम का आवेदन देने जाने वाले मजदूरों को कुछ स्थानों पर रोजगार सेवक और प्रधान द्वारा घर जाकर धमकाया जाता है, जबकि सचिव द्वारा एफआईआर कराने की धमकी दिए जाने की शिकायत की गई। संगठन ने मजदूरों को बिना भय के रोजगार मांगने की सुविधा सुनिश्चित करने की मांग की। स्वाभिमानी मजदूर संगठन ने प्रशासन से सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जांच कर पात्र मजदूर परिवारों को नियमानुसार उनके अधिकार दिलाने और समस्याओं का समयबद्ध समाधान कराने की मांग की। संगठन ने स्पष्ट किया कि आंदोलन शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से किया गया है। समस्याओं का समयबद्ध समाधान नहीं होने पर आगे भी लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन जारी रखने की बात कही गई।

बसपा ने एसपी को सौंपा शिकायती पत्र

ललितपुर। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बहन कु. मायावती के खिलाफ सोशल मीडिया पर कथित रूप से अमर्यादित, अश्लील एवं जातिसूचक टिप्पणी किए जाने का मामला सामने आया है। मामले को लेकर बसपा जिलाध्यक्ष जानकी प्रसाद अहिरवार एड. ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

बसपा जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि सोशल मीडिया पर कृपाल सिंह पत्रकार नाम से किए गए एक पोस्ट पर ग्राम चमरउवा व हाल नेहरू नगर निवासी बृजभान सिंह यादव द्वारा बहन मायावती के संबंध में कथित तौर पर बेहद अमर्यादित एवं जातिसूचक टिप्पणी की गई। पत्र में कहा गया कि इस प्रकार की टिप्पणी से बसपा कार्यकताओं तथा बहुजन समाज के लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं और उनमें रोष व्याप्त है।

उद्यान विभाग ने योजनाओं एवं अनुदान के बारे में दी जानकारियां



ललितपुर। जनपद स्तरीय क्रियान्वयन समिति एवं जिला औद्यानिक मिशन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम जिला उद्यान अधिकारी द्वारा विगत वर्ष की बैठक में दिये गये निदेर्षों के अनुपालन के बारे में बताया गया तथा सभी सदस्यों द्वारा गत वर्ष के कार्यवृत्त पर विस्तृत चर्चा की गयी। तत्पश्चात जिला उद्यान अधिकारी राजेन्द्र कुमार द्वारा बताया गया कि जनपद में संचालित विभिन्न औद्यानिक विकास योजनाओं के अन्तर्गत वर्ष 2026-27 हेतु लक्ष्य प्राप्त हुये है जिसमें एकीकृत बागवानी विकास मिषन योजनान्तर्गत कुल 16 कार्यक्रमों के अन्तर्गत 139 हे0 के लक्ष्य एवं 30.34 लाख का परिव्यय निर्धारित है। पर ड्रॉप मोर क्रॉप माइक्रोइरीगेषन योजनान्तर्गत 4414 हे0 के लक्ष्य के सापेक्ष 1168.49 लाख का परिव्यय निर्धारित है जिससे लगभग 3531 किसानों को लाभ पहुॅचेगा। मुख्यमंत्री राज्य औद्यानिक मिषन योजनान्तर्गत 09 कार्यक्रम के अन्तर्गत 39 हे0 के लक्ष्य प्राप्त हुये है। अनुसूचित जाति/जनजाति क्षेत्र में औद्यानिक विकास योजनान्तर्गत कुल 08 कार्यक्रमों में 37.5 हे0 के लक्ष्य प्राप्त है जो केवल अनुसूचित जाति/जनजाति के किसानों को प्रदान किये जायेगें जिसमें बेल वाली सब्जी, टमाटर, मसाला मिर्च, शिमला मिर्च, गेंदा, आई0पी0एम0, एवं पॉवर टिलर के लक्ष्य प्राप्त है। बुन्देलखण्ड विन्ध्यक्षेत्र में औद्यानिक विकास योजनान्तर्गत अभी लक्ष्य प्राप्त नहीं हुये है 50 हे0 में नवीन उद्यान रोपण हेतु प्रस्ताव भेजा गया है। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजनान्तर्गत कृषक/उद्यमियों द्वारा खाद्य प्रसंस्करण की इकाई स्थापित करने पर मषीनरी इकाई लागत का 35 प्रतिषत अधिकतम 10 लाख अनुदान अनुमन्य है। जिला विकास अधिकारी द्वारा निर्देषित किया गया कि विके0वी0के0 द्वारा सभी कृषको से एवं विभागों से जैविक को बढ़ावा देने हेतु अनिदेषक द्वारा पॉली हाऊस के आवेदन की प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली गयी।

संक्षेप

विप्रो कंज्यूमर केयर ने किया डर्माटच का अधिग्रहण

बेंगलुरु। विप्रो कंज्यूमर केयर एंड लाइटिंग ने भारत के तेजी से बढ़ते प्रीमियम स्किनकेयर ब्रांड डर्माटच के अधिग्रहण की घोषणा की है। यह विप्रो कंज्यूमर केयर का 18वां वैश्विक अधिग्रहण और डिजिटल ब्रांड क्षेत्र में पहला प्रवेश है। अनीश और अमित पुरसवानी द्वारा स्थापित डर्माटच विज्ञान आधारित स्किनकेयर उत्पादों के जरिए पिगमेंटेशन, मुंहासे, त्वचा की चमक और धूप से बचाव जैसी समस्याओं को लक्षित करता है। कंपनी का उत्पाद पोर्टफोलियो फेसवॉश, साबुन, सीरम, क्रीम, मॉइस्चराइजर और सनस्क्रीन जैसे उत्पादों से बना है। वित्त वर्ष 2026 में डर्माटच का राजस्व 131 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 114 प्रतिशत अधिक है। विप्रो 387.5 करोड़ रुपये के उद्यम मूल्य पर 60 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगा, जबकि शेष 40 प्रतिशत हिस्सेदारी अगले तीन वर्षों में हासिल की जाएगी।

इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने एबीडी की क्रेडिट रेटिंग दो पायदान बढ़ाया

मुंबई। एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स लिमिटेड (एबीडी) ने आज घोषणा की है कि इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने स्थिर दृष्टिकोण के साथ कंपनी की बैंक सुविधाओं की रेटिंग को दो पायदान बढ़ाकर 'आईएनडी ए' से 'आईएनडी एए-' कर दिया है। रेटिंग में यह बढ़ोतरी वित्त वर्ष 26 में एबीडी के समेकित परिचालन पैमाने में लगातार हो रही वृद्धि को दर्शाती है। आईएनडी आरए को उम्मीद है कि यह वृद्धि मध्यम अवधि में भी कायम रहेगी और आगे बढ़ेगी। यह आईएनडी आरए की इस उम्मीद को दर्शाता है कि प्रीमियम उत्पादों की ओर झुकाव और उत्कृष्ट सेल्स-मिक्स के बल पर एबीडी की लाभप्रदता में सुधार बना रहेगा, जिससे ग्रॉस मार्जिन मजबूत होंगे।

फैबइंडिया के नये फेस्टिव क्यूरेशन के साथ मनाये रक्षा बंधन

नई दिल्ली। भारत के प्रमुख लाइफस्टाइल ब्रांड फैबइंडिया ने अपने नए फेस्टिव कैंपेन 'हर पल स्वर्णिम' के अंतर्गत रक्षाबंधन के पावन अवसर पर एक विशेष 'राखी क्यूरेशन' लॉन्च किया है। त्योहारों की परंपराओं को एक नया और एलिगेंट लुक देते हुए, ब्राइट पिंक और ओम्ब्रे शेड्स के खूबसूरत कलर्स में तैयार यह नया लाइनअप शानदार फेस्टिव वेयर और वर्सेटाइल कपड़ों का बेहतरीन मिक्स है, जो सभी को 'सेलिब्रेट इंडिया एवरीडे' के लिए इंस्पायर करता है। ट्रेडिशनल स्टाइल में मॉडर्न टच देते हुए, महिलाओ के लिए खूबसूरत गोल्ड खड़ी हैंड-ब्लॉक प्रिंट्स वाली क्लासिक महेश्वरी और कॉटन-सिल्क साड़ियां खास तौर पर पेश की गई हैं। एक फ्रेश और कम्फर्टेबल लुक के लिए, हैंड-एंब्रॉयडर्ड मोडल टॉप्स और लिनन-सिल्क ट्यूनिक्स को घेरा स्कर्ट्स के साथ पेयर किया गया है।

एजुकेट गर्ल्स के वृक्षारोपण से जुड़े 18 हजार से अधिक लोग

नई दिल्ली। भारत के 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एजुकेट गर्ल्स द्वारा आयोजित मेगा प्लांटेशन ड्राइव 2026 के तहत उत्तर प्रदेश के स्कूलों और गाँवों में 18,000 से अधिक लोगों ने मिलकर 10,000 से ज्यादा पौधे लगाए। यह वृक्षारोपण अभियान बदायूं, हरदोई, फरुर्खाबाद, शाहजहांपुर, सीतापुर, बाराबंकी, बांदा, गोंडा, बलरामपुर, प्रयागराज और फतेहपुर सहित कई जिलों में आयोजित किया गया। प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के साथ-साथ ग्रामीण समुदायों में भी पौधारोपण गतिविधियां आयोजित की गईं।

ओरिएंट इलेक्ट्रिक ने ईकोटेक वोल्ट पेश किया

नई दिल्ली। ओरिएंट इलेक्ट्रिक लिमिटेड ने आज बिल्ट-इन बैटरी बैकअप के साथ ईकोटेक वोल्ट बीएलडीसी सीलिंग फैन लॉन्च किया। यह फैन बिना किसी इन्वर्टर या बाहरी पॉवर बैकअप के काम करता है और बिजली जाने के बाद भी लगातार 10 घंटे* तक ठंडी हवा प्रदान करता है। ईकोटेक वोल्ट का लॉन्च ग्राहकों की वास्तविक समस्याओं को हल करने वाले इनोवेशन पेश करने की दिशा में हमारा अगला कदम है। भारत में बिजली कटौती से लाखों परिवार परेशान हैं। ईकोटेक वोल्ट के साथ हमने एक बार फिर सीलिंग फैन को नई क्षमता प्रदान की है, ताकि ग्राहकों को उस समय लगातार आराम मिलता रहे, जब उन्हें इसकी सबसे अधिक जरूरत होती है। इसका इंटीग्रेटेड बैटरी बैकअप पॉवर कट के दौरान लगातार 10 घंटे* तक कूलिंग प्रदान करता है, जिससे इन्वर्टर की क्षमता को अन्य कामों के लिए बचाने में मदद मिलती है। इसलिए, ईकोटेक वोल्ट द्वारा जिन घरों में इन्वर्टर है, उन्हें ज्यादा समय तक पॉवर बैकअप मिलता है।

सेंसेक्स में 628 अंकों की उछाल

मुंबई। घरेलू शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 628 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी सात दिन से जारी गिरावट से उबरते हुए 153 अंक के लाभ में रहा। वैश्विक बॉन्ड प्रतिफल में नरमी के साथ जोखिम लेने की धारणा मजबूत होने से दुनिया के लगभग सभी प्रमुख बाजारों में तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 628.04 अंक यानी 0.82 प्रतिशत की बढ़त के साथ 77,537.72 अंक पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान यह 701.43 अंक यानी 0.91 प्रतिशत बढ़कर 77,611.11 अंक तक पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी सात दिन की गिरावट से उबरते हुए 153.55 अंक यानी 0.64 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,231.85 अंक पर बंद हुआ। अमेरिकी वित्त विभाग के वैश्विक बॉन्ड प्रतिफल में तेजी को नियंत्रित करने के कदम से बाजार को राहत मिली और घरेलू बाजार में एक सप्ताह से जारी गिरावट पर विराम लगा। इस हस्तक्षेप से डॉलर की विनिमय दर में गिरावट आई। साथ ही रुपये में मजबूती और बॉन्ड प्रतिफल में नरमी से उभरते बाजारों में निवेश की आकर्षण क्षमता बढ़ी है। तेजी चौतरफा रही। इसमें सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और वित्तीय कंपनियों के शेयरों ने मुख्य रूप से बढ़त को आगे बढ़ाया। हालांकि, कच्चे तेल की ऊंची कीमतें और अमेरिका-ईरान तनाव के कारण मुद्रास्फीति और कंपनियों के मुनाफे को लेकर चिंता बनी हुई है। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में इटर्नल, कोटक महिंद्रा बैंक, आईटीसी, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयरों में सबसे अधिक तेजी रही। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में टाटा स्टील, इंटरग्लेब एविएशन, एचसीएलटेक और टाइटन शामिल हैं। वैश्विक बॉन्ड प्रतिफल में नरमी से निवेशकों में जोखिम उठाने की क्षमता बढ़ी और घरेलू शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ। यह तेजी हाल के दिनों में बने सतर्क रुख में बदलाव को दर्शाती है और प्रमुख सूचकांक दिनभर अपनी शुरुआती बढ़त बनाए रखने में सफल रहे। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को भारतीय शेयर बाजार में 407.99 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.83 प्रतिशत और मझोली कंपनियों का मिडकैप सेलेक्ट 0.56 प्रतिशत चढ़ा। क्षेत्रवार सूचकांकों में रियल्टी क्षेत्र में सबसे अधिक 1.87 प्रतिशत की तेजी रही। इसके अलावा एफएमसीजी (1.03 प्रतिशत), फोकस्ड आईटी (1.02 प्रतिशत), आईटी (0.94 प्रतिशत), वित्तीय सेवाएं (0.85 प्रतिशत), सोच-विचार किये जाने वाले उपभोक्ता खर्च से जुड़े सामान बनाने वाली कंपनियां (0.75 प्रतिशत) और टॉप-10 बैंक सूचकांक भी बढ़त के साथ बंद हुए।

रुपया तीन पैसे की बढ़त के साथ 95.70 प्रति डॉलर पर

मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले शुरुआती बढ़त गंवाते हुए महज तीन पैसे के लाभ के साथ 95.70 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर रहा।

डॉलर सूचकांक में कमजोरी से रुपये को शुरुआती समर्थन मिला, लेकिन कच्चे तेल की ऊंची कीमतों ने इसके लाभ को सीमित कर दिया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, अमेरिकी डॉलर में कमजोरी से घरेलू मुद्रा पर कुछ हद तक गिरावट का दबाव कम होता है, लेकिन कच्चे तेल की कीमत 90 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर रहने से भारत के आयात बिल पर दबाव बना रहेगा। अमेरिकी ट्रेजरी द्वारा दीर्घावधि के सरकारी बॉन्ड की पुनर्खरीद को दोगुना करने की घोषणा के बाद डॉलर सूचकांक मई के अंत के बाद के सबसे निचले स्तर पर आ गया। इससे अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल दरें नीचे आईं। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.57 प्रति डॉलर पर खुला और कारोबार के दौरान 95.56 से 95.72 के दायरे में रहा। अंत में यह अपने पिछले बंद भाव के मुकाबले तीन पैसे की बढ़त के साथ 95.70 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। रुपया बुधवार को लगभग स्थिर रहा था और एक पैसे की बढ़त के साथ 95.73 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.22 प्रतिशत की गिरावट के साथ 98.61 पर कारोबार कर रहा था। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट कच्चा तेल वायदा कारोबार में 2.22 प्रतिशत बढ़कर 93.65 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। कमजोर डॉलर और घरेलू बाजारों में सकारात्मक रुख के कारण रुपया बढ़त के साथ खुला। हालांकि, कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि के कारण रुपये ने शुरुआती बढ़त गंवा दी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान पर कड़े आर्थिक प्रतिबंधों की घोषणा के बाद अमेरिका और ईरान के बीच नए सिरे से बढ़ते वैश्विक तनाव के कारण रुपये के हल्के नकारात्मक दायरे में रहने की संभावना है। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें और महंगाई की चिंताएं भी रुपये को कमजोर कर सकती हैं। हालांकि, ब्याज दरों में बढ़ोतरी की उम्मीद कम होने के बीच अमेरिकी डॉलर में गिरावट से निचले स्तर पर रुपये को बल मिल सकता है।

देश के नौ बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर जुलाई में बढ़कर 5.4 प्रतिशत पर

एजेंसी

नयी दिल्ली। कोयला, रिफाइनरी उत्पाद, सीमेंट, बिजली और लौह अयस्क का उत्पादन बढ़ने से देश के नौ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर जुलाई में बढ़कर 5.4 प्रतिशत हो गई। बृहस्पतिवार को आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, एक साल पहले जुलाई में इन प्रमुख उद्योगों का उत्पादन 3.2 प्रतिशत बढ़ा था। वहीं, जून, 2026 में इनकी वृद्धि दर छह प्रतिशत रही थी। इस साल जून के महीने से इन आंकड़ों को नए आधार वर्ष 2022-23 के साथ जारी किया जा रहा है जबकि पहले आधार वर्ष 2011-12 था। सरकार ने इस सूचकांक में लौह अयस्क को भी शामिल किया है, जिससे प्रमुख बुनियादी उद्योगों की संख्या आठ से बढ़कर नौ हो गई है। आंकड़ों के मुताबिक, जुलाई में कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस का उत्पादन घटा। चालू वित्त वर्ष के पहले चार महीनों (अप्रैल-जुलाई) के दौरान इन नौ प्रमुख उद्योगों का उत्पादन 4.3 प्रतिशत बढ़ा, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में इनकी वृद्धि दर 1.5 प्रतिशत रही थी।

सोने में 4300 व चांदी में 10 हजार रुपये की उछाल

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमतों में जबरदस्त तेजी आई। कमजोर अमेरिकी डॉलर के बीच निवेशकों के बहुमूल्य धातुओं की ओर रुख करने से सोना 4300 रुपये बढ़कर तीन महीने के उच्चतम स्तर 1.62 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया और चांदी में 10,000 रुपये का उछाल आया।

स्थानीय व्यापारियों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 4,300 रुपये बढ़कर 162,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। बुधवार को यह 158,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। यह कीमती धातु 26 मई को इसी स्तर के आसपास रही थी, जब इसकी कीमत 162,400 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। चांदी में भी इसी तरह की तेजी देखी गई और यह पहले के 2,35,000 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर सात सप्ताह के उच्चतम स्तर 2,45,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गई। चांदी का कारोबार तीन जुलाई को भी इसी स्तर के आसपास हुआ था, जब इसकी कीमत 2,45,000 रुपये प्रति किलोग्राम थी। अमेरिकी डॉलर और बांड प्रतिफल में भारी गिरावट के कारण बृहस्पतिवार को सोना दो महीने से अधिक समय के अपने उच्चतम स्तर के आसपास बना रहा। उन्होंने कहा कि डॉलर सूचकांक तीन महीने के निचले स्तर पर आ गया, जबकि ट्रेजरी बॉन्ड प्रतिफल में कमी से सोने जैसी संपत्तियों की मांग बढ़ी। विदेशी बाजारों में गिरावट के बावजूद हाजिर सर्राफा की कीमतों में यह तेजी देखी गई। सोने की कीमत 66.31 डॉलर की गिरावट के साथ 4,456.72 डॉलर प्रति औंस हो गई और चांदी की कीमत लगभग दो प्रतिशत टूटकर 65.82 डॉलर प्रति औंस हो गई।

स्थानीय मुद्राओं में सीमापार व्यापार, भुगतान से लेनदेन लागत घटेगीः आरबीआई डिप्टी गवर्नर

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर रोहित जैन ने कहा है कि सीमा-पार व्यापार और भुगतान में स्थानीय मुद्राओं की भूमिका आने वाले समय में बढ़ेगी।

क्योंकि इससे लेनदेन की लागत घटाने, मुद्रा संबंधी असंतुलन कम करने और भुगतान निपटान की दक्षता बढ़ाने में मदद मिलती है। जैन ने भारतीय विदेशी मुद्रा डीलर संघ के पिछले सप्ताह आयोजित वार्षिक कार्यक्रम में कहा कि बाजार लगातार बदलते रहते हैं और समय की जरूरत के हिसाब से उनकी तैयारी के मानक भी बदलाव आता है। उन्होंने कहा कि अगले दशक के लिए वह विदेशी मुद्रा बाजार तैयार होगा जो भारत के बढ़ते अंतरराष्ट्रीय कारोबार को सुगम बनाए, बिना कामकाज बाधित हुए बाजार के झटकों को संभाले, छोटे उपयोगकर्ता को बड़े उपयोगकर्ता जितनी दक्षता से सेवाएं दे और अर्जित भरोसे को प्रभावित किए बिना नई प्रौद्योगिकी अपनाए। आरबीआई के बृहस्पतिवार को जारी बयान के मुताबिक, जैन ने कहा कि भारत का विदेशी मुद्रा भंडार वर्ष 2000 के करीब 38 अरब डॉलर से बढ़कर 2026 में 691 अरब डॉलर हो गया है। हाजिर और डेरिवेटिव दोनों बाजारों को जोड़कर घरेलू विदेशी मुद्रा बाजार का औसत दैनिक कारोबार वित्त वर्ष 2021-22 के 41 अरब डॉलर से दोगुना होकर फिलहाल करीब 80 अरब डॉलर हो गया है।

27 अगस्त को सैमसंग पेश करेगा गैलेक्सी एस26 सीरीज का नया स्मार्टफोन

नई दिल्ली। गैलेक्सी एस26 सीरीज ने कैमरा और एआई से जुड़े अपने नए इनोवेशन के साथ स्मार्टफोन अनुभव को नई ऊंचाई दी है। इससे यूजर्स के लिए रोजमर्रा की जिंदगी में तस्वीरें लेना, कंटेंट तैयार करना और दूसरों से जुड़े रहना आसान हुआ है। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स 27 अगस्त को 'गैलेक्सी इवेंट अगस्त 2026' आयोजित करेगा। इस दौरान कंपनी गैलेक्सी एस26 सीरीज का नया डिवाइस पेश करेगी। इसे खासतौर से गैलेक्सी एस26 सीरीज के कैमरा और एआई से जुड़े प्रमुख अनुभवों के साथ लेटेस्ट वन यूआई के साथ डिजाइन किया गया है। कंपनी ने इसे यूजर्स की उन जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया है, जो उनके लिए सबसे ज्यादा मायने रखती हैं। गैलेक्सी इवेंट को 27 अगस्त को रात 9 बजे भारतीय समयानुसार शाम 5:30 बजे से सैमसंग.काम और सैमसंग के यूट्यूब चैनल पर लाइव स्ट्रीम किया जाएगा।

ड्रिवन ने टाटा मोटर्स के साथ अपने इलेक्ट्रिक कमर्शियल वाहनों के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किये

मुंबई। भारी ऑपरेशन फ्लीट पर केंद्रित ईवी लीजिंग प्लेटफॉर्म, ड्रिवन ने भारत की सबसे बड़ी ऑपरेशन वाहन निमार्ता कंपनी टाटा मोटर्स के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इसका मकसद फ्लीट इंजीनियरों के लिए भारत में इलेक्ट्रिक ऑपरेशन ड्राइवरों को लीजिंग के जरिए उपलब्ध कराने की संभावनाओं को तलाशना है। इस साझेदारी के तहत, ड्राइवन टाटा मोटर्स के इलेक्ट्रिक ऑपरेशन ड्राइवरों के पोर्टफोलियो के लिए कस्टमाइज्ड लीजिंग समाधान पेश करेगा, जिससे फ्लीट ऑपरेटर आसान और कस्टमाइज्ड फाइनेंसिंग ड्राइवरों के जरिए इलेक्ट्रिक ड्राइवरों को अपना हकदार बना सकेगा।

बीपीसीएल ने उत्तर प्रदेश में भारतगैस लाइट ज़िप की शुरूआत की

लखनऊ। फॉर्च्यून ग्लोबल 500 कंपनी और महारत्न पीएसयू भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) गाज़ियाबाद, लखनऊ, नोएडा, आगरा, गोरखपुर, झाँसी, वाराणसी, अलीगढ़, बरेली, मथुरा, मेरठ, मुरादाबाद, प्रयागराज शहरों में भारतगैस लाइट ज़िप नामक प्रीमियम और ग्राहक सुविधा को प्राथमिकता देने वाली एलपीजी सेवा शुरू कर रही है। उत्तर प्रदेश के गाज़ियाबाद, लखनऊ, नोएडा, आगरा, गोरखपुर, झाँसी, वाराणसी, अलीगढ़, बरेली, मथुरा, मेरठ, मुरादाबाद, प्रयागराज में यह सेवा उपलब्ध है। इस विस्तार के तहत बीपीसीएल का हल्के वजन वाला भारतगैस लाइट कंपोजिट सिलेंडर, इंस्टेंट न्यू कनेक्शन और एक्सप्रेस डिलीवरी शामिल हैं। आज के एलपीजी उपभोक्ताओं की बदलती जीवनशैली और अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए इस एकीकृत सुविधा को विकसित किया गया है।

आईडीएल इकोसिस्टम को मिलेगा एक अरब डॉलर का सुरक्षा कवच

मुंबई। एआई आधारित डिसेंट्रलाइज्ड फाइनेंस इकोसिस्टम इन्फिनिटी डीएओ अपने आईडीएल टोकन और पूरे इकोसिस्टम के लिए करीब एक अरब अमेरिकी डॉलर तक की इंश्योरेंस प्रोटेक्शन स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। अगर प्रस्तावित बीमा कार्यक्रम अंतिम रूप से स्वीकृत और लागू होता है, तो यह डिजिटल एसेट सेक्टर में जोखिम प्रबंधन और संस्थागत विश्वसनीयता की दिशा में एक अहम पहल मानी जा सकती है। प्रस्तावित इंश्योरेंस प्रोग्राम की अंतिम पॉलिसी, अंडरराइटिंग की शर्तें, कवरेज लिमिट और एक्सक्लूजन अभी अंतिम रूप से तय होने हैं। यह व्यवस्था ब्रिटेन स्थित एक विशेषज्ञ क्रिप्टो इंश्योरेंस सिंडिकेट के जरिए तैयार की जा रही है। पांच प्रमुख जोखिमों पर सुरक्षा का फोकस इन्फिनिटी डीएओ की इंश्योरेंस व्यवस्था में मुख्य रूप से पांच क्षेत्रों को शामिल करने की योजना है।

सिंगापुर के पीएम लॉरेंस वोंग से सीतारमण ने की मुलाकात

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग से बृहस्पतिवार को मुलाकात की और द्विपक्षीय सहयोग मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की।

वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जानकारी दी, नेताओं ने व्यापक रणनीतिक साझेदारी की रूपरेखा को लागू करने में हुई प्रगति एवं आर्थिक सहयोग, डिजिटलीकरण, कौशल विकास तथा स्थिरता के क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। सीतारमण 19-20 अगस्त को होने वाली चौथी भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय गोलमेज बैठक में हिस्सा लेने के लिए एक मंत्रिस्तरीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रही हैं। वर्ष 2022 में स्थापित आईएसएमआर भारत और सिंगापुर के बीच उच्चस्तरीय आर्थिक सहयोग का एक प्रमुख मंच है। यह उन्नत विनिर्माण, संपर्क, डिजिटलीकरण, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा, कौशल विकास और स्थिरता के छह क्षेत्रों में प्रगति की समीक्षा करने और सहयोग के नए क्षेत्रों का पता लगाने के अवसर प्रदान करता है।

पेज एक का शेष

युवाओं को

स्थापित की गई हैं। मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षण की गुणवत्ता के लिए पर्याप्त संख्या में अनुदेशकों की उपलब्धता को महत्वपूर्ण बताते हुए चयन प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नियमित नियुक्ति में चयनित अनुदेशकों के अनुभव और कार्य के आधार पर वेटेज देने का प्रावधान किया जाए। बैठक में बताया गया कि 2,406 अनुदेशक पदों पर चयन किया गया है और 2,200 से अधिक चयनित अनुदेशक कार्यभार ग्रहण कर चुके हैं। युवाओं को वैश्विक रोजगार के लिए तैयार करने पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने भाषा प्रशिक्षण को मजबूत करने के निर्देश दिए। प्रशिक्षणार्थियों के लिए अंग्रेजी भाषा का प्रशिक्षण अनिवार्य किया गया है। वहीं जापान और जर्मनी जैसे देशों में कुशल जनशक्ति की बढ़ती मांग को देखते हुए विदेशी भाषाओं का डिजिटल प्रशिक्षण शुरू करने के लिए कंपनियों के चयन की प्रक्रिया चल रही है। मुख्यमंत्री ने जीरो पॉवर्टी अभियान से जुड़े परिवारों के बच्चों और युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने पर विशेष ध्यान देने को कहा। बैठक में बताया गया कि 14 से 35 वर्ष आयु वर्ग के 9.52 लाख युवाओं का सत्यापन पूरा हो चुका है, जिनमें 1.44 लाख पात्र पाए गए हैं।

सर्वोदय विद्यालयों

विद्यालयों का संचालन व्यवस्थित और प्रभावी होना चाहिए। इसके लिए एक सोसाइटी के गठन की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जाए। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में 93 सर्वोदय विद्यालय संचालित थे, जबकि वर्ष 2025-26 तक इनकी संख्या बढ़कर 103 हो गई है। इनमें 59 विद्यालय सीबीएसई और 44 विद्यालय यूपी बोर्ड से संबद्ध हैं। गुरुवार को समाज कल्याण विभाग के मंत्री असीम अरुण की उपस्थिति में विभाग की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने विद्यालयों में शिक्षकों और अन्य आवश्यक स्टाफ की उपलब्धता, विद्यार्थियों को मिल रही सुविधाओं तथा प्रबंधन व्यवस्था की जानकारी ली। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में 93 जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय संचालित थे, जबकि वर्ष 2025-26 तक इनकी संख्या बढ़कर 103 हो गई है। इनमें 59 विद्यालय सीबीएसई तथा 44 विद्यालय यूपी बोर्ड से संबद्ध हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। साथ ही विद्यार्थियों की शैक्षणिक आवश्यकताओं के अनुरूप अन्य आवश्यक मानव संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि वृद्धावस्था पेंशन के लिए पात्र किंतु अब तक वंचित वृद्धजनों के आवेदनों का सत्यापन कराते हुए यथाशीघ्र उन्हें पेंशन से लाभान्वित कराया जाए। उन्होंने कहा कि पात्र वृद्धजनों को अनावश्यक रूप से प्रतीक्षा न करनी पड़े और आवेदन के सत्यापन से लेकर पेंशन स्वीकृति तक की प्रक्रिया समयबद्ध हो।

बैंक कर्मी ने

था। मानस एसबीआई में अकाउंटेट था और उसकी पत्नी आईसीआईसीआई बैंक में रिलेशनशिप मैनेजर के पद पर तैनात थी। दोनों गोमतीनगर हुसेड़िया स्थित मकान में रहते थे। वर्ष 2024 से दोनों के बीच विवाद चल रहा था। उनको अभी तक कोई संतान नहीं थी, जिसे लेकर परिवार में तनाव बना रहता था। दिव्या ने एक वर्ष पहले पति मानस (35) से तलाक के लिए कोर्ट में अपील दायर की थी। इसके बाद से वह आलमबाग में रहने लगी थीं। मानस बाजपेई हुसेड़िया चौराहे के पास अपनी बहन सीबा (28) के साथ किराए के मकान में रहता था। वह एसबीआई में अकाउंटेंट था। उसके के माता-पिता की मौत पहले ही हो चुकी है।

मानस ने वॉट्सएप पर स्टेटस लगाया था कि मैंने अपनी पत्नी की हत्या कर दी, क्योंकि उसने मुझे धोखा दिया। अब मुझे खुद को और अपनी बहन को भी मारना है। उसकी बहन प्रज्ञा और उनके पति भरत यादव को सब कुछ पता है।

भारत-जापान

अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा माहौल के आकलन को साझा करने के महत्व पर सहमति जताई। दोनों नेताओं ने बिना किसी देश का नाम लिए कहा कि वे नौवहन और हवाई मार्गों की स्वतंत्रता एवं सुरक्षा में बाधा डालने वाली किसी भी एकतरफा कार्वाई तथा बल या दबाव के जरिए यथास्थिति बदलने के किसी भी प्रयास का विरोध करते हैं। यह टिप्पणी चीन की ओर संकेत के रूप में देखी जा रही है, क्योंकि भारत और जापान दक्षिण चीन सागर तथा पूर्वी चीन सागर में बीजिंग की आक्रामक सैन्य गतिविधियों को लेकर चिंतित हैं। दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों ने समुद्री सुरक्षा सहयोग पर समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता समुद्री सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए एक रूपरेखा उपलब्ध कराएगा। इस समझौते के तहत जापानी समुद्री आत्मरक्षा बल और भारतीय नौसेना के बीच सहयोग को मजबूत किया जाएगा। इसमें समुद्री क्षेत्र की जागरुकता से जुड़ी सूचनाओं का आदान-प्रदान और खोज एवं बचाव अभियान जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाना शामिल है। राजनाथ और कोइज़ुमी ने समुद्री सुरक्षा सहयोग को ठोस रूप देने के लिए तेजी से कदम उठाने पर सहमति जताई। दोनों देशों ने बारूदी सुरंग रोधी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए आपसी तालमेल बढ़ाने तथा जापान की तकनीकी विशेषज्ञता और भारत की उत्पादन क्षमताओं का लाभ उठाकर नौसैनिक पोत निर्माण एवं डिजाइन के क्षेत्र में संयुक्त विकास की संभावनाएं तलाशने पर भी सहमति जताई। दोनों मंत्रियों ने दोनों देशों की सेनाओं के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए विशेष अभियान बलों के बीच आदान-प्रदान को बढ़ावा देने और भारत में एकीकृत थिएटर कमान स्थापित होने के बाद उसके साथ सहयोग की संभावनाएं तलाशने पर सहमति भी व्यक्त की।

लोकसेवा में

2047 के लक्ष्य का उल्लेख करते हुए कहा कि विकास की अवधारणा तभी सार्थक होगी, जब इसका लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक समान रूप से पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों को निदेर्शात्मक नहीं, बल्कि समाधानपरक दृष्टिकोण अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक निर्णय लेते समय गरीब, वंचित, कमजोर और दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की जरूरतों को विशेष महत्व दिया जाना चाहिए। सरकार की योजनाओं का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा होगा, जब पात्र व्यक्ति तक सुविधा बिना अनावश्यक बाधा और देरी के पहुंचे। प्रशासनिक व्यवस्था में टीमवर्क की आवश्यकता पर जोर देते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि किसी अधिकारी की व्यक्तिगत सफलता से अधिक महत्वपूर्ण पूरी टीम द्वारा हासिल किया गया परिणाम है। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों से सहयोगियों की क्षमताओं को पहचानने और उन्हें आगे बढ़ाने वाली कार्यसंस्कृति विकसित करने को कहा। उन्होंने कहा कि एक सक्षम प्रशासक वह है जो स्वयं बेहतर काम करने के साथ-साथ अपनी टीम को भी बेहतर परिणाम देने के लिए प्रेरित करे। पूर्व अधिकारियों द्वारा विकसित उपयोगी व्यवस्थाओं और अच्छे अनुभवों को संरक्षित कर उन्हें समय की जरूरत के अनुसार आगे बढ़ाने पर भी उन्होंने जोर दिया।

2024 बैच में करीब 41 प्रतिशत महिला अधिकारियों की मौजूदगी का उल्लेख करते हुए उपराष्ट्रपति ने इसे प्रशासनिक क्षेत्र में नारी शक्ति की बढ़ती भागीदारी का महत्वपूर्ण संकेत बताया। उन्होंने कहा कि क्षमता और प्रतिभा किसी सामाजिक रूढ़ि की सीमा में नहीं बंधती। महिलाओं ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी योग्यता साबित की है और सिविल सेवाओं में उनकी बढ़ती भागीदारी देश में हो रहे व्यापक सामाजिक बदलाव को दर्शाती है। उपराष्ट्रपति ने युवा अधिकारियों को तकनीकी बदलावों के साथ कदमताल करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग, मशीन लर्निंग और ब्लॉकचेन जैसी तकनीकें प्रशासनिक सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने में उपयोगी साबित हो सकती हैं।

उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक का उद्देश्य केवल सरकारी कामकाज को तेज करना नहीं होना चाहिए, बल्कि इसके माध्यम से पारदर्शिता बढ़े, सेवाओं की गुणवत्ता सुधरे और नागरिकों को सुविधाएं आसानी से उपलब्ध हों। अधिकारियों को अपने पूरे सेवाकाल में सीखने और बदलती तकनीक के अनुरूप खुद को तैयार रखने की सलाह भी दी गई।

नीट प्रदर्शन

है। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि एचपीईसी द्वारा की जाने वाली जांच केवल एक बार की जाने वाली कवायद नहीं होगी। उसने समिति से कहा कि वह मामले से जुड़े मुद्दों का लगातार और समय-समय पर आकलन करती रहे तथा अपनी अंतरिम रिपोर्ट भी समय-समय पर प्रस्तुत करे। उच्चतम न्यायालय ने सिफारिश की कि एचपीईसी को कुछ मुद्दों पर प्राथमिकता के आधार पर ध्यान देना चाहिए और इनमें सबसे प्रमुख मुद्दा महिला प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कथित हिंसा, उत्पीड़न और छेड़छाड़ की घटनाओं से संबंधित है।

पूर्व विधायक

लोगों का आशीर्वाद मिल रहा है। क्षेत्र की जनता उन्हें अपनी बेटी मानते हुए आशीर्वाद सदैव देती है, जिसके लिए उन्हें गर्व है। उन्होंने कहा कि उनके पिता का साहस और आशीर्वाद उनके साथ सदैव रहता है। जिससे वह जन-जन की सेवा करने के लिए सदैव लोगों के बीच कार्य कर रही हैं। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख अमावां वैशाली सिंह, देवांशी दास, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज सिंह, पूर्व सांसद रितेश पांडेय, स्वास्थ्य राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, प्रयागराज (शहर उत्तरी) विधायक हर्षवर्धन बाजपेयी, अवध क्षेत्र मंत्री दिलीप यादव, सलोन विधायक अशोक कोरी, फूलपुर (प्रयागराज) विधायक दीपक पटेल, पूर्व विधान परिषद सदस्य राजा राकेश प्रताप सिंह समेत हजारों की संख्या में मौजूद लोगों ने जननेता पूर्व विधायक अखिलेश सिंह को श्रद्धांजलि सभा में श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके द्वारा किये गये जनहित के कार्यों को याद किया।

वहीं, स्वास्थ्य राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि जन-जन के नेता, हर दिल अजीज, विश्वास एवं भरोसे के पर्याय पूर्व विधायक स्वर्गीय अखिलेश सिंह जन-जन की यादों में बसे हैं। उन्होंने कहा कि जन-जन के नेता अखिलेश सिंह ने लोगों का दिल जीता है। लोगों की जनभावना आज भी उन्हें दिल से याद करती है। उन्होंने कहा कि हजारों की संख्या में यहां पर मौजूद लोगों की उपस्थिति ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है।

अवध क्षेत्र मंत्री दिलीप यादव, सलोन विधायक अशोक कोरी ने कहा कि जननायक स्वर्गीय पूर्व विधायक अखिलेश सिंह अपने कार्य के प्रति समर्पित व्यक्तित्व रहे। उन्होंने कभी सच्चाई का साथ नहीं छोड़ा। प्रयागराज (शहर उत्तरी) विधायक हर्षवर्धन बाजपेयी ने पूर्व विधायक अखिलेश सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। फूलपुर (प्रयागराज) विधायक दीपक पटेल ने कहा कि आम जनमानस के नेता के रूप में अखिलेश सिंह सर्वमान्य थे। पूर्व सांसद रितेश पाण्डेय, पूर्व विधान परिषद सदस्य राजा राकेश प्रताप सिंह ने स्वर्गीय अखिलेश सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जब-जब गरीब असहाय वंचित लोगों ने पूर्व विधायक को पुकारा तब वे लोग जनता के साथ खड़े रहे। पूर्व विधायक रामलाल अकेला, पूर्व विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह, पूर्व विधायक राजाराम त्यागी, पूर्व जिलाध्यक्ष सुशील शर्मा, कोऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन विवेक विक्रम सिंह, अशोक रामपुरी आदि ने स्वर्गीय अखिलेश सिंह के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर प्रभात साहू और डॉ. चम्पा श्रीवास्तव सहित जनप्रतिनिधिगण एवं हजारों की संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

इंग्लैंड ने पाक को 171 रन पर किया आउट

टेस्ट क्रिकेट मैच की पहली गेंद पर विकेट लेकर नया रिकॉर्ड बनाया, रॉबिन्सन और जोश टोंग ने पांच- पांच विकेट लिए

एजेंसी

लीड्स (इंग्लैंड)। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ओली रॉबिन्सन ने पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैच की श्रृंखला के पहले टेस्ट क्रिकेट मैच की पहली गेंद पर विकेट लेकर नया रिकॉर्ड बनाया। रॉबिन्सन और जोश टोंग ने पांच पांच विकेट लिए जिससे इंग्लैंड ने पाकिस्तान को पहली पारी में 171 रन पर आउट कर दिया। इसके बाद इंग्लैंड ने पहले दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी पहली पारी में दो विकेट पर 112 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। खेल के पहले दिन का आकर्षण रॉबिंसन का श्रृंखला की पहली गेंद पर विकेट लेना रहा। उन्होंने तीन मैचों की श्रृंखला की पहली ही गेंद पर अराउंड द विकेट से स्विंग होती हुई गेंद से अज़ान अवैस को आउट कर दिया।

बीबीसी के अनुसार, इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज की पहली गेंद पर किसी टीम द्वारा विकेट लेने का यह पहला मौका है। इंग्लैंड 1880 से टेस्ट मैचों की मेजबानी कर रहा है। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में ऐसा पहले केवल 11 बार ही हुआ है। जिमी एंडरसन ऐसा करने वाले इंग्लैंड के पहले गेंदबाज थे। उन्होंने 2019-20 में दक्षिण अफ्रीका में खेली गई सीरीज में डीन एल्गर को आउट किया था। वहीं दूसरी ओर दुबई में अगले सप्ताह से शुरू होने वाले महिला एशिया कप में अगर भारत फाइनल तक पहुंचता है तो भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) पुरस्कार वितरण समारोह को लेकर अजीब स्थिति में फंस सकता है क्योंकि पाकिस्तान के मोहसिन नकवी एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के प्रमुख होने के नाते फिर से मंच पर आकर यह सम्मान प्रदान कर सकते हैं। पिछले साल पहलगाम आतंकी हमले और उसके बाद दोनों देशों के बीच हुए सैन्य टकराव के कारण भारतीय पुरुष टीम ने नक़्वी से एशिया कप ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था। नक़्वी ट्रॉफी लेकर चले गए, जो अभी तक विजेता टीम को नहीं सौंपी गई है। नक़्वी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख और अपने देश के गृह मंत्री भी हैं। महिला एशिया कप 28 अगस्त से 13 सितंबर तक खेला जाएगा। भारत और पाकिस्तान को एक ही ग्रुप में रखा गया है और लीग चरण का उनका मुकाबला पांच सितंबर को होना है।

इसके बाद इन दोनों टीम का मुकाबला फाइनल में हो सकता है और ऐसे में पुरस्कार वितरण का मसला फिर से सुर्खियों में आ सकता है। अब स्वाभाविक सवाल यह उठता है कि अगर हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम महिला एशिया कप जीत जाती है और नक़्वी पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान मंच पर मौजूद होते हैं तो फिर आगे क्या होगा? क्या भारतीय महिला टीम भी सूर्यकुमार यादव और उनके साथियों की तरह नक़्वी से ट्रॉफी लेने से इनकार कर देगी? इस मामले में बीसीसीआई का रुख अभी स्पष्ट नहीं है। बोर्ड का यह स्पष्ट मत है कि दोनों टीमों के बीच किसी प्रकार की औपचारिक बातचीत नहीं होगी, लेकिन वह पुरस्कार वितरण समारोह के लिए इंतजार करने की नीति अपनाएगा। पिछले साल की तरह विवाद से बचने का एक तरीका यह हो सकता है कि नकवी स्वयं ट्रॉफी प्रदान नहीं करें और एशियाई क्रिकेट परिषद के किसी अन्य अधिकारी को यह सम्मान प्रदान करने दें। भारतीय पुरुष टीम के नकवी से ट्रॉफी लेने से इनकार करने के बाद इसे एसीसी के कार्यालय में रखा गया है। नकवी ने बाद में कहा था कि भारत एसीसी कार्यालय में आकर उनसे ट्रॉफी ले सकता है। इस गतिरोध को समाप्त करने का भी प्रयास किया गया जिसमें बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने आईसीसी की बैठक के दौरान नकवी से मुलाकात की। सैकिया ने कहा था कि दोनों पक्षों के बीच गतिरोध समाप्त हो गया है लेकिन उस समय भी ट्रॉफी का मुद्दा नहीं सुलझ पाया था। इसके बाद नक़्वी ने कहा कि भारत को उनसे ही ट्रॉफी लेनी होगी। फिलहाल सभी का ध्यान टूर्नामेंट पर केंद्रित है लेकिन अगर भारत चैंपियन बनता है तो यह मामला फिर से गर्मा सकता है।

भारतीय मिश्रित दिव्यांग टीम ने इंग्लैंड को हराने के बाद गांगुली जैसा जश्न मनाया

लंदन। भारतीय मिश्रित दिव्यांग क्रिकेट टीम ने यहां खेले गए सातवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में इंग्लैंड को 118 रन से करारी शिकस्त देने के बाद लॉर्ड्स की बालकनी में सौरव गांगुली के शर्ट लहराने वाले बहुचर्चित जश्न को दोहराया। अर्जुन गावरे की 44 गेंदों पर 68 रन और कप्तान माजिद मगरे की महज 19 गेंदों पर नाबाद 63 रन की तूफानी पारी की मदद से भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 206 रन बनाए। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम केवल 88 रन पर आउट हो गई। भारत की तरफ से हिलाल अहमद वानी ने 21 रन देकर चार और जयेश परमार ने 14 रन देकर तीन विकेट लिए। इंग्लैंड ने इस तरह से सात मैचों की श्रृंखला 4-3 से अपने नाम की। भारतीय दिव्यांग क्रिकेट परिषद (डीसीसीआई) ने लॉर्ड्स की बालकनी में खिलाड़ियों और अधिकारियों द्वारा अपने ब्लेज़र उतारने का एक वीडियो पोस्ट किया, जो 2002 में नेटवेस्ट ट्रॉफी के फाइनल में इसी मैदान पर भारत की इंग्लैंड के खिलाफ जीत के बाद गांगुली का शर्ट उतार कर जश्न मनाने की नकल थी। डीसीसीआई ने एक्स पर पोस्ट किया, जब भारत लॉर्ड्स में जीतता है, तो जश्न का माहौल ही अलग होता है। लॉर्ड्स की बालकनी पर क्रिकेट की अपार खुशी का एक पल। कोट उतारकर, जोश से भरे हुए और तिरंगा गर्व से लहराते हुए। 118 रन से जीत। एक अविस्मरणीय जश्न। मिश्रित दिव्यांग प्रारूप में शारीरिक और श्रवण सहित विभिन्न प्रकार की दिव्यांगता वाले खिलाड़ी शामिल होते हैं।

प्रज्ञानानंदा सिंकफील्ड कप में दूसरे नंबर पर : वेस्ली सो ने जीता खिताब

नयी दिल्ली। भारत के आर प्रज्ञानानंदा सिंकफील्ड कप चेस टूनार्मेंट में खिताब जीतने से चूक गए। क्लासिकल मुकाबलों के बाद प्रज्ञानानंदा और अमेरिका के वेस्ली सो 5.5-5.5 अंक के साथ संयुक्त रूप से टॉप पर रहे। इसके बाद खिताब के लिए दो रैपिड प्लेऑफ खेली गईं, लेकिन दोनों ड्रॉ रहीं। फिर आर्मगडन में भी मुकाबला ड्रॉ रहा। काले मोहरों से खेलने के कारण सो को विजेता घोषित किया गया। यह वेस्ली सो का तीसरा सिंकफील्ड कप खिताब है। उन्होंने इससे पहले 2016 और 2025 में भी यह टूनार्मेंट जीता था। उन्हें 87,500 डॉलर की पुरस्कार राशि मिली।

आर्मागडन में प्रज्ञानानंदा ने सफेद मोहरों से खेला, इसलिए उन्हें जीतना जरूरी था। सो के पास काले मोहरे थे और उनके लिए ड्रॉ पर्याप्त था। मुकाबला ड्रॉ रहा और टाईब्रेक के नियम के अनुसार काले मोहरों से खेलने वाले सो चैंपियन बन गए। सो ने प्लेऑफ की दूसरी और तीसरी बाजी में काले मोहरों से खेला। वेस्ली सो पूरे सिंकफील्ड कप में अजेय रहे। उन्होंने 12 बाजियों में 2 जीत दर्ज कीं और 10 मुकाबले ड्रॉ खेले।

यह उनका सिंकफील्ड कप में तीसरा खिताब है। इससे पहले उन्होंने 2016 और 2025 में यह ट्रॉफी जीती थी। खिताब से चूकने के बावजूद प्रज्ञानानंदा ने ग्रैंड चेस टूर फाइनल में जगह बनाई है। फाइनल में उनके साथ वेस्ली सो, फैबियानो कारुआना और विंसेंट केमर होंगे। ॠउळ फाइनल 22 अगस्त से शुरू होगा। महिलाओं के केर्न्स कप में चीन की ग्रैंडमास्टर तान झोंगयी ने 6.5 अंक के साथ दूसरी बार खिताब जीता। उन्होंने अंतिम राउंड में स्टेवरौला त्सोलाकिडो से हार के

❍ तान झोंगयी ने दूसरा केर्न्स कप जीता

बावजूद ट्रॉफी अपने नाम की।

उनकी निकटतम प्रतिद्वंद्वी अमेरिका की एलिस ली ने कैरिसा यिप के खिलाफ ड्रॉ खेला, जिससे तान का शीर्ष स्थान बरकरार रहा। तान को 65,000 डॉलर की पुरस्कार राशि मिली।

स्टेवरौला त्सोलाकिडो ने आखिरी राउंड में जीत के साथ टूनार्मेंट का समापन किया। एलिस ली ने कैरिसा यिप के खिलाफ ड्रॉ खेलकर अपने करियर का पहला ग्रैंड मास्टर नॉर्म हासिल किया। यह उपलब्धि उन्होंने 16 साल की उम्र में हासिल की। एलिस ली के ड्रॉ से तान झोंगयी को भी केर्न्स कप जीतने में मदद मिली।

संक्षेप

मेस्सी ने एक गोल किया व एक गोल में मदद की

चेस्टर (अमेरिका)। लियोनेल मेस्सी ने एक गोल किया और एक गोल करने में मदद की जिससे इंटर मियामी ने मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) में फिलाडेल्फिया यूनियन के खिलाफ मैच 2-2 से ड्रॉ खेला। बुधवार रात को खेले गए मैच में 21वें मिनट में मेस्सी के क्रॉस पर लुई सुआरेज़ ने हेडर लगाकर गेंद को फॉरवर्ड डैनियल पिंटर की ओर बढ़ाया, जिन्होंने उस पर गोल करने में कोई गलती नहीं की। इसके बाद मेस्सी ने 26वें मिनट में 12 गज की दूरी से गोल दागा। यह अपने पिता के निधन के बाद उनका पहला गोल था। मेस्सी ने इस सत्र में एमएलएस के 17 मैचों में 13 गोल और नौ असिस्ट (गोल करने में मदद) किए हैं। पहले हाफ में इंडियाना वासिलेव ने गोल करके यूनियन को बढ़त दिलाई। इसके बाद 18 वर्षीय नील पियरे ने 58वें मिनट में हेडर से गोल दागकर स्कोर बराबर किया।

जूनियर शतरंज : चक्रवर्ती जीते, विग्नेश ने ड्रॉ खेला

मुंबई। शीर्ष वरीय मयंक चक्रवर्ती ने बृहस्पतिवार को यहां एशियाई जूनियर क्लासिकल चैंपियनशिप में शानदार जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की जबकि दो प्रमुख दावेदारों विग्नेश अद्वैत वेमुला और अखिलबे इमांगली को कम रैंकिंग वाले प्रतिद्वंद्वियों ने ड्रॉ पर रोक दिया। विग्नेश को नीमाय भानुशाली ने ड्रॉ पर रोका जबकि कजाखस्तान के इमांगली को रिशान जैन के साथ अंक बांटने पड़े। लड़कियों के वर्ग के शुरुआती दौर में कुछ उलटफेर देखने को मिले। स्वरा लक्ष्मी एस नायर को उनसे काफी कम रेटिंग वली वकचेरी मोहिता ने ड्रॉ पर रोक दिया जबकि आद्या गौड़ा ने अधिक रेटिंग वाली डब्ल्यूएफएम मृत्तिका मलिक को हराया। एक अन्य उलटफेर में उज्बेकिस्तान की लिलिया बेलाया ने भारत की अपने से अधिक रेटिंग वाली अर्चिता अग्रवाल को शिकस्त दी। ओपन चैंपियनशिप में नौ महासंघों के 85 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता में छह अंतरराष्ट्रीय मास्टर और 11 फिडे मास्टर शामिल हैं जिससे यह एशिया की सबसे मजबूत जूनियर प्रतियोगिताओं में से एक बन गई है। भारत के शीर्ष वरीय अंतरराष्ट्रीय मास्टर मयंक चक्रवर्ती 2500 रेटिंग अंक के साथ शीर्ष खिलाड़ी हैं। चैंपियनशिप का उद्घाटन ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती ने किया जिन्हें प्रतिष्ठित अर्जुन पुरस्कार के लिए चुना गया है।

चैंपियनशिप : त्रीसा-गायत्री विश्व चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में

नयी दिल्ली। त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय महिला युगल जोड़ी ने बृहस्पतिवार को जापान की सातवीं वरीयता प्राप्त रिन इवानागा और की नाकानिशी को सीधे गेम में हराकर विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

भारत की गैर वरीयता प्राप्त जोड़ी ने एकतरफा मुकाबले में रिन और नाकानिशी की विश्व में सातवें नंबर की जोड़ी को 21-16 21-12 से हराया। हाल में अर्जुन पुरस्कार पाने वाली त्रीसा और गायत्री ने शुरू से अच्छा प्रदर्शन किया और अपनी प्रतिद्वंद्वी टीम को कोई मौका नहीं दिया। यह भारतीय जोड़ी 2022 और 2023 में लगातार दो वर्ष ऑल इंग्लैंड ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची थीं। इस साल की शुरुआत में त्रीसा के टखने में चोट लगने के कारण यह जोड़ी कुछ टूर्नामेंट में नहीं खेल पाई थी। उन्होंने इंडोनेशिया ओपन में वापसी की और इस महीने की शुरुआत में फिलीपीन इंटरनेशनल चैलेंज जीता। वहीं दूसरी ओर भारत की पीवी सिंधु बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप से बाहर हो गई हैं। उन्हें विमेंस सिंगल्स के राउंड ऑफ 16 मैच में चीन की वांग झी यी ने 11-21, 21-15, 17-21 से हराया। यह मैच एक घंटे 28 मिनट चला। नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में चल रही चैंपियनशिप में गुरुवार को तीसरी सीड चीन की खिलाड़ी क्रैप्स से परेशान दिखीं। इसके बावजूद उन्होंने भारतीय स्टार सिंधु को हरा दिया।

नोएडा किंग्स ने गोरखपुर लायंस को हराया

खेल संवाददाता

लखनऊ। मैन ऑफ द मैच कार्तिक सिद्धू (3 विकेट, 17 रन) के आलराउंड खेल से नोएडा किंग्स ने यूपी टी-20 लीग सीजन-4 पावर्ड बाई विमल इलायची और एनसीएस के गुरुवार को खेले गए पहले मैच में गौर गोरखपुर लायंस को रोमांचक मुकाबले में तीन विकेट से पराजित किया। भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट

❍ 185 रन का लक्ष्य, आखिरी गेंदों में रोमांच और अनिवेश का तूफान, नोएडा किंग्स ने मारी बाजी

स्टेडियम में खेले जा रहे मुकाबले में गौर गोरखपुर लायंस ने नोएडा किंग्स के सामने 20 ओवर में नौ विकेट पर 185 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। जवाब में नोएडा किंग्स ने रवि सिंह (49), आदित्य शर्मा (39) व अनिवेश चौधरी (नाबाद 34) की पारियों से 19.5 ओवर में सात विकेट पर 186 रन बनाते हुए जीत अपने नाम की। मैच की औपचारिक शुरूआत डॉ. राजशेखर (आईएएस, प्रबंध निदेशक, उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ) ने पारंपरिक ढंग से घंटा बजाने की रस्म के साथ की। डॉ. राजशेखर ने कहा कि यूपी टी-20 लीग प्रदेश में क्रिकेट प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के साथ युवाओं में खेल के प्रति उत्साह बढ़ाने का अच्छा माध्यम बन रही है। ऐसे मंच युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और अनुभवी खिलाड़ियों से सीखने का अवसर देते हैं।

प्रदेश में खेलों के विकास के लिए इस तरह के आयोजनों की निरंतरता जरूरी है। यूपी टी-20 लीग गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन डॉ. संजय कपूर ने

❍ यूपी टी-20 लीग सीजन-4 पावर्ड बाई विमल इलायची और एनसीएस

कहा कि लीग के हर मुकाबले के साथ रोमांच और प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है। हमारा प्रयास है कि खिलाड़ियों को बेहतर मंच और सुविधाएं मिलें, ताकि वे अपनी प्रतिभा को निखारकर आगे बढ़ सकें।

विक्टर लाई की नजर विश्व नंबर एक स्थान पर

नयी दिल्ली। विक्टर लाई का लक्ष्य दुनिया का नंबर एक खिलाड़ी बनना है लेकिन कनाडा के इस शटलर को यह भी अच्छी तरह से मालूम है कि शीर्ष पर पहुंचना आसान नहीं है। यह 21 वर्षीय खिलाड़ी साल की शुरुआत में 22वें स्थान पर था लेकिन अब वह सातवें नंबर पर पहुंच गए हैं। लाई ने बृहस्पतिवार को विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप में अपने मैच के बाद कहा, निश्चित रूप से मेरा लक्ष्य विश्व का नंबर एक खिलाड़ी बनना है। अभी मैं सातवें नंबर पर हूं और मुझे इसके लिए अभी लंबा रास्ता तय करना है। उन्होंने कहा जो दिग्गज खिलाड़ी लंबे समय से शीर्ष पर बने हुए हैं।

चोपड़ा व पथिरागे में होगी भिड़ंत

एजेंसी

लुसाने। भारत के भाला फेंक के दिग्गज खिलाड़ी नीरज चोपड़ा और श्रीलंका के उभरते सितारे रमेश पथिरागे शुक्रवार को लुसाने डायमंड लीग में फिर से आमने सामने होंगे, जिसमें भारतीय खिलाड़ी डायमंड लीग फाइनल में जगह बनाने की कोशिश करेगा। ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में पथिरागे ने स्वर्ण और चोपड़ा ने रजत पदक जीता था। इसके तीन सप्ताह बाद ये दोनों खिलाड़ी फिर से एक-दूसरे के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगे। 23 वर्षीय पथिरागे इस सत्र में

❍ लुसाने डायमंड लीग

अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में हैं। उन्होंने दोहा और रोम डायमंड लीग में जीत हासिल करने के अलावा ग्लास्गो में 89.75 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक भी जीता है। जून में रोम में 92.62 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ उन्होंने 90 मीटर का प्रतिष्ठित आंकड़ा भी पार किया। श्रीलंकाई खिलाड़ी ने इस सत्र में अब तक जिन नौ प्रतियोगिताओं में भाग लिया है, उनमें से आठ में जीत हासिल की है। वह पहले ही डायमंड लीग फाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं। दूसरी तरफ चोपड़ा पिछले साल सितंबर से पीठ के निचले हिस्से की चोट से परेशान रहे हैं। इसके कारण उनकी वापसी दोहा में आयोजित डायमंड लीग तक टल गई थी। ग्लास्गो में वह पूरी तरह से फिट नहीं थे, लेकिन फिर भी 85.83 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ रजत पदक जीतने में सफल रहे। इस 28 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने राष्ट्रमंडल खेलों के बाद कहा था, मैं यह नहीं कह सकता कि मेरी फिटनेस पहले जैसी है। लेकिन मैं धीरे-धीरे उसे हासिल करने की तरफ बढ़ रहा हूं।

राष्ट्रमंडल खेलों के बाद चोपड़ा स्विट्जरलैंड के बील चले गए थे, जहां वह अपने बचपन के कोच जयवीर चौधरी और फिजियो ईशान मारवाह के साथ अभ्यास कर रहे थे। मौजूदा विश्व चैंपियन अरशद नदीम और जर्मनी के यूरोपीय चैंपियन जूलियन वेबर के हटने से लुसाने डायमंड लीग की चमक कुछ फीकी पड़ गई है। नदीम 2024 के ओलंपिक में 92.97 मीटर के रिकॉर्ड थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीतने के बाद से संघर्ष कर रहे हैं। इस सत्र में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 78.63 मीटर रहा है। उन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों में 77.41 मीटर के साथ नौवां स्थान हासिल किया था। वेबर ने बर्मिंघम में यूरोपीय चैंपियनशिप में 90.40 मीटर भाला फेंककर स्वर्ण पदक जीता था। त्रिनिदाद और टोबैगो के मौजूदा विश्व चैंपियन केशोर्न वालकॉट और ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स की मौजूदगी के कारण अब भी मुकाबला कड़ा है। अमेरिका के विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता कर्टिस थॉम्पसन और चेक गणराज्य के ओलंपिक रजत पदक विजेता जैकब वाडलेज भी इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले नौ खिलाड़ियों में शामिल हैं। चोपड़ा के लिए सत्र के आखिर में होने वाले डायमंड लीग फाइनल की रैंकिंग में ऊपर पहुंचने के लिए लुसाने में होने वाली प्रतियोगिता महत्वपूर्ण है। वह फिलहाल छह अंकों के साथ सातवें स्थान पर हैं। रैंकिंग में शीर्ष छह खिलाड़ी चार और पांच सितंबर को ब्रुसेल्स में होने वाले डायमंड लीग फाइनल में भाग लेंगे।

दूसरे टेस्ट में सारांश को मिल सकता है मौका

कोलंबो। गॉल स्टेडियम में पांचवें दिन की पिच स्पिन गेंदबाजी के लिए अच्छी थी और कुलदीप यादव इसका फायदा उठा सकते थे। लेकिन उन्होंने 11 ओवर में 38 रन देकर एक भी विकेट नहीं लिया। इससे साफ दिखा कि भारतीय कप्तान शुभमन गिल की नजर में कुलदीप तीसरे स्पिन गेंदबाज थे। उनसे पहले रविंद्र जडेजा और मानव सुथार ने गेंदबाजी की। दोनों ने मिलकर 46.4 ओवर किए और 14 विकेट लिए। कुलदीप के खराब प्रदर्शन के लिए कप्तान या टीम प्रबंधन को दोष देना आसान है कि उन्होंने इस गेंदबाज पर पर्याप्त भरोसा नहीं दिखाया। कुलदीप को मिले 11 ओवरों में भी वह ऐसा प्रदर्शन नहीं कर पाए जिससे उन्हें ज्यादा गेंदबाजी दी जाती।

सबालेंका को सारा बेजलेक ने हराया

मेसन (अमेरिका)। बारिश के कारण दूसरे सेट के 7वें गेम में मैच 90 मिनट तक रुका रहा। सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में बुधवार को दो बड़े उलटफेर देखने को मिले। विमेंस सिंगल्स में दुनिया की नंबर-1 खिलाड़ी आर्यना सबालेंका को चेक गणराज्य की 18 साल की सारा बेजलेक ने 7-6, 6-4 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। वहीं, मेंस सिंगल्स में दुनिया के नंबर-3 खिलाड़ी एलेक्जेंडर ज्वेरेव को अमेरिका के टॉमी पॉल ने 4-6, 7-6, 6-4 से शिकस्त देकर बाहर कर दिया। पॉल फिलहाल वर्ल्ड रैंकिंग में 25वें नंबर पर हैं। दूसरी ओर, डिफेंडिंग चैंपियन इगा स्वियातेक ने फ्रांस की डियान पैरी को सीधे सेटों में 6-3, 6-3 से हराकर क्वार्टर फाइनल में।

Viraj

आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाउस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

वंदे मातरम् के सिर्फ दो अंतरे गाने का फैसला राष्ट्र विरोधी : शाह

एजेंसी

चेन्नई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि वंदे मातरम् के केवल दो अंतरे गाने का पार्टी का फैसला राष्ट्र-विरोधी है तथा इसका मकसद कानून की खुली अवहेलना कर वोट बैंक के लिए तुष्टीकरण करना है। शाह ने राष्ट्रगीत को पूरा गाने के बजाय केवल दो अंतरे गाने के कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) के फैसले का उल्लेख करते हुए देश के विभाजन के इतिहास का जिक्र किया और कहा कि वंदे मातरम् के टुकड़े करने के कारण देश को इसके परिणाम भुगतने पड़े।

शाह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, कांग्रेस कार्यसमिति ने वंदे मातरम् के पूर्ण गान की जगह केवल दो अंतरे गाने का जो फैसला किया है, वह न केवल देश विरोधी है बल्कि संसद के बनाए कानून की खुली अवहेलना भी है। शाह ने एक्स पर कहा, कांग्रेस ने ही 1937 में तुष्टीकरण के लिए वंदे मातरम् के दो टुकड़े किए। वहीं से दो-राष्ट्र सिद्धांत को ताकत मिली और देश का विभाजन हुआ। उन्होंने कहा वंदे मातरम् के 150वें वर्ष पर (प्रधानमंत्री नरेन्द्र) मोदी (के नेतृत्व वाली) सरकार ने यह ऐतिहासिक गलती सुधारी और पूर्ण गान को कानूनी स्वरूप दिया लेकिन राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस फिर उसी वोट बैंक के लिए तुष्टीकरण के रास्ते पर है।

उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् के टुकड़े करने की गलती एक बार हो चुकी है और देश उसके परिणाम भुगत चुका है। उन्होंने कहा, देशवासियों से यह अपील है कि कांग्रेस के इस तुष्टीकरण के खिलाफ एकजुट होकर आवाज बुलंद करें।

कांग्रेस की शीर्ष नीति निर्धारक इकाई कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) ने बुधवार को अपने 1937 के प्रस्ताव को मानने का फ़ैसला किया। इसके तहत अब पार्टी के सभी कार्यक्रमों में वंदे मातरम् के सिर्फ दो ही अंतरे गाये जायेंगे।

सन्देश

वॉयस ऑफ लखनऊ हिन्दी दैनिक विकास खण्ड पिपरौली व विकास खण्ड गीडा तहसील के सभी सुधी पाठकों, मित्रों एवं विज्ञापन दाताओं को स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षा बन्धन की हार्दिक शुभकामनाएं
यजुगेन्द्र श्रीवास्तव
संवाददाता-गीडा

आप सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षा बन्धक की हार्दिक शुभकामनाएं

नागेन्द्र यादव
ग्राम प्रधान प्रतिनिधि
बरहुआ
विकास खण्ड पिपरौली
(गोरखपुर)

आप सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षा बन्धक की हार्दिक शुभकामनाएं

अरुण पासवान
ग्राम प्रधान प्रतिनिधि
रामपुर मलौली
विकास खण्ड पिपरौली
(गोरखपुर)

आप सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षा बन्धक की हार्दिक शुभकामनाएं

विनिता सिंह
ग्राम प्रधान-सरया
विकास खण्ड पिपरौली (गोरखपुर)
गंगेश्वर सिंह
ग्राम प्रधान प्रतिनिधि
विकास खण्ड पिपरौली (गोरखपुर)

आप सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षा बन्धक की हार्दिक शुभकामनाएं

धनंजय सिंह
ग्राम प्रधान-भौवापार
विकास खण्ड
पिपरौली (गोरखपुर)

आप सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षा बन्धक की हार्दिक शुभकामनाएं

ऋषिकेश जायसवाल

ग्राम प्रधान-खोरठा
विकास खण्ड
पिपरौली (गोरखपुर)

आप सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षा बन्धक की हार्दिक शुभकामनाएं

बरसाती देवी
ग्राम प्रधान-बड़गहन
विकास खण्ड
पिपरौली (गोरखपुर)

आप सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षा बन्धक की हार्दिक शुभकामनाएं

मुरारी मौर्य

ग्राम प्रधान-नेवास
विकास खण्ड
पिपरौली (गोरखपुर)

आप सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षा बन्धक की हार्दिक शुभकामनाएं

मान सिंह
ग्राम प्रधान-साथीपार
विकास खण्ड
पिपरौली (गोरखपुर)

आप सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षा बन्धक की हार्दिक शुभकामनाएं

अमित पाण्डेय

प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत
भिलोरा खुर्द
विकास खण्ड
पिपरौली
(गोरखपुर)

आप सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षा बन्धक की हार्दिक शुभकामनाएं

मिथिलेश निषाद
ग्राम प्रधान-हरैया
विकास खण्ड पिपरौली
(गोरखपुर)

आप सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षा बन्धक की हार्दिक शुभकामनाएं

संजय दूबे
पूर्व ब्लॉक प्रमुख
विकास खण्ड
पिपरौली
गोरखपुर


आप सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षा बन्धक की हार्दिक शुभकामनाएं

राजीव रंजन सिंह उर्फ

लल्ला सिंह
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत
बनौड़ा
विकास खण्ड
पिपरौली
(गोरखपुर)

आप सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षा बन्धक की हार्दिक शुभकामनाएं

अनिल यादव
ग्राम प्रधान-नन्दापार
विकास खण्ड
पिपरौली (गोरखपुर)

आप सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षा बन्धक की हार्दिक शुभकामनाएं

पारस साहनी
ग्राम प्रधान-तालनवर
विकास खण्ड
पिपरौली (गोरखपुर)

आप सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षा बन्धक की हार्दिक शुभकामनाएं

गोविन्द कुमार
ग्राम प्रधान-राउतपार
उर्फ सरैया
विकास खण्ड
पिपरौली (गोरखपुर)

आप सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षा बन्धक की हार्दिक शुभकामनाएं

सर्वजीत साहनी

ग्राम प्रधान-खानिमपुर
विकास खण्ड
पिपरौली (गोरखपुर)

आप सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षा बन्धक की हार्दिक शुभकामनाएं

राजू निषाद
ग्राम प्रधान-पेवनपुर
विकास खण्ड
पिपरौली (गोरखपुर)

आप सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षा बन्धक की हार्दिक शुभकामनाएं

अरूण शुक्ला
ग्राम प्रधान-पिछौरा
विकास खण्ड
पिपरौली (गोरखपुर)

आप सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षा बन्धक की हार्दिक शुभकामनाएं

जगदीश सिंह
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत- कलानी खुर्द
विकास खण्ड
पिपरौली (गोरखपुर)

आप सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षा बन्धक की हार्दिक शुभकामनाएं

पूनम देवी पत्नी
नरेन्द्र कुमार साहनी

ग्राम प्रधान -जोतबगही
विकास खण्ड
पिपरौली (गोरखपुर)

आप सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षा बन्धक की हार्दिक शुभकामनाएं

आलोक पाण्डेय
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत
खोरिया भिटी
विकास खण्ड
पिपरौली
(गोरखपुर)

आप सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षा बन्धक की हार्दिक शुभकामनाएं

श्रीमती रीता देवी
ग्राम प्रधान-बाघागाड़ा
विकास खण्ड पिपरौली
(गोरखपुर)

आप सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षा बन्धक की हार्दिक शुभकामनाएं

उपेन्द्र कुमार गौड़

जिलाध्यक्ष एस.टी. मोर्चा भाजपा
ग्राम प्रधान प्रतिनिधि
जैतपुर
विकास खण्ड
पिपरौली (गोरखपुर)

आप सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षा बन्धक की हार्दिक शुभकामनाएं

शैलेंद्र प्रताप सिंह
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत
भगवानपुर
विकास खण्ड
पिपरौली
(गोरखपुर)

आप सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षा बन्धक की हार्दिक शुभकामनाएं

विवेक प्रताप शाही

पूर्व ग्राम प्रधान/
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत-
जंगल दीर्घन सिंह
विकास खण्ड
पिपरौली
(गोरखपुर)

आप सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षा बन्धक की हार्दिक शुभकामनाएं

काली प्रसाद सिंह
ग्राम प्रधान प्रतिनिधि-छपिया
विकास खण्ड पिपरौली (गोरखपुर)
जनता पशु बाजार छपिया
कालेसर-जगदीशपुर फोरलेन
बाईपास, तेनुआ टोल प्लाजा से 2 किमी आगे बांए तरफ